राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 44
लखनऊ, रविवार 29 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

स्वतंत्रता के लिए भगत सिंह का त्याग और समर्पण सदा अमर रहेगा : योगी 03

डिजिटल क्रांति ने पूर्वोत्तर में आमजन के जीवन को सरल बनाया : बिरला 12

संक्षिप्त समाचार

नड्डा ने पैरालंपिक खिलाड़ियों को किया सम्मानित

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित पैरालंपिक खिलाड़ी सम्मान और सदस्यता अभियान समारोह के तहत पैरालंपिक खिलाड़ियों को सम्मानित किया। साथ ही 20 चर्चित खिलाड़ियों को भाजपा की सदस्यता भी दिलाई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि मैं पैरालंपिक खिलाड़ियों को सम्मानित कर खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं। उन्होंने कहा कि जीवन मे ऐसा बहुत कम समय आता हैं जब इतना बड़ा काम करने का अवसर मिलता है। इस समारोह में पेरिस पैरालिंम्पिकस मेडल प्राप्त खिलाड़ी शैलेश कुमार और शरद कुमार को तथा अंतरराष्ट्रीय मेडल प्राप्त खिलाड़ी गजेंद्र कुमार, अमिसा प्रकाश, सिंटू कुमार, मोहम्मद शमीम, मानसी, ऑब्जर्वर शिवाजी कुमार सहित 108 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

पुलिस ने 28 लाख कीमत की अवैध मार्फीन किया बरामद

लखनऊ। थाना बड्डूपुर पुलिस टीम ने 1 मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर कब्जे से 28 लाख रुपये कीमत की अवैध मार्फीन बरामद की है। पकड़े गए तस्कर को जेल भेज दिया है। शनिवार को मादक पदार्थ तस्कर के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बड्डूपुर पुलिस द्वारा बाबादीन उर्फ मो. अहमद पुत्र हामिद निवासी ग्राम सोहीपुर दीपपनाह थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी को ग्राम कतुरीकला के पास से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से 280 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद की। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 28 लाख रुपये बताई गई है।

उड़ीसा सरकार ने 48 घंटे के लिए निलंबित की इंटरनेट सेवाएं

भद्रक। भद्रक जिले में सोशल मीडिया पोस्ट के कारण हुई हिंसक घटनाओं को देखते हुए ओडिशा सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। इंटरनेट सेवाओं के निलंबन का उद्देश्य स्थिति को और अधिक बिगड़ने से रोकना और शांति बनाए रखना है। ओडिशा के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) सत्यब्रत साहू की ओर से शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि भड़काऊ संदेशों के प्रसार को रोकने के लिए पूरे जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं।

जम्मू-कश्मीर में बनेगी भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार : मोदी

एजेंसी

जम्मू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में ऐतिहासिक चुनाव हो रहे हैं, क्योंकि पहली बार केंद्र शासित प्रदेश में पूर्ण बहुमत वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनेगी।

श्री मोदी ने यह भी कहा कि सितंबर 2016 में हुई सर्जिकल स्ट्राइक ने भारत के दुश्मनों को हिलाकर रख दिया है और अब कोई भी देश के खिलाफ साजिश रचने की हिम्मत नहीं करेगा, क्योंकि 'आतंकवाद के आकाओं को पता है कि मोदी उन्हें कहीं भी छुपकर ढूंढ निकालेंगे।

प्रधानमंत्री ने जम्मू में विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनकी आखिरी चुनावी रैली है, क्योंकि एक अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में चुनाव खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा, आज 28 सितंबर है, पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक सर्जिकल स्ट्राइक की सालगिरह। इसी दिन हमने दुश्मनों को उनके घरों में घुसकर मारा और दुनिया को दिखाया कि यह नया भारत है, जिसे अब और हल्के में नहीं लिया जा सकता।

सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के समर्थकों को सबक सिखाया

प्रधानमंत्री ने कहा, वर्ष 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के समर्थकों को सबक सिखाया है कि भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत कोई नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई भारत के खिलाफ कोई हरकत करता है, तो मोदी सरकार उन्हें कहीं भी छुप जाने की जगह नहीं देगी और उन्हें सबक सिखाएगी। इस बयान में प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि वर्ष 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को दिखाया है कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है और अपने दुश्मनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इतनी गिर गई है कि उसने सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा। उन्होंने पूछा, क्या वे वोट के लायक हैं?

उन्होंने कहा कि 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के आकाओं को सबसे बड़ा सबक सिखाया है क्योंकि अब कोई भी भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती भी है। उन्होंने कहा,÷आज मैं इस शहीद नायक को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। श्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों के दौरान उन्होंने चुनावी रैलियों को संबोधित करने के लिए जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों की यात्रा की। उन्होंने कहा, मैं जहां भी गया, मैंने लोगों में भाजपा के प्रति बहुत उत्साह देखा। जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) से थक चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि लोग नहीं चाहते कि पुराने बुरे दिन लौटें, जब भ्रष्टाचार अपने चरम पर था, पिछले दरवाजे से नियुक्तियां की जा रही थीं।

प्रधानमंत्री आज महाराष्ट्र को देंगे विभिन्न परियोजनाओं की सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 सितंबर को दोपहर लगभग 12ः30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री जिला न्यायालय से स्वर्गेट तक पुणे मेट्रो खंड का उद्घाटन करेंगे, जो पुणे मेट्रो रेल परियोजना (चरण-1) के पूरा होने का भी प्रतीक होगा। जिला न्यायालय से स्वर्गेट के बीच भूमिगत खंड की लागत लगभग 1,810 करोड़ है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री पुणे मेट्रो फेज-1 के स्वर्गेट-कात्रज एक्सटेंशन की आधारशिला रखेंगे, जिसे करीब 2,955 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। करीब 5.46 किलोमीटर लंबा यह दक्षिणी विस्तार पूरी तरह से भूमिगत है, जिसमें मार्केट यार्ड, पद्मावती और कात्रज जैसे तीन स्टेशन हैं। प्रधानमंत्री बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जो भारत सरकार के राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 7,855 एकड़ में फैली एक परिवर्तनकारी परियोजना है। यह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर से 20 किमी दक्षिण में स्थित है।

नेपाल में लगातार हो रही बारिश से 50 से अधिक लोगों की मौत

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में के विभिन्न हिस्सों में हो रही लगातार बारिश के कारण पिछले 12 घंटे में 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। बाढ़ में फंसे एक हजार से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। पिछले 24 घंटे में अब तक 1200 से अधिक घर पूरी तरह से पानी में बह गये हैं। राहत और बचाव कार्य में जुटे सशस्त्र प्रहरी बल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पिछले 12 घंटे में ही देशभर में अब तक 55 लोगों की मौत हो गई है।

रेस्क्यू ऑपरेशन का समन्वय कर रहे सशस्त्र प्रहरी के डीआईजी पुरुषोत्तम थापा ने कहा कि मरने वालों में सबसे अधिक काठमांडू में ही हैं। थापा के मुताबिक राजधानी काठमांडू में ही सिर्फ 32 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि काठमांडू के अलावा ललितपुर में 16, भक्तपुर में 5, काभ्रे में 6, सिंधुपालचोक में 2, पांचथर में 5, धनकुटा में 2 तथा कुछ अन्य जिलों में 1-1 लोगों की मौत हो गई है। थापा ने बताया कि बाढ़ की चपेट में फंसे 1053 लोगों अब तक जीवित बचाए जा चुके हैं। इसके अलावा भूस्खलन में अब तक 15 लोग लापता बताए गए हैं। बाढ़ के कारण सबसे अधिक नुकसान काठमांडू और आसपास के क्षेत्रों में हुआ है। यहां बाढ़ के कारण हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

डीआईजी थापा ने बताया कि आज दोपहर तक 1200 से अधिक घरों को पूरी तरह नुकसान पहुंचा हैं। काठमांडू जिले के 244 घर बाढ़ के पानी में बह गए हैं पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण देश के 46 जिलों में इसका बहुत अधिक असर देखने को मिला है। लगातार की बारिश के कारण देश के आधे से अधिक जिलों में बिजली की सप्लाई बंद है। पूरे देश में इंटरनेट सेवाएं बाधित हैं। काठमांडू को अन्य जिलों से जोड़ने वाले सभी राजमार्ग बंद है।

डेंगू बुखार के लिए 'डेंगीआल' टीके का परीक्षण शुरू

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में शनिवार को डेंगू बुखार से बचाव के लिए 'डेंगीआल' टीके का मानव परीक्षण शुरू किया गया। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और पैनेशिया बायोटेक के सहयोग से विकसित डेंगीआल टीके का यह तीसरा परीक्षण 'मानव परीक्षण' देशभर में 19 स्थानों पर किया रहा है। दिल्ली में एकमात्र डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल का चयन किया गया है। परीक्षण के लिए देशभर में 10 हजार 335 स्वस्थ व्यक्तियों का चयन किया गया है। इन सभी को डेंगू का टीका दिया जायेगा। प्रत्येक केंद्र पर 545 व्यक्ति हैं।

मुंबई में आतंकी हमले का अलर्ट पुलिस ने शहर में बढ़ाई सुरक्षा

एजेंसी

▸ ड्रोन-पैराग्लाइडर और एयर बैलून उड़ाने पर रोक

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आतंकी हमले का लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई पुलिस ने कुछ उपकरणों के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी है। साथ ही शहर में सुरक्षा-व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है।

मुंबई पुलिस ने ड्रोन कैमरा, माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, पैरा मोटर, हैंग ग्लाइडर, हॉट एयर बैलून समेत आसमान में उड़ने वाली सभी चीजों पर प्रतिबंध लगाया है। इसके अलावा शहर के सभी धार्मिक स्थलों और भीड़-भाड़ वाली जगहों की भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। केंद्रीय एजेंसियों ने मुंबई पुलिस को निर्देश देते हुए कहा है कि छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास सुरक्षा-व्यवस्था के इंतजाम किए जाएं। इस दौरान ड्रोन कैमरा, माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, पैरा मोटर, हैंग ग्लाइडर, हॉट एयर बैलून समेत आसमान में उड़ने वाली चीजों और लेजर बीम रोशनी के इस्तेमाल की जांच की जाए।

चार बेटियों के साथ पिता ने की खुदकुशी

नई दिल्ली। रंगपुरी गांव में एक शख्स ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी चार बेटियों के साथ खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को फ्लैट का ताला तोड़कर शवों को बाहर निकाला। चारों बेटियां दिव्यांग होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ थीं और पत्नी की मौत के बाद हीरालाल अपनी बेटियों की हालत देखकर पूरी तरह से टूट चुका था। उसने बच्चियों को सल्फास खिलाकर खुद भी जान दे दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 50 वर्षीय हीरालाल परिवार के साथ रंगपुरी गांव में किराये के मकान में रहता था। वह मूल रूप से बिहार के छपरा जिले के मसरख गांव का रहने वाला था। उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो गई थी।

स्कूल की तरक्की के लिए छात्र की बलि देने में मालिक समेत पांच लोग गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले की सादाबाद तहसील क्षेत्रान्तर्गत एक आवासीय स्कूल के मालिक ने अपने स्कूल को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए 11 साल के कृतार्थ नामक एक छात्र की कथित तौर पर बलि दे दी। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें स्कूल मालिक, निदेशक, प्रधानाचार्य और दो शिक्षक हैं। पुलिस का दावा है कि स्कूल प्रबंधक के तांत्रिक पिता ने इस वारदात को अंजाम दिया। क्योंकि उसका मानना था कि बच्चे की बलि देने से स्कूल की तरक्की होगी। पुलिस ने पिता की कार से ही बच्चे का शव बरामद किया था।

पुलिस ने 26 सितम्बर को घटना का खुलासा करते हुए बताया था कि यह घटना 23 सितम्बर की है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार कृतार्थ की हत्या गला दबाकर की गई है। उसके गले पर चोट के निशान थे। बच्चे के पिता की तहरीर पर प्रबंधक दिनेश बघेल सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के पीछे का सही कारण जानने के लिए अब पुलिस इन्हें रिमांड पर लेने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि सहपऊ थाना क्षेत्र के चुरसेन निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर श्रीकृष्ण का बेटा कृतार्थ (11) रसगवां गांव के डीएल पब्लिक आवासीय विद्यालय में कक्षा दो में पढ़ता था।

औद्योगिक विकास को गति देने में मील का पत्थर साबित हो रहा यूपीआईटीएस

समृद्धि न्यूज

▸ औद्योगिक गति को तेजी देने का सशक्त माध्यम बन रहा है ट्रेड शो

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए संकल्पित योगी सरकार द्वारा औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में किए गए प्रयास मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इन्हीं प्रयासों में से एक यूपीआईटीएस 2024 भी है।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसके संस्करण के अंतर्गत शनिवार को सूचना विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने स्टॉल्स का अवलोकन किया। पांच दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन प्रमुख सचिव (सूचना विभाग) संजय प्रसाद ने भ्रमण के दौरान इंडिया एक्सपो मार्ट में लगाए गए सूचना विभाग समेत विभिन्न विभागों के स्टालों का दौरा किया। साथ ही, स्टालों पर उपस्थित उद्यमियों से उन्होंने संवाद कायम किया और आयोजन के जरिए प्राप्त हो रहे अवसरों को लेकर चर्चा की। भ्रमण व अवलोकन के दौरान उद्यमियों ने संजय प्रसाद को आयोजन के माध्यम से कारोबार में बढ़ोतरी, व्यापक मार्केट तक पहुंच और आय में बढ़ोत्तरी जैसे विषयों की जानकारी दी। वह व्यापार को लेकर प्रगति के लिए भी आशान्वित दिखे।

अदालत ने सीतारमण के खिलाफ जबरन वसूली के आरोप में एफआईआर दर्ज करने के दिए आदेश

एजेंसी

बेंगलुरु। बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ जबरन वसूली के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। यह मामला चुनावी बॉन्ड से संबंधित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राजनीतिक फंडिंग के नाम पर अवैध वसूली की गई।

इस निर्णय ने न केवल राजनीतिक गलियारों में हलचल मचाई है, बल्कि यह भारतीय राजनीति में फंडिंग पारदर्शिता के मुद्दे को भी उजागर करता है। इस मामले की शुरुआत तब हुई जब आदर्श अय्यर, जो जनाधिकार संघर्ष

संगठन के सदस्य हैं, ने निर्मला सीतारमण और कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ एक निजी शिकायत (पीसीआर) दर्ज की। शिकायत में आरोप लगाया गया कि चुनावी बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक दलों को दिए गए दान के नाम पर जबरन वसूली की गई थी। अय्यर का कहना है कि यह वसूली न केवल अनैतिक है, बल्कि यह में राजनीतिक दलों को इस फंडिंग के लिए जवाबदेह ठहराया जा सकता है। विपक्षी दलों ने इसे सरकार के भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी कमजोर कर रही है। चुनावी बॉन्ड योजना को 2018 में भारत सरकार द्वारा लागू किया गया था। इसका उद्देश्य राजनीतिक दलों को नकद दान की जगह एक अधिक पारदर्शी और वैध तरीके से फंडिंग प्रदान करना था।

हालांकि, इस योजना की एक बड़ी समस्या यह थी कि इसके तहत किए गए दान का खुलासा नहीं किया जाता था। इसने आलोचकों को यह सवाल उठाने का मौका दिया कि क्या वास्तव

परिवहन विभाग में 53 अफसरों पर गिरी कार्रवाई की गाज, हड़कंप

समृद्धि न्यूज

▸ प्रशमन शुल्क का लक्ष्य 53 जिलों में नहीं प्राप्त कर सके अफसर

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग में काम करने वाले अधिकारियों पर योगी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की हैं। योगी सरकार ने 53 जिलों के एआरटीओ प्रवर्तन के खिलाफ एक्शन लिया है, जिससे परिवहन विभाग में हड़कंप मच गया हैं।

अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन एके सिंह के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्रदेश के 53 जिलों में प्राप्त नहीं किया जा सका हैं जिसके कारण कार्रवाई हुई हैं। सरकार के आदेश के बाद इन अधिकारियों के सितंबर महीने का वेतन रोक दिया गया हैं। एआरटीओ प्रवर्तन का सितंबर महीने का वेतन रोके जाने का निर्णय मुख्यालय स्तर से लिया गया है, जिससे अधिकारियों की परेशानी बढ़ गई हैं। अपर परिवहन आयुक्त ने बताया कि शासन और मुख्यालय के आदेश के बावजूद फील्ड में तैनात प्रवर्तन अधिकारी अपने जिलों में प्रशमन शुल्क प्राप्ति में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जो शासन और मुख्यालय के निर्देशों की अवहेलना है। इसके कारण इनका वेतन रोक दिया गया है।

आईपीएल में अनुबंध के अलावा हर मैच के लिए मिलेंगे साढ़े सात लाख

मुबंई । इंडियन प्रीमियर लीग के मेगा आक्शन की तैयारियों के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने ऐलान किया है कि फ्रेंचाइजी के खिलाड़ियों को अनुबंध के अतिरिक्त हर मैच के लिये साढ़े सात लाख रुपये मैच फीस के तौर पर दिये जायेंगे। शाह ने शनिवार शाम एक्स पर पोस्ट किया आईपीएल में निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम में, हम अपने क्रिकेटरों के लिए प्रति गेम 7.5 लाख रुपये की मैच फीस शुरू करने से रोमांचित हैं। एक सीज़न में सभी लीग मैच खेलने वाले क्रिकेटर को उनकी अनुबंधित राशि के अतिरिक्त 1.05 करोड़ रूपये अतिरिक्त मिलेंगे।

प्रस्ताव : अब अयोध्या में अफीम कोठी के पास सरकार बनाएगी रामलला पार्क

▸ 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर लिगेसी वेस्ट का 2.5 करोड़ से निस्तारण

समृद्धि न्यूज

अयोध्या। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इन प्रयासों के तहत अब अयोध्या में रामलला पार्क के निर्माण का प्रस्ताव सामने आया है। इस पार्क के लिए प्रस्तावित स्थल को पहले से ही वेटलैंड (आर्द्रभूमि) में बदल दिया गया है।

सरकार के एक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि अयोध्या में कूड़े के निस्तारण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसी दिशा में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर अफीम कोठी के पास लिगेसी वेस्ट (पुराना कचरा) का निस्तारण किया गया है।

पहले चरण में 68,200 मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण हो चुका है। निस्तारित भूमि का क्षेत्रफल 775 एकड़ बताया गया है। इस भूमि को अब पूर्व की भांति वेटलैंड में बदल दिया गया है। अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत यहां रामलला पार्क का निर्माण प्रस्तावित है। लिगेसी वेस्ट के निस्तारण का काम 6 अप्रैल 2023 से शुरू हुआ था। नगर विकास विभाग द्वारा इसके लिए 2.54 करोड़ रुपये का फंड स्वीकृत किया गया था। इस कार्य का समापन 31 जुलाई 2024 को हुआ। कार्यदायी संस्था नगर निगम थी।

जानिए, क्या है पूरा प्लान

लिगेसी वेस्ट, यानी पुराने कूड़े का निस्तारण पर्यावरण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस कचरे में कंक्रीट, पॉलिथीन, रबड़, कांच, मिट्टी आदि मिश्रित होते हैं, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। लिगेसी वेस्ट प्लांट पुराने कचरे से कंक्रीट, पॉलिथीन और मिट्टी को अलग करेगा। इसके अलावा, इससे निकलने वाला आरडीएफ (जलने योग्य कचरा) को सीमेंट फैक्ट्रियों को बेचा जा सकेगा, जिससे राजस्व प्राप्त होगा। इस प्रक्रिया से कूड़े की वजह से बेकार पड़ी भूमि का पुनः उपयोग हो सकेगा और अन्य स्थानों पर पड़े पुराने कचरे का भी निस्तारण संभव हो पाएगा, जिससे वहां की भूमि भी इस्तेमाल के योग्य हो सकेगी।

कुलगाम मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, चार सैन्यकर्मी पुलिस अधिकारी घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। इससे पहले शुरुआती गोलीबारी में सेना के चार जवान और एक पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आदिगाम देवसर कुलगाम में आज तड़के उस समय गोलीबारी शुरू हो गई जब संयुक्त बल इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रहे थे। दक्षिण कश्मीर के उप महानिरीक्षक जाविद अहमद मट्टू ने कहा कि कुलगाम में संयुक्त बलों द्वारा तलाशी अभियान शुरू करने के बाद इलाके में गोलीबारी शुरू हो गई और छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की।

बदलाव | सरकार कोटे में नौकरी देने को लेकर नियमावली में करने जा रही संशोधन

समूह घ के आश्रित की समूह घ में ही होगी भर्ती

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में मृतक आश्रित कोटे में नौकरी पाने का नियम बदलेगा। अब चपरासी का बेटा चपरासी ही बनेगा। सरकार इस कोटे में नौकरी देने को लेकर नियमावली में संशोधन करने जा रही है। इसके मुताबिक समूह घ यानि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सेवाकाल के दौरान मौत पर आश्रित को अनुकंपा के आधार पर मिलने वाली नौकरी समूह घ के पद पर ही दी जाएगी। कार्मिक विभाग इसके लिए नियमावली में संशोधन करने जा रहा है। संशोधन के बाद इसी के अनुसार नियुक्ति मिलेगी।

जल्द ही यह प्रस्ताव कैबिनेट से मंजूरी के लिए रखा जाएगा।पुलिस विभाग में मृतक आश्रित कोटे पर नौकरी देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश पारित किया है। उस आदेश के मुताबिक कहा गया है कि जिस वर्ग यानि समूह घ का कोई कर्मचारी सेवा के दौरान मर जाता है तो उसके आश्रित को उसी वर्ग में नौकरी दी जानी चाहिए।

▸ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कार्मिक विभाग अब यूपी मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को नियमावली 1974 में करने जा रहा 14वां संशोधन

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कार्मिक विभाग अब उत्तर प्रदेश मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को सेवायोजन नियमावली 1974 में 14वाँ संशोधन करने जा रहा है। इसमें ये प्रावधान किया जा रहा है कि समूह घ का कोई कर्मचारी यदि सेवाकाल के दौरान मर हो जाता है तो अनुकंपा के आधार पर उसके आश्रित को इसी वर्ग में नौकरी दी जाएगी।

इसके पहले इस वर्ग के कर्मचारी के मृत होने की स्थिति में उसकी उसके आश्रित को योग्यता के आधार पर समूह ग की नौकरियां भी दी जाती रही है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। इससे यह तय हो जाएगा कि समूह घ के मृतक आश्रित को अब उसी वर्ग में ही नौकरी करनी पड़ेगी। प्रस्ताव पास होने के बाद कार्मिक विभाग द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए विभागों को इस संबंध में निर्देश भेजा जाएगा।

नगर उद्योग व्यापार मंडल के नगर कार्यकारिणी का चुनाव परिणाम घोषित

अध्यक्ष पद पर राजेश व महामंत्री पर प्रदीप शर्मा विजयी घोषित

मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।

मैलानी नगर उद्योग व्यापार मंडल के नगर कार्यकारिणी के अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। देर शाम तक मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर पंडित राजेश शर्मा व प्रदीप शर्मा उर्फ मूल्लन को महामंत्री पद पर विजय घोषित किया गया।

नगर के मुख्य मार्ग स्थित श्री सच्चिदानंद ट्रस्ट धर्मशाला में मतदान की प्रक्रिया शुरू की गयी,चुनाव प्रभारी गोपाल सिंघल ने बताया कि नगर कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न कराए गए।जिसमें अध्यक्ष एवं महामंत्री पदों के लिए 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे।मतदान के लिए दो बूथों में 687 व्यापारी मतदाता में से 680 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना पूरी होने के बाद देर शाम तक चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों ने विजय जुलूस भी निकाला,नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पंडित राजेश शर्मा को 497 एवं सोमदत्त प्रजापति को 169 मत मिले। वहीं महामंत्री प्रत्याशी प्रदीप शर्मा उर्फ मूल्लन को 309,राजू खान को 197,राकेश अरोरा को 148,सलीम खॉ को 10 मत मिले। अध्यक्ष पद के 4 एवं महामंत्री पद के 6 मतपत्र अवैध घोषित किए गए।जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी द्वारा दोनों प्रत्याशियों का माल्यार्पण कर उन्हें जीत का प्रमाणपत्र दिया गया।

व्यापार मंडल में विवाद, अध्यक्ष और महामंत्री आमने-सामने

सिंगाही खीरी। व्यापार मंडल में एक बड़ा विवाद सामने आया है, जिसमें अध्यक्ष और महामंत्री आमने-सामने हो गए हैं। इस विवाद के कारण व्यापार मंडल के कार्यों पर असर पड़ रहा है और सदस्यों में असंतोष बढ़ रहा है। महामंत्री की नियुक्ति को लेकर अध्यक्ष और महामंत्री के बीच आरोप प्रति आरोप चालू हो गए हैं अध्यक्ष व महामंत्री द्वारा थाने में गाली गलौज व जानमाल की धमकी की शिकायत की है बताते चलें कि अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बिना महामंत्री की सहमति से महामंत्री व कोषाध्यक्ष की नियुक्ति कर दी थी। महामंत्री महेश अग्रवाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि अचानक हमारी बिना सहमति से कुछ लोगों को दायित्व दे दिए गए। मनमाने फैसले लिए जा रहे हैं। इसको लेकर जिले के पदाधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा। व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष शुशील कटियार ने बताया कि इस विवाद के समाधान के लिए व्यापार मंडल के सदस्यों और हितधारकों को एक साथ आना होगा और व्यापार मंडल के हित में निर्णय लेना होगा। व्यापार मंडल के जिला महामंत्री उमेश शुक्ला ने बताया कि व्यापार मंडल की नगर इकाई में जो कुछ घटित हुआ है दुर्भाग्यपूर्ण है। उसको लेकर नगर इकाई भंग कर बहुत जल्द चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच की जा रही है।

बारिश में गिरी धान की फसल, जिंदगी की कश्मकश में जुट गया किसान

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

मानसून की सीजन में कम बारिश होने से किसान परेशान थे।अब दो दिन पहले हुई बारिश के बाद चली हवा से खेतों में खड़ी धान की अगैती किस्म पर बारिश की मार पड़ी है। खेतों में पकने की कगार पर खड़ी धान की फसल बरसात के बाद हवा चलने से खेतों में ही गिर गई है। दो दिन पूर्व हुई बरसात के बाद चली हवा के कारण क्षेत्र के कई गांवों में किसानों के खेतों में पकने को तैयार खड़ी अगैती प्रजाति की धान की फसल खेतों में ही लेट गई है। जिससे किसानों का काफी नुकसान हुआ है। किसानों को चिंता सता रही है कि यदि पानी भरे खेतों से समय रहते धान की फसल को नहीं उठाया गया तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा पानी भरे खेतों के मध्य डूबी धान की फसल देखकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं। किसान नुकसान उठाने पर मजबूर हैं।क्षेत्र के गांव भदेड निवासी किसान जगदीश प्रसाद, नेतराम, कालीचरन, कालिका प्रसाद,नोखेलाल,दीनबंधु रामेश्वर प्रसाद आदि ने बताया कि पानी भरे खेतों में गिरी धान की फसल को यदि शीघ्र ही नहीं उठाया गया तो धान काला पडकर सड़ जाएगा। पिछले कई दिनों से मौसम की करवट से बारिश के आसार बन रहे थे।

आसमान में बादल छाए होने की आशंका से किसान सहमे ही थे कि बीती बुधवार रात से शुरू हुई बारिश और तेज हवा के साथ क्षेत्र में बदरा भी झूमकर बरसे इससे किसानों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है।

डेलीगेट पर्चो की न हुई निष्पक्ष जांच, तो करेंगे प्रदर्शन

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

डेलीगेट के प्रपत्रों की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए किसानो ने गन्ना समिति में कई घंटों तक विरोध प्रदर्शन किया। इसके पश्चात निर्वाचन आयोग लखीमपुर को नायब तहसीलदार के माध्यम से पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

साथ ही चेतावनी दी है कि यदि 30 सितंबर का उनकी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। तो किसान संगठन धरना करने के लिए विवश होगा।

आयोग को भेजे पत्र में भारतीय किसान यूनियन अमन संधू ने कहा कि किसानों के डेलीगेट के पर्चे निरस्त किए गए है। उनकी पुनः जांच कराकर पर्चो की कमियों को लिखित में दिया जाए। यदि पर्चे सही भरे पाए गए है तो उनको चुनाव में सम्मिलित किया जाए। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि 30 सितंबर तक इसका निस्तारण किया जाए। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन अमन संधू धरना प्रदर्शन के लिए विवश होगा। इस मौके पर राजकुमार, धर्मपाल वर्मा, राघेश्याम, प्रदीप कुमार, रामकुमार वर्मा, जीतेन्द्र पटेल, पवन वर्मा, उत्तम यादव, राजीव कुमार वर्मा, राकेश कुमार वर्मा, राकेश यादव सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

▸ चेतावनी देते हुए कहा कि 30 सितंबर तक किया जाए मामले का निस्तारण

सीबीएसई क्लस्टर चतुर्थ बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट 2024-25 का समापन

अंडर 14 बालक वर्ग में विद्याज्ञान सीतापुर रहा विजेता, एम.आर.जयपुरिया, बाराबंकी को मिला द्वितीय व जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल लखनऊ व सीतापुर रहे तीसरे स्थान पर

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

तीन दिवसीय सी.बी.एस.ई. क्लस्टर चतुर्थ बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट अजमानी इंटरनेशनल स्कूल के खेल परिसर में परिणाम घोषणा के साथ समापन हुआ।

अंडर 14 बालिका वर्ग में विजेता विद्या ज्ञान स्कूल सीतापुर रहा। द्वितीय विजेता जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल लखनऊ तथा तृतीय स्थान अजमानी इंटरनेशनल स्कूल लखीमपुर खीरी एवं सेठ एम.आर.जयपुरिया, बहराइच ने प्राप्त किया। वही अंडर 14 बालक वर्ग में विद्याज्ञान सीतापुर विजेता रहा और द्वितीय स्थान पर एम.आर.जयपुरिया, बाराबंकी तथा तृतीय स्थान जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल सीतापुर और जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल लखनऊ में प्राप्त किया। इसी श्रृंखला में अंडर 17 बालिका वर्ग में कुंस कैप्स कोलन ने विजय हासिल की।

द्वितीय स्थान पर ए.पी.एस. कानपुर कैंट ने अपना परचम लहराया और तृतीय स्थान पर जागरण पब्लिक स्कूल लखनऊ तथा ए.पी.एस., एल.बी.एस. मार्ग लखनऊ ने प्राप्त किया। अंडर 17 बालक वर्ग के अंतर्गत विजेता ए.पी.एस. कानपुर कैंट की टीम रही। द्वितीय स्थान पर सेठ एम.आर. जयपुरिया बाराबंकी, तृतीय स्थान पर एल.पी.एस. विनम्र खंड लखनऊ और सेंट जेवियर्स हाई स्कूल बांदा ने जीत का बिगुल बजाया। इसी श्रृंखला में अंडर-19 बालिका वर्ग में विजेता डी.पी.एस. एल्डिको लखनऊ रहा। द्वितीय स्थान पर पूरनचंद्र विद्या निकेतन कानपुर, तृतीय स्थान ए.पी.एस., एस.पी. मार्ग लखनऊ और सेठ ए.आर. जयपुरिया लखनऊ ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी आर. एस. बेदी एवं प्रसिद्ध एथलीट भुवन सिंह ने कार्यक्रम में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। जिनका जोरदार स्वागत प्रबंधक कमेटी जसमीत सिंह अजमानी, ब्रह्मजीत सिंह अजमानी संरक्षक सेवक सिंह अजमानी तथा प्रधानाचार्य प्रिन्स सलूजा के द्वारा किया गया। प्रबन्ध निदेशिका हरविंदर कौर ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में विजय टीमों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी के योगदान की सराहना की।जोश और उत्साह से भरे क्लस्टर बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि आर. एस. बेदी ने भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए वर्तमान समय में खेलों के महत्व को बताते हुए सभी खिलाड़ियों व अन्य लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में खेल के माध्यम से देश का नाम रोशन करने की भी अपील की। औपचारिकता का निर्वाह करते हुए सभी गणमान्य अतिथियों को प्रबंध कमेटी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सुरभि चोपड़ा ने सभी का हार्दिक आभार प्रकट किया और इसी के साथ तीन दिवसीय सी.बी.एस.ई. क्लस्टर चतुर्थ बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट के समापन की घोषणा की गई।

दिव्यांगों की कार्यशाला एवं परामर्श गोष्ठी आयोजित

गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर, खीरी। ब्लाक संसाधन केंद्र कुंभी कंजा में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के मध्य परामर्श गोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अताउल्लाह खान सहायक अध्यापक बेलहरी, मुफ्फत लाल भारती सहायक अध्यापक बघमरा विशेष शिक्षक प्रेमपाल गंगवार, जगतपाल, सुमनलता और ओमप्रकाश ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा एवं मिलने वाली सुविधाओं उपकरण ट्राई, साइकिल, व्हील चेयर, कैलीपर, श्रवण यंत्र, सीपी चेयर, स्टाइपेंड एलाउंस, एस्कार्ट एलाउंस दिव्यांग प्रमाण पत्र के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। गोष्ठी में सरफुद्दीन, गंगादेवी, मानू, फूल सिंह, पवन कुमार, राजेश कुमार, रामश्री, अंजू गुप्ता, सुशील कुमार सहित 50 अभिभावकों ने सहभागिता की।

तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार आरोपी के विरुद्व चार मामले दर्ज

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश साहा के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्व अभियान चलाया। जिसके तहत गोला पुलिस ने एक आरोपी को तमंचे सहित धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में शनिवार को बदालकुंआ के पास वृहदग्राम भुडवारा से पुलिस ने एक आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पता रिजवान उर्फ शेर पुत्र स्वर्गीय सन्यासी निवासी ग्राम भुडवारा को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपित के कब्जे से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। साथ ही गोला थाने में आरोपित के विरुद्व एनडीपीएस, आयुध अधिनियम सहित कुल चार मामले दर्ज है। आरोपी को दबोचने की टीम में एसआई अरविंद मौर्य, आरक्षी वीरेन्द्र सिंह, अनुज सागर, गौरव कुमार मौजूद रहे।

जिम्मेदारों की लापरवाही से कीचड़ के दलदल से निकलने को मजबूर ग्रामीण

उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।

जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के कारण कीचड़ और दलदल से निकलने को मजबूर मोहल्ला कोरियाना के लोग।

ग्राम पंचायत में सड़क के निर्माण कार्यों के लिए सरकार हर साल लाखों रूपये का बजट जारी करती है। इसके बाद भी ग्राम पंचायत में धरातल पर विकास कार्य नजर नहीं आते है।

बारिश होने के बाद सड़के दलदल में तब्दील हो जाती है जिससे राहगीरों का निकलना दुश्वार हो जाता है। सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभियान चलाया मगर इसका असर कुछ गांव और कुछ मोहल्ला में दिखाई नहीं दे रहा है। इस मोहल्ले के लोग गंदगी और कीचड़ से होकर गुजरने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने सड़क व नाली बनवाने के लिए कई बार मांग उठाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बारिश होने के बाद सड़क दलदल में तब्दील हो गई। सड़क पर भारी मात्रा में जलभराव हो गया। जलभराव और कीचड़ से होकर गुजरने को ग्रामीण व महिलाएं विवश है। लेकिन पंचायत के जिम्मेदार ग्राम प्रधान इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है।

कैसे पढ़ाएं बेटे को, अपहरण की धमकी से सदमें में परिवार

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

▸ अपहरणकर्ता की काल डिटेल निकलवा कार्रवाई की उठाई मांग

27 सितंबर को बेटा पढने के लिए स्कूल गया था, इधर घर पर मां के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से एक अपहरणकर्ता की काल आती है। कि उसके बेटे का स्कूल से अपहरण कर लिया जाएगा। इसी बीच बेटा घर तो पहुंच जाता है। जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली। लेकिन मां सहित समूचा परिवार भय के साए में है।

घबराए परिवारजनों ने बच्चे को स्कूल भेजना बंद कर दिया है। मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया निवासी उत्तम कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि उनका बेटा अर्पित कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र है। 27 सितंबर शुक्रवार की सुबह जब वह स्कूल के लिए निकल चुका था। इसी बीच करीब 10:19 पर उनकी पत्नी के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से किसी अपहरणकर्ता का फोन आया। जिस पर उधर से कहा गया कि वह उनके बेटे को स्कूल से अपहरण कर लेंगे। उस समय उनका बेटा कॉलेज में ही मौजूद था। वह परेशान हो गई और परिजनों की सूचना दी। इसी बीच उनका बेटा अर्पित घर पहुंच गया। तब परिजनों ने राहत की सास ली। पिता उत्तम कुमार का कहना है कि वह बेटे के अपहरण की धमकी से परेशान हैं।

हिन्दी दिवस में जनपद के अजय शुक्ला सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

अवध बार एसोसिएशन उच्च न्यायालय लखनऊ में हिन्दी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ के वरिष्ठ न्यायमूर्ति ए.आर मसूदी, न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी, न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया ने हिन्दी दिवस कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। इसी कड़ी में हिन्दी प्रतिष्ठान के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता देशरत्न सिन्हा, अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.डी शाही, महासचिव मनोज द्विवेद्वी, ललित तिवारी, अमित सोनकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर उच्च न्यायालय के तमाम महिला व पुरुष अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनपद से शिरकत करने गए वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार शुक्ला सदस्य पूर्व अध्यक्ष बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश ने भी आयोजित हिन्दी दिवस कार्यक्रम पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही कार्यक्रम में सम्मानित किए जाने की मुक्तकंठ से सराहना की। तथा बार व बेंच के पदाधिकारियों का धन्यवाद आभार व्यक्त किया।

वार्ड नंबर 23 में झूलो जैसे झूल रहे करंट प्रवाहित बिजली के तार

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

शहर के मुहल्ला मुन्नूगंज वार्ड नंबर 23 में बिना पोल के लटक रहे बिजली के तार दुर्घटना का सबब बने है। इसे लेकर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ने केबिल ऊंची कर पोल लगाए जाने की मांग की है। मुन्नूगंज के वार्ड 23 में एक दो पोल लगे हैं, पर उन पर कोई कनेक्शन नही है। तथा लोगों के घरों में जो बिजली कनेक्शन केबिल गई है। वह बिना पोल के ही लटकती रहती है। यह केबिलें लोगों के लिए दुर्घटना का सबब बनी हुई है। यह केबिल आए दिन राहगीरों तथा अपने घरों में जाने वाले लोगों के सिरों पर लगती है। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बाबजूद भी विद्युत विभाग अपनी आंखे बंद किए है। नगर कांगेस कमेटी गोला के अध्यक्ष अजीत जैन, आदेश गुप्ता, विकास सोनी, मनोज सोनी ने पोल लगवा कर केबिल ऊंची कराए जाने की मांग की है।

लांगेस्ट कवि सम्मेलन के 75 घंटे सफलतापूर्वक पूरे

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

विश्व रिकॉर्ड का कीर्तिमान स्थापित करने के लिए मोहम्मदी रोड पर चल रहे लांगेस्ट कवि सम्मेलन के 75 घंटे सफलतापूर्वक पूरे हो गए। आयोजन में सुदूर प्रदेशों से आए कवियों ने काव्य पाठ किया। मंच पर राष्ट्रीय ओज कवि पूर्व सांसद, भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह निडर ने भी काव्य पाठ किया।

25 सितंबर से अनवरत 150 घंटे प्लस तक चलने वाले कवि सम्मेलन मुशायरा का आयोजन कपिलेश फाउंडेशन के बैनर तले चल रहा है। विश्व रिकार्ड की यह आवृत्ति इसी फाउंडेशन के तत्वाधान में 2021 में बनाए गए अपने स्वयं के 128 घंटे 28 मिनट के विश्व के कीर्तिमान को तोड़कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने के लिए जारी प्रयास का परिणाम है। शनिवार को साहित्यकारों के इस प्रयास को और अधिक बुलंदियां प्राप्त हो गई। जब कवि सम्मेलन ने 75 घंटे की आधी डगर तय कर ली। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि पूर्व सांसद, भाजपा नेता ओमपाल सिंह निडर की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन मुशायरा चल रहा था। शुक्रवार की रात्रि और शनिवार को फाउंडेशन की अध्यक्ष शिप्रा खरे, मुनेंद्र कुमार मंजुल, पं पुष्पराज धीमान, देवी प्रसाद पांडे, प्रशांत, हंसराज, नीरज प्रजापति आदि लोगों ने काव्य पाठ करके विश्व के वर्तमान के लिए आयोजित इस महाकुंभ के यज्ञ में अपने काव्य पाठ की आहुतियां डाली।

आज यह रहे जज। काव्य के इस महाकुंभ की विभिन्न पालियों में प्रोफेसर ओमपाल सिंह निडर, साहित्यकार नंदी लाल निराश ने अध्यक्षता की। जबकि जज की भूमिका में प्रहलाद पटेल, डॉ आशीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

समागम के समापन पर 65 प्राणियों को छकाया गया अमृत

पड़रिया तुला के गुरुद्वारे में हर्सोउल्लास के साथ मनाई गई बाबा ईशर सिंह जी की बरसी

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

पड़रिया तुला कस्बे के ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा ईशर सिंह जी की बरसी बड़े ही धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ तीन दिवशीय सालाना समागम के रूप में मनाई गई।

समागम के अंतिम तीसरे दिन सुबह से ही ईलाके व जिले भर से उमड़ी संगत ने मत्था टेक,कार्यक्रम में कई प्रदेशों से पहुंचे संत बाबाओं, रागी,ठाढ़ी, कविशरी जत्थे व कथा वाचकों की वाणी सुन अपने को निहाल किया। कार्यक्रम के समापन के मौके पर करीब 65 प्राणियों को अमृतपान भी कराया गया है। शनिवार के दिन सालाना समागम के समापन के मौके पर खुले पंडाल में दिन के दीवान सजने के साथ बाबा मलकीत सिंह होशियारपुर पंजाब व डेरा प्रमुख बाबा सुखदेव सिंह के डेरे भूच्चोंकलां भटिंडा पंजाब से आये हजूरी जत्थे के बाबा मनवीर सिंह ने हाजरी भरते हुए कार्यक्रम में सीतापुर ,हरदोई ,शाहजहांपुर, बहराईच, लखीमपुर जिले के अलग अलग स्थानों से आई हजारों की संगत को बाबा ईशर सिंह जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गए शत मार्गो पर चलने की सलाह दी। आज कार्यक्रम के समापन के मौके पर पंच प्यारों की मौजूदगी में सिख धर्म के करीब 65 प्राणियों को अमृत छकाने के साथ इत्र पुष्प की वर्षा करते हुए खुले पंडाल में सजे दीवान तक ले गए जहां पर सभी ने मत्था टेक ईलाके की खुशहाली की दुआ मांगी। कार्यक्रम के अंतिम दिन भारी संख्या में पहुंची संगत ने मत्था टेक गुरुद्वारा साहिब में चल रहे गुरु के अटूट लंगर में प्रसादा ग्रहण किया। वहीं शुक्रवार की रात भोरा साहिब में चल रहे 21 दिनों से महा सम्पट पाठों का समापन भोरा साहिब से निकले पाठियों पर पुष्प, इत्र वर्षा करते जो बोले से निहाल शत श्रीअकाल के नारे के साथ गुरुद्वारा साहिब में सजे दीवान तक ले जाकर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंची हजारों की संगत ने पाठियों पर पुष्प वर्षा करते हुए दर्शन किया।

निर्वाचन पत्र निरस्त होने पर किसान यूनियन धरना पर बैठा

मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।

सामान्य निकाय चुनाव डेलीगेट के निर्वाचन पत्र निरस्त होने के बाद किसान यूनियन धरना कल रात से पूरे दिन अनवरत चलता रहा किसानों की मांगे है कि 48 नामांकन पत्र जो खारिज किये गए हैं वह बहाल किये जायें। अन्यथा चुनाव को निरस्त किया जाये धरना प्रदर्शन में निवर्तमान प्रशासक हितेंद्र सिंह के साथ किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल सिंह जिला अध्यक्ष सहित जिला पंचायत सदस्य दिलीप सिंह, सपा नेता क्रांति सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिया सिंह, पप्पू वर्मा प्रधान पूर्व ब्लाक प्रमुख आशीष रस्तोगी, कुलदीप सिंह एडवोकेट सहित तमाम किसान मौजूद रहे धरना प्रदर्शन पर बैठे प्रशासन के हाथ पांव फूलते नजर आये एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार मोहम्मदी व पुलिस उपाधीक्षक अरूण कुमार सिंह धरना स्थल पर कई थानों की पुलिस दलबल के साथ मौजूद रहा।

टूटी नालियों को लेकर सभासद ने किया शिकायत

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत वार्ड शाहकटरा में रोड़ खड़ंजे टूटी नालियों से पीड़ित वार्ड के लोगों की समस्या को लेकर सभासद ने की शिकायत का समाधान न होने पर लोगों में दिखा आक्रोश। जानकारी के अनुसार जहां एक तरफ प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान द्वारा चला कर लाखों रुपए खर्च कर रहे है वहीं नगर पंचायत वार्ड शाह कटरा में मुख्य मार्ग चमड़ा मील वाला रास्ते नाली पर रखे टूटे पड़े नालियों के पत्थर की वार्ड सभासद से लेकर निवासियों ने कई बार लिखित शिकायत के बावजूद भी टूटे पत्थर नहीं बदले जा रहे हैं। जिससे आक्रोशित लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। मोहल्ला शाह कटरा निवासी मोहम्मद मुमताज ने बताया टूटे पत्थर से ऑटो निकालना तेरी खीर के बराबर है कई बार मेरा ऑटो पलट भी गया है लेकिन अगर पंचायत पत्थर नहीं बदल रहा है वही कार्ड चालक अनवर ने बताया कई बार अध्यक्ष से शिकायत की है लेकिन पत्थर नहीं बदले गए हैं जिस किसी दिन और बड़ा हादसा हो सकता है वार्ड सभासद शाह आलम ने कई बार नगर पंचायत लिखित शिकायत किया नगर पंचायत प्रतिनिधि से लेकर अधिशासी अधिकारी आलोक वर्मा अवगत करवाया है।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 4 अक्टूबर 2024 को ब्लॉक गोला कुंभी की ग्राम पंचायत कोरैया की जर्जर पंचायत घर नीलामी होनी है जिसकी बोली 30,000 से शुरू की जाएगी। इच्छुक लोग 4 अक्टूबर 2024 को दोपहर 2:00 बजे प्राथमिक विद्यालय कोरैया में प्रतिभाग करे।

ललित वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत कोरैया
विकास खंड कुंभी गोला

पुष्पा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कोरैया
विकास खंड कुंभी गोला

उत्तर प्रदेश में अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराई गई 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में गो-संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने हजारों हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त करा लिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राजस्व विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध कब्जाधारियों से कुल 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 12 जिलों में 100 फीसदी गोचर भूमि अब कब्जा मुक्त हो चुकी। अन्य जिलों में भी तेजी से अभियान को आगे बढ़ाने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया है। अयोध्या में सबसे अधिक दो हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जाधारियों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसे मुक्त कराया गया है।

राजस्व विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अयोध्या के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, कासगंज, बाराबंकी, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, श्रावस्ती, रामपुर, गाजीपुर और वाराणसी में 27 हजार 688 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। जिलों के संबंधित अधिकारियों को ग्रामवार गोचर भूमि की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बारिश के उपरांत गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का व्यापक अभियान चलाया जाये।

अतिक्रमण से मुक्त होने के उपरांत भूमि को पशुपालन विभाग द्वारा उपयोग में लिया जाए। सीएम योगी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निराश्रित गोवंश का वास्तविक आंकलन करें और गो-आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड का निर्माण करें। गोआश्रय स्थलों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो। कहीं भी कीचड़ और जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये।

प्रोजेक्ट प्रवीण से एक लाख विद्यार्थियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

▸ राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 63 हजार विद्यार्थियों को मिल चुका है प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । योगी सरकार ने छात्रों में कौशल विकास को निखारने और युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु 'प्रोजेक्ट प्रवीण' कार्यक्रम के तहत इस साल 1 लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शैक्षिक सत्र 2024-25 में योजना का विस्तार करते हुए इसे प्रदेश भर के चयनित माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रोजेक्ट प्रवीण न केवल प्रदेश के युवाओं को आवश्यक कौशल प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में भी सक्षम बना रहा है।

सरकार का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें प्रदेश के विकास में सहयोगी बनाना है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संकल्पना के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण को औपचारिक शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण की सुविधा उनके नियमित पाठ्यक्रम के साथ उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 315 राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 63,000 से अधिक छात्र छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 90 मिनट की अवधि का अल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक कौशलों से सुसज्जित करना है, ताकि वे रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। कौशल विकास मिशन निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहयोग से प्रदेश के विभिन्न जिलों के चयनित विद्यालयों में यह कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। जिलों के समन्वयकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।हर विद्यालय में अधिकतम दो अलग-अलग जॉब रोल का चयन किया जाएगा। हर बैच में 35 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर एक या दो जॉब रोल का चयन किया जा सकता है। महिला सशक्तिकरण को भी प्रमुखता देते हुए बालिकाओं को इस कौशल विकास योजना से जोड़ने के लिए बालिका विद्यालयों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। महिला छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी।

खबरें एक नजर में

छात्र व छात्राएं रीसाइकल के महत्व से हुए रूबरू

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। शेरवुड कॉलेज ऑफ़ प्रोफेशनल मैनेजमेंट, इंदिरा नगर कैंपस द्वारा डॉ. निमेष सिंह, संस्थान के प्राचार्य के निर्देशन में संस्थान की क्लचरल टीम (शिखा सिंह, मनीषा श्रीवास्तव, तान्या देवगन, मोनिका मिश्रा, सोनाक्षी सिंह) द्वारा ग्रीन इनोवेटर्स बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार को शेरवुड कैंपस लखनऊ में 11 बजे से 2 बजे के मध्य किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्र व छात्राओं को रीसाइकल के महत्व से रूबरू कराना था, साथ ही इस प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा विभिन्न कलाकृतियों की प्रस्तुति दी गई, जो सभी वेस्ट सामान से निर्मित की गई थीं। प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी के समापन के बाद संस्था के अध्यक्ष इं के.बी. लाल, प्राचार्य डॉ निमेष सिंह, रजिस्ट्रार आलोक खरे, उप -प्राचार्य डॉ करन वीर सिंह द्वारा विजेताओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर छात्रों को मुख्य अतिथि इंजीनियर के.बी. लाल (शेरवुड एजुकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष, लखनऊ) द्वारा सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम मेंवी.डी. तिवारी व सोनाली सिंह भी उपस्थित रहे।

एलटी एसो. लखनऊ के छठी बार अध्यक्ष चुने गए महेश प्रसाद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। यूपी लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन लखनऊ शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन और चुनाव बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी के सभागार में शनिवार को हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी डीपीए लखनऊ शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष कपिल वर्मा, सहायक चुनाव अधिकारी चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उप्र. के प्रदेश सचिव सर्वेश पाटिल की देखरेख में हुआ। यूपी एलटी एसो. लखनऊ शाखा के अध्यक्ष महेश प्रसाद और मंत्री पद पर संतोष जौहरी लगातार छठी बार निर्विरोध चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी कपिल वर्मा ने बताया कि अध्यक्ष, मंत्री के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष अवस्थी, कोषाध्यक्ष अनीता सिंह, संयुक्त सचिव विजय गुप्ता, संप्रेक्षक नरेंद्र कुमार भी निर्विरोध चुने गए। इस द्विवार्षिक अधिवेशन में यूपी प्रयोगशाला प्राविधिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत, महामंत्री कमल श्रीवास्तव, प्रवक्ता सुनील कुमार, सचिव अमित शुक्ला, उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, संप्रेक्षक एके मौर्या, गोरखपुर जनपद अयक्ष नवीन श्रीवास्तव, मंत्री देवेंद्र यादव, शैल पांडेय, नीरू सिंह आदि रहे।

एलपीसीपीएस में नये बैच का शुभारंभ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में शनिवार को नये बैच के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी शुभारंभ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान स्थित श्री रामलाल मेमोरियल ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रेट ब्रिटेन की मिस यूनीवर्स क्रिस्टीना चाक तथा सिस्टरहुड फाउंडेशन के सदस्य मौजूद थे। एसिड अटैक पीड़ितों के लिए काम करने वाली संस्था छाव फाउंडेशन के प्रमुख आलोक दीक्षित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। कॉलेज के म्यूजिक क्लब के सदस्यौं ने विद्यार्थियों में जोश भर दिया। वही ड्रामा क्लब ने दहेज प्रथा पर नाटक प्रस्तुत किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बीबीए के प्रिंस रस्तोगी मिस्टर फ्रेशर तथा बीजेएमसी की समृद्धि यादव मिस फ्रेशर चुनी गईं। वहीं बीकॉम (ऑनर्स) के सार्थक मिस्टर स्पार्क एवं बीकॉम की लायरा मिस स्पार्क चुनी गईं। कार्यक्रम में संस्थान की मुख्य प्रशासिका पूर्व सदस्य विधान परिषद कांति सिंह, निदेशिका गरिमा सिंह, डीन प्रो. एल एस अवस्थी, छांव फाउंडेशन के अजीत सिंह, एलपीसी गोमती नगर की प्रधानाचार्य अनीता चौधरी समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

समाजवादी युवजन सभा की बैठक में मतदाता सूची में संशोधन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लखनऊ पर समाजवादी युवजन सभा की युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिव कुमार 'टाइगर' की अध्यक्षता में मासिक बैठक हुई जिसमें मतदाता सूची में संशोधन और नए नाम जुड़वाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिव कुमार 'टाइगर' ने पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक चल रहे अभियान के तहत मतदाता सूची में नाम बढ़ाने, नामों में संशोधन एवं गलत नामों को कटवाने का काम युवजन सभा के जिला पदाधिकारी एवं विधानसभा पदाधिकारी पूरी सक्रियता के साथ प्रत्येक बूथ पर करेंगे। बैठक में मुख्य रूप में जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', जिला उपाध्यक्ष,जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह, राष्ट्रीय सचिव मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड आरपी यादव 'दिलीप' राष्ट्रीय सचिव बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी विनीत यादव जिला प्रवक्ता मीडिया प्रभारी रमेश सिंह रवि मौजूद रहे।

राजधानी में दूसरे दिन भी रुक-रुककर बारिश जारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में दो दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही है। सुबह कई इलाकों में बारिश हुई। कहीं तेज तो कहीं सिर्फ फुहारें पड़ीं। दोपहर होते-होते हल्की धूप निकली और बादल कुछ छंट गए। दोपहर बाद फिर से रिमझिम बारिश होने लगी। ठंडी हवाओं से मौसम खुशनुमा हो गया। कई इलाकों में जलभराव हुआ और नालियां-नाले भी चोक हो गए। मौसम विभाग ने आज और कल दोनों दिन बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ में पिछले 24 घंटे में 10.5 एमएम बारिश हुई है। पूरे महीने की बात करें तो मानसून में औसत से 4 एमएम कम बारिश हुई है। अगस्त में औसत से ज्यादा बारिश हुई, जबकि जून-जुलाई में मानसून औसत से दोगुना ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई।

अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ हेलमेट चोरी का मामला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने आखिरकार अदालत के आदेश पर एक अधिवक्ता के हेलमेट चोरी का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। हजरतगंज कोतवाली थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विक्रम सिंह ने शनिवार को बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (आवास या परिवहन के साधन या पूजा स्थल आदि में चोरी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। सिंह ने कहा कि अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। राज्य की राजधानी के मध्य में स्थित जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) के परिसर में 17 अगस्त को 33 वर्षीय अधिवक्ता प्रेम प्रकाश पांडेय का काले रंग का हेलमेट चोरी हो गया था। पांडेय के अनुसार पुलिस ने हेलमेट चोरी का मामला दर्ज नहीं किया, जिसकी वजह से उन्हें प्राथमिकी दर्ज करवाने के लिए अदालत का रुख करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आखिरकार, 26 सितंबर (बृहस्पतिवार) को पुलिस ने इस संबंध में हजरतगंज थाने में दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफचोरी का मामला दर्ज किया।

लोकदल कार्यालय में सदस्यता एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में आज सदस्यता एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पार्टी कार्यालय में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को राजनीति में आना चाहिए। प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोथित करते हुए श्री त्यागी ने कहा कि हम एनडए की सरकार में शामिल है। पहले हम सड़क पर आंदोलन करते थे अब सरकार में रहकर काम कर रहे है। हमने उत्तरप्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है, मानसून में ओलावृष्टि से जो किसानों को नुकसान हुआ है उन्हें मुआवजा दिया जाए। गांव, किसान,गरीब की लड़ाई चौधरी चरण सिंह लड़ते थे। आगे का भाविष्य जयंत चौधरी का है। सदस्यता ग्रहण करने वालो में मुख्य रूप से प्रीति कश्यप,सुरेश चंद् श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव,सुरेश कश्यप, विवेक चौधरी, नीरज उपाध्यय, ललित त्रिपाठी व अन्य लोगो ने आज राट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी की नीतियों पर भरोसा जताया।

स्वतंत्रता के लिए भगत सिंह का त्याग और समर्पण सदा अमर रहेगा : योगी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रांतिकारी व स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती पर आज उन्हें श्रद्धांजलि दी है। सीएम योगी ने उन्हें याद करते हुए कहा कि आजादी के लिए उनका त्याग और समर्पण सदा अमर रहेगा। सीएम योगी के साथ-साथ कई नेताओं ने भगत सिंह को नमन किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व वीर क्रांतिकारी भगत सिंह की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

उन्होंने कहा कि मां भारती की स्वतंत्रता के लिए उनका त्याग व समर्पण सदा अमर रहेगा। योगी ने कहा, ÷भारत की एकता-अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए उनका अतुल्य बलिदान सदियों तक हमें प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स पर एक पोस्ट में शहीद भगत सिंह के विचारों को साझा करते हुए लिखा, ÷मरकर भी मेरे दिल से वतन की उल्फत नहीं निकलेगी, मेरी मिट्टी से भी वतन की ही खुशबू आएगी। मौर्य ने कहा, अनन्त सम्मान के साथ भगत सिंह जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन ! उनका साहस, उनका जज्बा, उनकी शहादत- हमेशा हमें अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाती है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी सरदार भगत सिंह की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

उन्होंने लिखा, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले, युवाओं में क्रांति की ज्वाला जलाने वाले, माँ भारती के वीर सपूत, अमर बलिदानी सरदार भगत सिंह जी की जयंती पर कोटिशः नमन। बता दें कि सरदार भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को पंजाब के एक सिख परिवार में लायलपुर के बंगा गांव (अब पाकिस्तान) में हुआ था। भगत सिंह को अंग्रेजी हुकूमत ने महज 23 वर्ष की उम्र में 23 मार्च 1931 को फांसी दे दी थी।

चौपालों में 04 लाख 13 हजार से अधिक समस्याओं का निस्तारण

लखनऊ, समृद्धि नयूज। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,गांव की समस्या गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा हैबड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से गांवों में चल रही परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावीरूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओंध् के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1492ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4753 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3970ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 6627ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में लगभग 87 हजार ग्रामीणों ने सहभागिता की।ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 02 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 73 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 04 लाख 13हजार से अधिक समस्याओं प्रकरणों का निस्तारण किया गया

कमीशन के लिए हुई शेर खान की हत्या कुकरैल जंगल में मिला था कंकाल

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । राजधानी लखनऊ के हसनगंज के रहने वाले शेर खान की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कमीशन के विवाद में शेर खान को मारा गया था। कुकरैल जंगल में नर कंकाल मिला था। मामले 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने अपने जुर्म कबूल किया है। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया है। शहर के डालीगंज, हसनगंज के रहने वाले शेर खान (35) पुत्र स्वर्गीय इलियास 14 सितंबर को घर से अचानक से लापता हो गया था। 10 दिन बाद शेर खान का नर कंकाल कुकरैल के जंगल में मिला। जिसकी पहचान शव के पास मिले आधार कार्ड से हुई। शेर खान के भाई एजाज ने हत्या की शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी की मदद से 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान इंदिरा नगर के रहने वाले बृजेश शर्मा उर्फ सौरभ गुप्ता (43) पुत्र बाबूलाल, विक्की रस्तोगी उर्फ विकास रस्तोगी (34) पुत्र नरेश रस्तोगी, रवि बाल्मिकी (50), कपिल बाल्मिकी (33), अमित कुमार सोनी उर्फ नाना (50), मोनू गौड उर्फमनीष गौड़ (35), बब्लू उर्फ सोहित सोनी (33) के रुप में हुई। पुलिस पूछताछ में बताया कि बृजेश और विकास के साथ मिलकर शेर खान इंश्योरेन्स व लोन का काम करता था। शेरखान लोगों का आधारकार्ड इकट्ठा करके बृजेश को देता था।

बृजेश आधार कार्ड में पता बदलकर फर्जी तरीके से लोन कराकर पैसा ले लेता। जिसके लिए शेरखान को कमीशन मिलता था। शेरखान बृजेश से कमीशन को बढ़ाने के लिए कह रहा था। ऐसा न करने पर फर्जीवाड़े का खुलासा कर देने की धमकी देता था। इस दौरान शेरखान ने विकास के साथ मारपीट भी की थी। जिसको लेकर दोनों के बीच रंजिश शुरू हो गई। इसके बाद बृजेश और विकास ने शेरखान की हत्या करने का प्लान बनाया। जिसमें 5 अन्य लोगों को शामिल किया। आरोपियों ने प्लान बनाकर शराब पार्टी के लिए शेरखान को कुकरैल के जंगल में बुलाया। जहां पर शराब पिलाकर बांस के डंडे और शीशे की बोटल से हमलाकर जान से मार दिया।

लखनऊ में बनेगा पहला सेंट्रल मिलिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट

▸ मिलर्स एसोसिएशन की बैठक में फैसला

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । लखनऊ में पहला सेंट्रल मिलिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट बनाया जाएगा। यह देश का दूसरा और प्रदेश का पहला इंस्टीट्यूट होगा। लखनऊ में उत्तर प्रदेश रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन की 61वीं आम सभा की बैठक में यह फैसला लिया गया। इसमें यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह शामिल हुए।

मुख्य सचिव ने लखनऊ में प्रदेश की पहली सेंट्रल मिलिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट बनाने की बात कही। गेहूं के उत्पादन में देश में यूपी का पहला स्थान है। बैठक में फोर्टीफाइड गेंहू से बने उत्पाद आटा, मैदा, सूजी के हेल्थ बेनिफिट के बारे में बताया गया। इसके साथ ही मिलिंग उद्योग में विश्वस्तरीय टेक्नोलॉजी के प्रयोग से उत्पाद की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के मार्केट में मांग के अनुसार प्रोडक्ट बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान यूपी में पहली सेंट्रल मिलिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट की स्थापना करने को कहा गया। बैठक में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री माननीय सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यमियों के विकास और उद्योग की बेहतरी के लिए कार्य कर रही। यूपी में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही। प्रमुख सचिव मनोज सिंह ने कहा सरकार की मंशा प्रदेश में स्थापित उद्योगों के सफल संचालन और नए उद्योगों को स्थापित करने में आने वाली समस्याओं को दूर करने की है। यूपी में औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं। इसके साथ ही प्रशिक्षित कामगारों की मांग बढ़ रही। उनका कहना है कि टर्की की फ्लोर मिल यूपी के लड़के चला रहे हैं। मुख्य सचिव मनोज सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राजधानी लखनऊ में 5 एकड़ जमीन उत्तर प्रदेश रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन को देने का निर्णय लिया है, जिसमें देश का दूसरा और उतर भारत का पहला सेंट्रल मिलिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट बनाया जाएगा। जहां अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के प्रयोग से उन्नत उत्पाद तैयार किया जाएगा। इसमें प्रशिक्षित युवा काम के लिए तैयार होंगे, जिनकी मांग भारत सहित यूरोपीय देशों में भी है।

रिटायर्ड आईएएस के साथ लूट, छीना-झपटी में जमीन पर गिरे, कंधा फ्रैक्चर हुआ

लखनऊ । राजधानी लखनऊ के विकास नगर सेक्टर-3 इलाके में टहलने निकले पूर्व आईएएस के साथ लूट हुई। बाइक सवार लुटेरों ने विरोध करने पर धक्का दे दिया, जिससे वो जमीन पर गिर गए। कंधा फ्रेक्चर हो गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक विकास नगर इलाके में रहने वाले प्रेम नारायण द्विवेदी रिटायर्ड आईएएस हैं। शुक्रवार रात घर के पास ही टहलने निकले थे। तभी करीब 10 बजे बाइक से दो लुटेरे आए और छीना झपटी करने लगे। जिसका प्रेम नारायण ने विरोध किया तो उन्हें धक्का दे दिया।

बदमाशों के धक्के से प्रेम नारायण द्विवेदी जमीन पर गिर गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास भीड़ जुटने लगी। तभी मौका देखकर लुटेरे भाग निकले। जमीन पर गिरने से उनके कंधे फ्रैक्चर हो गया है। परिजनों ने प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया है। मामले में विकास नगर इंस्पेक्टर का कहना है, कि शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। संदिग्ध लुटेरों की तलाश में घटनास्थल के आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

तालाब की जमीन पर विधायक ने बनवा लिया मकान

▸ एसडीएम की जांच में हुआ खुलासा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने व बाल श्रम के मामले में जेल में निरूद्ध सपा विधायक जाहिद जमाल बेग की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भदोही के मालिकाना मोहल्ले में स्थित सपा विधायक का आलीशान मकान तालाब की मकान पर बना है। जिलाधिकारी की जांच के बाद प्रकरण संज्ञान में आया है।

मकान निजी तालाब पर है। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि मामला न्यायिक प्रक्रिया में है, जो भी चीजें सामने आएंगी उसके अनुसार कार्रवाई होगी। भदोही के मालिकाना मोहल्ले में स्थित जाहिद जमाल बेग के तीन मंजिला आवास की तीसरी मंजिल के कमरे में 17 वर्षीय किशोरी ने आठ सितंबर की रात फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली थी। किशोरी के आत्महत्या के बाद से ही सपा विधायक व उनके परिवार की मुश्किलें बढ़ती गई। पहले विधायक पति-पत्नी सीमा बेग पर बाल श्रम व किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज हुआ। उसके बाद बेटे जईम बेग पर भी मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। सपा विधायक जाहिद बेग इस समय नैनी और उनका बेटा बनारस की जेल में बंद हैं। अब उनके तीन मंजिला आलीशान मकान पर भी खतरा मंडराने लगा है। विधायक के मालिकाना मोहल्ले स्थित तीन मंजिला मकान पर को लेकर शिकायत की गई थी कि विधायक का आवास तालाब पर है। शिकायत को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने एसडीएम भदोही भान सिंह ने जांच कराई। जांच में यह प्रकारण संज्ञान में आया कि विधायक आवास निजी तालाब पर स्थित है। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि जिस इलाके में सपा विधायक का मकान है। उस क्षेत्र में जमींदारी इवोल्यूशन लागू नहीं है। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि किसी निजी व्यक्ति के नाम पर पहले वहां तालाब था, जहां पर अब विधायक का मकान बना हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि मामला न्यायिक प्रक्रिया में है। न्यायिक प्रक्रिया के उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई होगी। इस तरह के मामले में बेदखली की कार्रवाई के उपरांत मकान हटाने की कार्रवाई होती है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में ग्राम्य विकास विभाग के स्टॉलों पर उमड़ी भीड़

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में वैश्विकव्यापार महाकुंभ यूपी इण्टरनेशनल ट्रेड शो में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों व उपलब्धियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्रदर्शनी स्टालों के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें गांव,शहर,देश-विदेश से पहुंचे लोगों ने उत्पादों,विभागों के कार्यों व उनकी उपलब्धियों एवं कार्यप्रणाली के बारे में जाना। ट्रेड शो में ग्राम्य विकास विभाग को आवंटित स्थल में विभाग की ओर से राज्य आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के साथ ही उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के द्वारा स्टॉल लगाकर उत्पादों व विभागीय की उपलब्धियां,कार्यप्रणाली प्रदर्शित किये गये हैं। सभी स्टॉलों पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गयी। शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी हेतु ग्राम्य विकास विभाग के स्टॉल हॉल नं.-4 में लगाए गये हैं। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सरकारी विभागों के लिए अलॉट हॉल नं.-4 में लोगों की खासी भीड़ रही, स्टॉलों पर बड़ी संख्या में लोगों द्वारा भ्रमण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के स्टॉल पर पहुंचे लोगों ने योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। योजना के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों एवं उनकी उपलब्धियों के विषय में जाना।

30 सितंबर से कुली करेंगे सत्याग्रह

लखनऊ । बढ़ते निजीकरण और आधुनिकरण के कारण कुलियों के सामने आए आजीविका के संकट के हल के लिए कुलियों को 2008 की तरह केंद्र सरकार एक बार पुनरू रेलवे में उनकी योग्यतानुसार नौकरी दे, स्टेशन पर बैटरी रिक्शा संचालन की नियमावली बने जिसमें इस रिक्शा में मात्र वृद्ध, विकलांग और बीमार लोगों को ले जाने का नियम बने, आउटसोर्सिंग कम्पनी को दी गई ट्रॉली प्रथा पर रोक लगे और कुलियों के बच्चों की शिक्षा, परिवार को स्वास्थ्य लाभ और चार वर्दी देने के आदेशों का कड़ाई से अनुपालन हो आदि मांगों पर हुई कुलियों की वर्चुअल बैठक में सत्याग्रह अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। डिविजनल रेलवे मैनेजर डीआरएम के माध्यम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर शुरू किया जायेगा। बैठक का संचालन कुली यूनियन अध्यक्ष राम सुरेश यादव ने किया।

आयोजन | शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर मिशन शक्ति फेज-5.0 का सीएम करेंगे शुभारंभ

सभी जिलों में निकाली जाएगी महिला सशक्तिकरण रैली

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम

बैंक बेवजह उद्यमियों की फाइलों को न लटकाएं : आयुक्त

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

- उद्यमियों की समस्याओं का किया जाए उचित निस्तारण
- बैंक कर्मी उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें

उद्यमियों की समस्याओं को दूर करके देवीपाटन मण्डल में उद्यम को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित हुई, जिसमें आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति को परखा तथा उद्यमियों की समस्याओं को सुना। आयुक्त ने संयुक्त आयुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि सभी उद्यमियों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उद्यमियों को आसानी से दिया जाए। योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करा कर उद्यमियों को लाभ दिलाया जाए।

बैठक में लघु उद्योग भारती के जिला महामंत्री शिव कुमार सोनी द्वारा बैंकों में उद्यमियों की फाइलों को लटका कर रखे जाने की शिकायत की गई, जिस पर आयुक्त ने सभी एलडीएम को निर्देश दिए कि उद्यमियों से संबंधित फाइलों को बेवजह लटका कर ना रखा जाए।

जो अभिलेख जरूरी हो उस बारें में उद्यमियों को एक बार में ही बता दिया जाए ताकि उसे बार-बार बैंक के चक्कर में न लगाने पड़े। जिला महामंत्री ने आयुक्त के समक्ष कहा कि बैंकों में उद्यमियों के जाने पर बैंक कर्मियों द्वारा उचित जवाब नहीं दिया जाता है अतः उद्यमियों के लिए हेल्प डेस्क बना दी जाए जिससे कि उद्यमी बैंक में अपना काम आसानी से करा सके। इस पर मंडलायुक्त ने एलडीएम को निर्देश दिए कि वह इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करते हुए उद्यमियों हेतु हेल्प डेस्क की व्यवस्था बनाएं ताकि उद्यमियों की समस्याओं को विशेष तौर पर सुना जाए जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उद्यमियों को आसानी से प्राप्त हो सकें। साथ इन्होंने कहा कि बैंक के सभी कर्मचारी उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें तथा उनकी समस्याओं का उचित निस्तारण करायें। इसके अलावा बैठक में शहर में अवैध पार्किंग की समस्या व ढीले बिजली तारों को लेकर समस्या उठाई गई। इस पर आयुक्त ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि बिजली के तारों को टाइट करें व पार्किंग की समस्या को लेकर नगर पालिका को निर्देश दिए कि शहर में अवैध पार्किंग पर रोक लगाई जाये। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग सविता भारती रंजन अपर आयुक्त राम प्रकाश व अन्य संबंधित आधिकारीगण उपस्थित रहे।

आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का हो निस्तारण

आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने सभी उपायुक्त उद्योग व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। अधिकारी शिकायतकर्ता से बात कर उसकी शिकायत का समुचित निस्तारण कराया जाए। शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। शिकायतों का निस्तारण न होने पर प्रतिकूल कार्यवाही की जाएगी।

इन योजनाओं की हुई समीक्षा

मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में आयुक्त द्वारा उद्यमियों के लिए संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा भी की गई। आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, ग्लोबल इन्वेस्टर समिति में हुए एमओयू की समीक्षा की गई। आयुक्त ने समीक्षा के उपरांत कहा कि सभी पात्र उद्यमियों को योजनाओं का लाभ दिया जाए। आयुक्त ने समीक्षा में पाया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 234 आवेदन विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए गए जिसमें से बैंकों द्वारा 86 आवेदनों को स्वीकृत किया गया, जबकि मुख्यमंत्री योजना के तहत भौतिक लक्ष्य 364 के सापेक्ष प्राप्त 569 आवेदनों में से बैंक को 550 आवेदन प्रेषित किए गए जिसमें से 106 आवेदन बैंकों द्वारा स्वीकृत किए गए। एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत 213 के लक्ष्य के सापेक्ष 145 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 149 आवेदन विभिन्न बैंकों को भेजे गए और बैंकों द्वारा 37 आवेदन स्वीकृत किए गए।

सभी जनपदों में हो नियमित जिला उद्योग बन्धु की बैठक

मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक के दौरान संयुक्त आयुक्त उद्योग में बताया कि मंडल के सभी जनपदों में छह बैठकों के लक्ष्य के सापेक्ष चार-चार बैठकर हो चुकी है अप्रैल व में माह में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के चलते हुए जिला उद्योग की बैठक नहीं हो पाई। इस पर आयुक्त ने निर्देश दिए की सभी जिलों में जिला उद्योग बंधु की बैठक नियमित रूप से कराई जाए तथा उद्यमियों द्वारा उठाए जाने वाली समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। किसी भी उद्यमी को मंडल स्तर पर आने की जरूरत ना पड़े उनकी समस्या का निराकरण जिला स्तर पर ही कराया जाए।

अग्रसेन जयंती समारोह आज से

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

- पांच दिवसीय कार्यक्रम का साइकिल दौड़ प्रतियोगिता से होगा शुभारंभ

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती समारोह रविवार से पांच दिवसीय कार्यक्रम साइकिल दौड़ प्रतियोगिता से शुरू होगा। ये कार्यक्रम 29 सितंबर से 03 अक्टूबर तक चलेगा। ये जानकारी अग्रवाल नव युवक संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन नवीन गल्ला मंडी में और दोपहर 2 बजे से नैहरू स्टेडियम में बैडमिंटन युगल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 30 सितंबर को मास्टर शेफ प्रतियोगिता, छोटे बच्चों की गुढ़रिया रेस प्रतियोगिता, बालिकाओं की एकल नृत्य प्रतियोगिता,और महिलाओं को रेटोरियम नृत्य प्रतियोगिता श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में किया जायेगा। ये कार्यक्रम अग्रवाल नवयुवक संघ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री विकास जैन, चेतन अग्रवाल, अनिल मित्तल, सीए पवन अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, अजय मित्तल, शिव अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, राजीव अग्रवाल, सुशील जालान, अजय गर्ग, आयूष केडिया, गौरव केडिया, अमर अग्रवाल, सुधीर तुलस्यान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

नवरात्र में मिले निर्बाध बिजली : मुकेश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश शुक्ला ने अपर जिलाधिकारी गोंडा से मिलकर एक मांग पत्र जिलाधिकारी के नाम से दिया है। मुकेश शुक्ला ने बताया कि अक्टूबर माह से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र के चलते गांवों में साफ-सफाई व निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाय है। उन्होंने बताया कि रूपईडीह ब्लॉक में 150 से अधिक गांवों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस दौरान देर रात तक पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की चहल-पहल रहती हैं। ब्लॉक रूपईडीह के फरेंदा शुक्ल, गौसिहा, मल्लापुर बाजार, आर्यनगर बाजार, रुकमनगढ़पुर, कल्याणपुर, रूपईडीहा, रामलीला कार्यक्रम, गोपालबागल बेल्हा स्मय्या माता मन्दिर, पन्ना बगुलहा, टड़वागुलाम, तेलियानी पाठक, कुरसहा, कुरासि, बराराय, आदि इन गावों पर विशेष साफ सफाई के साथ नदियों में कीटनाशक दवाओं और चूने का भी छिड़काव कराया जाय।

23 अक्टूबर तक सेवानिवृत कर्मचारी करें आवेदन

मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण में तीन पदों पर होगी भर्ती

गोण्डा, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आरसी भारतीय ने बताया कि मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण गोंडा में संविदा पर कनिष्ठ सहायक, सहायक लेखाकार एवं आशुलिपिक के एक-एक पद पर सेवानिवृत कर्मियों की नियुक्ति की जानी है। अतः इच्छुक सेवा निवृत कर्मचारी जो वांछित अहर्ता पूरी करते हो वो 23 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक अपना आवेदन आमंत्रित कर सकते हैं। आवेदन का प्रारूप जिला न्यायालय गोण्डा की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गोंडा के कार्यालय में स्वीकार होंगे।

रोक व निरीक्षण के बावजूद नजूल जमीनों पर अवैध निर्माण जारी

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

महाराजगंज पुलिस चौकी के ठीक बगल एक व्यावसायिक भवन बनकर खड़ा हो गया। इस भवन के बनने की शुरुआत पर नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा से पत्रकार द्वारा पूछा गया की न नक्शा है न फ्री होल्ड है नजूल जमीन पर निर्माण कैसे हो रहा है?

उन्होंने कहा मैं इसको दिखवाता हूं और उनके देखते-देखते एक मंजिल कंप्लीट हो गई दूसरे मंजिल की तैयारी होने लगी फिर जब उनसे कहा गया तो उन्होंने उससे संबंधित दो लोगों को जेल भिजवा दिया यहां तक तो सब कुछ समझ में आ रहा था लेकिन अभी 2 दिन पहले इस अवैध निर्मित भवन में शटर भी लग गया आज जब फिर नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा से दूरभाष पर बात किया गया तो उन्होंने कहा हमने जूनियर इंजीनियर को भेजा है उसकी रिपोर्ट आने के बाद उसके गिरने की कार्रवाई की जाएगी।

यह तो रही महाराजगंज पुलिस चौकी के बगल की बात इनकी तैनाती के बाद दुखारन नाथ मंदिर के बगल सत्यनारायण भगवान का मंदिर है उसके ठीक बगल में एक व्यावसायिक भवन बगैर नक्शा पास कराए बन गया इसके अलावा शहर में इमामबाड़ा के पास मंदिर की जमीन पर पांच दुकानें बनना चालू हुई नगर मजिस्ट्रेट से बताया गया उस समय काम रुक गया बाद में फिर काम शुरू करने की तैयारी की जा रही है यहां यह बताना है कि जब नजूल है न नक्शा है न फ्री होल्ड है तो ऐसे में अगर नगर मजिस्ट्रेट की कार्रवाई सख्त नहीं होगी तो बनता चला जाएगा इसके अलावा आप चलिए पटेल नगर वहां भी डॉक्टर सुधीर का बंगला था कई लोगों ने उसको खरीदा वह भी नजूल की जमीन है वहां भी निर्माण चालू हुआ गुरुद्वारे के पास एक निर्माण हो रहा था नगर मजिस्ट्रेट ने जाकर उसको रोका कुछ दिन रुका रहा उसके बाद फिर वह भी बनकर तैयार हो गया।

वही एक निर्माण नीला पन्नी डालकर चल रहा है उस पर शटरिंग लग गया जब बहुत ज्यादा पत्रकारों ने लिखा तब उस पर से शटरिंग उतरवा दी गई शेष कोई कार्रवाई नहीं की गई अब आज नहीं तो कल छत उस पर छत तो पड़ ही जाएगी यहां 2 फरवरी 2024 को नगर मजिस्ट्रेट का पदार्पण हुआ लेकिन उनके द्वारा आज तक किसी भी नजूल या अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई न किये जाने के कारण अवैध निर्माण का सिलसिला जारी है बात करने पर एक ही जवाब मिलता है की जूनियर इंजीनियर की रिपोर्ट आने के बाद उसको देखा जाएगा।

खबरें एक नजर में

एसपी ने जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा थाना को. नगर में जनसुनवाई की गई। महोदय द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना को. नगर में सुनवाई के दौरान 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित किया गया, शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में प्राप्त कुल 74 प्रार्थना पत्रों में से 08 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

गांव की सड़कों के प्रति अधिकारी उदासीन

गोंडा, समृद्धि न्यूज। प्रकरण विकासखंड झंझरी के इमलिया गुरदयाल का है जिले में गांव गिरांव की सड़कों पर विभागीय अधिकारियों का ध्यान ही नही जाता है और राहगीर कीचड़ व गड़ढे वाली सड़क पर हिचकोले खाने को मजबूर है। बीते दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में साफ निर्दश दिया है कि आगामी दशहरा पर्व तक प्रदेश की सड़कों को गड्ढ मुक्त किया जाय पर क्या विभाग इस निर्देश को अमल में ला पायेगा। जिले के हर क्षेत्र में आपको जर्जर व बेकार हो चुकी सड़के मिल जाएगी पर जनता की मांग के बावजूद यह सड़के आज भी सुधर नही सकी है गोण्डा शहर से सटे ग्राम पंचायत इमलिया गुरुदयाल में बच्चा लाल के घर से बनवारी के घर तक लगभग 200 मीटर की दूरी है वर्षो से बदहाल नजर आ रही है जिससे राहगीरों के साथ ही स्थानीय लोगों को मुशिक्लो का सामना करना पड़ता है। इसमें विकलांग व्यक्ति को भी आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है गांव के लोगो ने बताया है की इस सड़क के निर्माण के लिए कई बार शिकायत की गई लेकिन कई कार्यवाही नहीं हुई ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश कुमार वर्मा ने बताया कि इन लोगो ने हमें वोट नही दिया हैं इस लिए इस सड़क का निर्माण नही करा सकते हैं। इस सड़क के निर्माण के लिए गांव के विद्याराम, छोटू, राजू, लल्ला, रत्न कुमार, विश्वास, आदि लोगो ने जिला प्रशासन से मांग की है।

जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज। जरवल ब्लॉक सभागार में शनिवार को पंचायत सहायकों स्वयं सहायता समूह की सक्रिय महिला सदस्य व ग्राम प्रधानों का जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षक आशीष श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत में निर्मित हो रही या निर्मित हो चुकी पानी टंकी के रखरखाव, संचालक व निर्माण कर रही कार्यदाई संस्था से पंचायत को सुपुर्दगी की प्रक्रिया तथा सुपुर्दगी के समय मानक परीक्षण की विस्तृत जानकारी दीं। प्रशिक्षक कृष्ण कुमार बाजपेई ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को जल जीवन मिशन की विस्तृत जानकारी दी। एडीओ पंचायत बृजेश सिंह ने बताया यह प्रशिक्षण 20- 20 गांवों का बैच बनाकर 27 से 30 सितंबर तक आयोजित किया गया हैं। इस दौरान मनीष कश्यप, राजेश जयसवाल, जितेंद्र मिश्रा, अनिल, अजीत, ललिता देवी, अरिबा खातून, खुशबू, रुचि, आशा देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

जलभराव से डूबी सड़क, लोगों को आवागमन में हो रही असुविधा

- सरवदी से ठाकुर पुरवा का जलभराव के चलते मुख्य मार्ग से टूटा संपर्क

राहुल सोनी/सुधाकर उपाध्याय



विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत स्थित ग्राम सरवदी से ठाकुर पुरवा का जलभराव के चलते मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है। विशेश्वरगंज इकौना मार्ग पर स्थित ग्राम सरवदी के पास से एक खडंजा ठाकुर पुरवा गांव तक जाता है।अत्यधिक बारिश के चलते पूरा खडंजा पानी में डूब गया है। जलभराव के चलते गांव के लोग विशेश्वरगंज इकौना मार्ग तक नही पहुंच पा रहे है।ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षो पूर्व रास्ते पर खडंजा लगाया गया था, जो अब पूर्णरुप से ध्वस्त हो चुका है। खड़ंजे की ईंट लगभग मिट्टी में धंस चुकी है। उस रास्ते पर किसी का ध्यान नही जाता है। बरसात के दिनों में लोगो को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। लेकिन लोग किसी तरह आते जाते है।

दुर्घटना होने पर जागेंगे जिम्मेदार

ग्रामीणों का कहना है की जब तक कोई बड़ी घटना नही होंगी तब तक जिम्मेदार उसे सही नही करवाएंगे।और न देखने आएंगे।कई वर्षों पूर्व इस खड़ंजा को बनाया गया था जो पूरी तरह से खराब हो चुका है। लेकिन किसी ने फिर से बनवाने की जिम्मेदारी नही उठाई।जिसका कारण है की सभी लोग जान हथेली पर रखकर बिना कोई जरूरी काम के बाहर नही जा रहे हैं।

दुर्घटना को दावत दे रहा खड़ंजा

वर्षो पूर्व बने खड़ंजा जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। और ईट मिट्टी में दब गई। और बारिश से खड़ंजा पर पानी चलने लगा जिसके जिसके कारण लोगों का मुख्य सड़क से सम्पर्क टूट गया। लेकिन किसी जिम्मेदार की नजर उस ओर नही जा रही है। कहीं न कहीं दुर्घटना को दावत दे रहा है।

जिले में भेड़ियों के आतंक पर अखिलेश यादव ने कसा तंज

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- भेड़िये की समस्या को नकारना भी एक समस्या है : अखिलेश

सपा मुखिया व यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने जिले में हो रहे भेड़िया के हमले पर सोशल साइड एक्स पर ट्वीट कर प्रदेश सरकार पर हमला किया है। सपा प्रमुख का कहना है कि भेड़िये की समस्या को नकारना भी एक समस्या है। जिले के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िया हमला कर रहा है। दो सप्ताह बाद हमला रुकने के बाद गुरुवार रात भेड़िया ने पुनः दो बालकों पर हमला कर दिया था। जिसमें दोनों घायल हुए थे। लेकिन वन विभाग ने भेड़िया के हमले से इंकार कर दिया है। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह के मुताबिक दोनों हमले कुत्ते या सियार के है। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी ट्वीट कर सरकार पर हमला बोला है। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने ट्विटर हैंड से लिखा है कि प्रशासन द्वारा भेड़िये की समस्या को नकारना भी एक समस्या है। अब तो कहानी में सुनते आए थे कि भेड़िया आया भेड़िया आया का झूठ फैलाया जाता है। अब सच में भेड़िया आ रहा है तो प्रशासन उल्टी कहानी सुना रहा है और कह रहा है कि भेड़िया नहीं आया भेड़िया नहीं आया। यह ट्वीट जिले में वायरल हो रहा है।

मजदूर पर सियार ने किया हमला

- नाराज लोगों ने सियार को पीट कर मार डाला

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के चिलवा गांव में बन रहे पानी टंकी में काम करने वाले श्रमिक पर शनिवार सुबह एक सियार ने हमला कर घायल कर दिया। इससे नाराज लोगों ने सियार को पीट-पीटकर मार डाला। सूचना वन विभाग को दी गई। जिले में भेड़िया की दहशत में सियार की जान लोग ले रहे हैं। आए दिन किसी न किसी गांव में सियार मानव वन्यजीव संघर्ष का शिकार हो रहे हैं। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के चिलवा गांव में पानी टंकी का निर्माण हो रहा है। जिसमें क्षेत्र के अंगदपुर बदायूं गांव निवासी मैनेजर प्रसाद (32) पुत्र राजा चंद्र श्रमिक का काम करते हैं। शनिवार सुबह वह काम करने के लिए जा रहे थे। तभी गन्ने के खेत से निकले सियार ने हमला कर घायल कर दिया। श्रमिक के शोर मचाने पर आसपास के अन्य मजदूर और गांव के लोग दौड़े। सभी ने सियार को पीट पीट कर मार डाला है। वहीं घायल श्रमिक को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी रेंज कार्यालय में दी गई है। समाचार लिखे जाने तक कोई वन कर्मी मौके पर पहुंचा नहीं है।

बेटा बना हैवान, गला दबाकर ले ली मां की जान

रात मे मां से हुआ था विवाद, पिता ने बेटे पर लगाया हत्या का आरोप

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जनपद के धनावा गांव निवासी एक महिला को उसके पुत्र पर ही गला दबाकर हत्या का आरोप लगा है। मृतक महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनावा गांव निवासी रंगी लाल के तीन बेटे हैं। इस समय परिवार में कुछ विवाद चल रहा था। जिसके चलते दो बेटे बाहर मजदूरी के लिए चले गए हैं। वहीं बड़ा बेटा जयकरन घर पर है। जय करन से शुक्रवार रात को मां गुलाबा देवी (75) कुछ विवाद हुआ। गांव के लोगों का कहना है कि पारिवारिक विवाद में बेटे ने मां का रात 12 बजे गला दबा दिया। कुछ ही देर में महिला की मौत हो गई। रोते बिलखते पति रंगी लाल अपनी पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस पर परिवार में कोहराम मच गया। रंगी लाल ने पुलिस को सूचना दी। रंगी लाल का कहना है कि बेटे ने पत्नी को मार डाला है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। अभी मौत संदिग्ध ही लग रही है।

सुरक्षित गर्भसमापन महिलाओं के स्वास्थ्य व अधिकारों की सुरक्षा का संकल्प : सीएमओ

- अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भसमापन दिवस के अवसर पर बैठक आयोजित

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भसमापन दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा की अध्यक्षता में सीएमओ सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित गर्भसमापन सेवाओं के प्रति जागरूक करना और मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए समर्पित प्रयासों को सुदृढ़ बनाना था।

राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के आंकड़ों के अनुसार देश में 14 प्रतिशत गर्भसमापन सरकारी अस्पतालों में, 52 प्रतिशत निजी अस्पतालों में, और 34 प्रतिशत असुरक्षित रूप से घरों में किए जाते हैं। सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने असुरक्षित गर्भसमापन के खतरों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि घर पर असुरक्षित गर्भसमापन से महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न होता है और यह मातृ मृत्यु दर का एक बड़ा कारण है। इसके लिए प्रशिक्षित सेवा प्रदाताओं द्वारा मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य इकाइयों में सुरक्षित गर्भसमापन सेवाओं का उपयोग किया जाना अनिवार्य है। यह सेवाएं चिकित्सकीय गर्भसमापन अधिनियम 1971 और इसके 2021 संशोधन के तहत 20 सप्ताह तक कानूनी रूप से उपलब्ध हैं।एसीएमओ डॉ संतोष राना ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गर्भपात के बाद परिवार नियोजन साधनों की जानकारी दी और सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर सुरक्षित गर्भसमापन सेवाओं के लिए परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य इकाईयों पर आईईसी सामग्री जैसे पोस्टर और लीफलेट्स प्रदर्शित करने के लिए कहा। आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को सामुदायिक बैठकों और गृह भ्रमण के दौरान महिलाओं को सुरक्षित गर्भसमापन सेवाओं के बारे में जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य इकाईयों पर गर्भसमापन सेवाओं की निःशुल्क उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित सेवा प्रदाताओं के नाम और संपर्क नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे ताकि लाभार्थी उनसे सीधे संपर्क कर सकें। गर्भसमापन सेवाओं के लाभार्थियों की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और उन्हें सम्मानजनक मातृत्व का वातावरण प्रदान किया जाएगा।

विशेष परिस्थितियों में 24 सप्ताह तक गर्भसमापन की सुविधा

सीएमओ ने कहा कि कुछ विशेष परिस्थितियों में गर्भसमापन की सेवाएं 24 सप्ताह तक दी जा सकती हैं। इन परिस्थितियों में यौन उत्पीड़न, दुष्कर्म, नाबालिग होना, गर्भावस्था के दौरान तलाक या विधवापन, शारीरिक अक्षमताओं वाली महिलाएं, मानसिक रूप से रुग्ण महिलाएं, भ्रूणीय विकृति, और मानवीय आपदाएं या आकस्मिक परिस्थितियां शामिल हैं।

आशा कार्यकर्ताओं के लिए प्रोत्साहन राशि

बैठक के अंत में सीएमओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से गर्भसमापन सेवाओं से जुड़ी महिलाओं का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करवाएं। साथ ही बताया कि सर्जिकल और औषधीय गर्भसमापन विधियों से संबंधित जानकारी और सहायता प्रदान करने के लिए आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक, टीएसयू एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने चलाया महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टी रोमियो टीम द्वारा मन्दिर, बाजारों, प्रमुख मार्गो, स्कूल-कॉलेजों आदि पर की जा रही चेकिंग
- महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं-बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक
- मनचलों, सोहदों की चेकिंग कर दी जा रही कड़ी चेतावनी

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं/बेटियों को स्वावलम्बी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान ''मिशन शक्ति अभियान'' चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद की समस्त एंटी रोमियों टीमों द्वारा नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलम्बन के प्रति पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरुक करने के उद्देश्य से बैंकों व स्कूलों में जन-जागरुकता एवं प्रचार-प्रसार के अंतर्गत महिला अपराध संबंधी कानून के बारे में, महिलाओं एवं बच्चों की मानव तस्करी के बारे में महिलाओ एवं बालिकाओं को जागरूक किया।

शक्ति दीदी/ महिला बीट आरक्षियों/ एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बीट/ गांव/ स्कूल/कॉलेज में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक करते हुए उनकी शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये। इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्पलाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित उप्र शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

पत्नी की हत्या मामले में पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

लालगंज कोतवाली क्षेत्र से दो सप्ताह पहले गायब हुई महिला को उसके पति ने मौत के घाट उतार दिया था। हत्या करने के बाद शव को घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर दबा दिया था। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने महिला के पति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया तो पूरा मामला खुल गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे मेहरबान निवासी देवी प्रसाद की बेटी पिंकी (24) रामपुर गांव में रामप्रकाश उर्फ ऊदल से हुई थी। गत 14 सितंबर को पिंकी गायब हो गई।

मायकेवालों ने बताया कि 14 अगस्त की शाम को करीब साढ़े आठ बजे उससे फोन पर बात हुई। नौ बजे तक उसकी बेटी के घर पर होने की जानकारी मिली। थोड़ी देर बाद उसकी बेटी का फोन स्विचऑफ हो गया। इस बारे में दामाद रामप्रकाश उर्फ ऊदल ने कोई जानकारी नही दी। बाद में अचानक वह गायब हो गया। देवी प्रसाद ने दामाद पर बेटी की हत्या कर शव को गायब करने का आरोप लगाया था। देवी प्रसाद ने लालगंज कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके जांच शुरू कर दी थी। लालगंज कोतवाली पुलिस ने महिला के पति को मुंबई से हिरासत में ले लिया। लालगंज लाने के बाद उससे पूछताछ शुरू की। पूछताछ में उसने बताया कि पिंकी की हत्या करने के बाद घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर शव को दबा दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शुक्रवार को शव बरामद कर लिया। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सीओ लालगंज ने बताया कि मृतका के पति की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया गया है। मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- लगभग दो सप्ताह पहले गायब हुई थी महिला
- पुलिस ने गंगा एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे से बरामद किया था महिला का शव
- लालगंज कोतवाली मे दर्ज थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

दहेज लोभियों को पुलिस ने भेजा जेल

रायबरेली। रायबरेली दहेज लोभियों ने एक विवाहिता को दहेज के लिये इतना टॉर्चर किया कि उसकी जान ले ली गई। पुलिस ने मायके पक्ष कि तहेरीर पर ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला जिले के सलोन कोतवाली क्षेत्र स्थित चक नेक नामपुर गांव का है। यहाँ के रहने वाले प्रेमलाल के पुत्र राम आनन्द के साथ वर्ष 2021 में प्रतापगढ़ जनपद के केशवा पुर गांव की नीतू का विवाह हुआ था। युवती के पिता रामलखन सरोज ने बताया कि दामाद रामाआनन्द बाहर रहता था। घर पर उनकी बेटी के सास-ससुर व ननद द्वारा दहेज के खातिर रोजाना उनकी बेटी का उत्पीड़न होता था। 27 सितंबर कि सुबह फोन आया कि तुम्हारी पुत्री ने फांसी लगा ली है। जब मौके पर पहुंचे तो पुत्री नीतू कि नाक से खून निकल रहा था और पैर जमीन पर छुआ हुआ था। सूचना पर मायके पक्ष से कई लोग आ गए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं तहरीर के आधार पर सलोन पुलिस ने मृतका कि सास ससुर व बड़ी नन्द के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। सलोन थाना अधीक्षक जेपी सिंह ने जानकारी देते बताया कि इस मामले मृतका के पिता की तहरीर पर सास, ससुर व ननद के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है। तहरीर के आधार पर मृतका के ससुर प्रेमलाल पुत्र सरदार उम्र 65 वर्ष, सास राजकली पत्नी प्रेमलाल उम्र 60 वर्ष को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं मृतका की ननंद मिथिला पत्नी हेमराज निवासी बिसया थाना सलोन के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

कहीं अमृत तो कहीं आफत बनकर बरसे बदरा

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

लगातार हो रही बारिश अब किसानों पर आफत बनकर बरस रही है पिछले कई दिनों से हो रही बारिश से जहां कुछ किसानों के चेहरे खुले हुए हैं तो वहीं कुछ किसानों के चेहरे मुरझाए हुए है क्योंकि लगातार हो रही बारिश से धान के फूलों को काफी नुकसान हुआ है किसानों ने बताया कि धान के फूल सब धुल गए हैं जिससे कि अब फसल की पैदावार में इसका असर पड़ता हुआ दिखाई पड़ रहा है। तो वहीं कुछ किसानों ने बताया कि जिन धान की फसल के लिए पानी की आवश्यकता थी उसके लिए यह बारिश अमृत के समान है। जिससे तमाम तरह के कीटाणु भी पानी गिरने की वजह से नष्ट हो गए जिससे अब धान की फसल अच्छी तैयार होगी वहीं जो किसानों ने धान की फसल को सबसे पहले लगाया और वह बालियां देने लगी उन फसलों पर बारिश की वजह से काफी मात्रा में फसल जो है वह पलट गई जिससे किसानों के चेहरे मुरझा गए ।

खबरें एक नजर में

चोरों के आतंक से क्षेत्र में दहशत

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज। चोरों के आतंक से क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो चुकी है, आए दिन चोर गांव में आंख मिचौली का खेल खेल रहे हैं। रात्रि में दो संदिग्ध व्यक्ति गांव की तरफ से भागकर अचानक पान की भीट में घुस गए। जिन्हें खोजबीन के बाद फरार होने में कामयाबी मिल गई। घटना दिनांक 27 सितंबर रात 9:00 बजे के आसपास ग्राम खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा में एक युवक आयुष मिश्रा ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को अचानक गांव से निकलकर बगल में स्थित पान के भीट में घुसते हुए देखा। युवक के आवाज लगते ही मौके पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण लाठी और डंडा लेकर उक्त स्थान पर पहुंच गए। युवक के द्वारा बताए गए घटनाक्रम के अनुसार ग्रामीणों ने भीट को चारों तरफ से घेर लिया तथा खोजबीन शुरू कर दी। कुछ ग्रामीण भीड़ के अंदर घुसकर भी खोजने का प्रयास कर रहे थे। आसपास के गांव के भी लोग शोर गुल सुनकर पहुंच गए। और संदिग्ध दो व्यक्तियों की खोजबीन शुरू कर दी। इसी बीच सूचना 112 पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची 1735 पुलिस और ग्रामीणों के घंटो अथक प्रयास के बाद भी अज्ञात व्यक्ति भागने में कामयाब हो गए। जिन्हें नहीं तलाशा जा सका। इस तरह की घटना से ग्रामीणों में चोरों के प्रति दहशत व्याप्त हो गई है। लोग रातों-रात जाकर अपने घरों की पहरेदारी कर रहे हैं। प्रशासन से मांग है कि जल्द ही इन चोरों की तलाश कर इन पर कार्यवाही की जाए जिससे लोग लोगों की दहशत खत्म हो सके। थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, जांच एवं छानबीन की जा रही है।

आकाशीय बिजली गिरने से गोवंश की मौत, किशोर झुलस कर घायल

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र में आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला, जहां गोवंश को बाध रहे किशोर के पास बिजली गिर गई, जिसमें गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई तथा किशोर गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। घटना दिनांक 27 सितंबर शाम 8:00 बजे के आसपास की है, जब कुबेरी खेड़ा मजरे राजामऊ में शुक्रवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से गोवंश की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है। वही गोवंश के पास ही खड़ा किशोर दीपक उम्र 15 वर्ष पुत्र परशुराम झुलस कर घायल हो गया। बिजली गिरने की सूचना ग्रामीणों में आग की तरह फैल गई। मौके पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। घायल हुए किशोर के सिर तथा हाथ में झुलसने का निशान पाया गया है। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने किशोर को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चिकित्सक गणनायक पांडे ने बताया कि किशोर की हालत गंभीर है। जिसके चलते उसे जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है।

सर्पदंश से वृद्ध महिला की हालत गंभीर

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानीखेड़ा मजरे राजामऊ गांव निवासी सावित्री देवी पत्नी सहदेव उम्र 60 वर्ष की सर्प दंश से हालत गंभीर हो गईद्य घटनाक्रम के अनुसार आपको बताते चले की वृद्ध महिला सावित्री देवी को शुक्रवार की सुबह तकरीबन 4:00 बजे के आसपास घर में अपना निजी कार्य कर रही थी तभी सांप ने उन्हे डंस लिया, जिसे पारिवारी जनों ने मौके पर देखा और उसे मौत के घाट उतार दियाद्य परंतु परिवारीजन देर शाम तक सर्पदंश की शिकार घायल वृद्ध महिला को लेकर झाड़-फूंक के चक्कर में पड़े रहे, जब महिला की हालत बिगड़ी तो वह उसे लेकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचेद्य जहां महिला की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सक गणनायक पांडे ने प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

जर्जर मार्ग की वजह से दुर्घटना का शिकार हुआ किशोर

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमरपुर गांव में बीते कई वर्षों से गांव के मुख्य मार्ग की स्थिति जर्जर होने के कारण एक किशोर दुर्घटना का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल किशोर नैतिक उम्र 15 वर्ष पुत्र धर्मवीर निवासी उमरपुर उस समय दुर्घटना का शिकार हो गया, जब वह अपने घर से गांव में ही स्थित एक दुकान पर साइकिल से सामान लेने जा रहा था। तभी मार्ग जर्जर होने के कारण उसकी साइकिल अनियंत्रित हो गई, और वह गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, पारिवारिक जनों के द्वारा आनन फानन में इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सक गणनायक पांडे ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया हैद्य विदित हो कि उमरपुर गांव का यह मार्ग गांव का मुख्य मार्ग है और कई वर्षों से जर्जर स्थिति में पड़ा हुआ है, जिसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों से की गई परंतु अभी तक उनके कानों में जू नहीं रेगी, ग्रामीणों का मानना है कि जब कोई बड़ा हादसा इस मार्ग पर हो जाएगा तभी अधिकारी इस मार्ग की इस जर्जर स्थिति पर ध्यान देंगे।

तीन अभियुक्त गिरफ्तार

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज। गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम के मामले में फरार तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया हैं। बीते 25 सितंबर को संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक को पीछा कर नूरुद्दीनपुर टोल प्लाजा के पास से पकड़ा था। जिसका चालक मौके से फरार हो गया था। ट्रक के अंदर 16 गौवंशों को बरामद कर गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था।जिसमें वांछित सोनू पुत्र सुंदरलाल,रामचंद्र पुत्र मोहनलाल निवासी पुरे मचल मजरे बराडीह थाना सलोन,चंदन सिंह पुत्र अशोक पूरे भुवा मजरे सनही थाना भदोखर को सूची भदोखर बार्डर से गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिक्षा में भेजा गया हैं।

लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार

सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज। जनपद की सरेनी थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी शकील उर्फ तारा पुत्र मोहम्मद जब्बार उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम तारा बैन्ड आनन्द महल मार्केट लाल बंगला थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर का रहने वाला बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी मु0अ0सं0 407/2015 का अभियुक्त है।वह लंबे समय से फरार चल रहा था। अदालत से उसके विरूद्ध वारंट निर्गत था। गिरफ्तारी के बाद शनिवार को उसे अदालत में प्रस्तुत किया गया।

एएसपी व एसडीएम ने की थाना दिवस की अध्यक्षता

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

थाना दिवस का हुआ आयोजन भारी बारिश के बीच में नहीं देखे शिकायतकर्ता। एडिशनल एसपी और एसडीएम ने की अध्यक्षता कोतवाली परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा महराजगंज एसडीएम रश्मि लता द्वारा की गई जिसमें शिकायतकर्ताओं द्वारा शिकायती पत्र दिए गए राजस्व विभाग के पांच शिकायती पत्र थाना दिवस में आए जिनमें किसी भी शिकायती पत्र का निस्तारण अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया। इस मौके पर को या यादुवेंद्र पाल कोतवाल बालेंदु गौतम सहित क्षेत्रीय लेखपाल एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

पति से परेशान महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

- स्थानीय पुलिस पर कार्रवाई न करने के लगे आरोप

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली निवासी एक पीड़ित महिला ने अपने ही पति व बच्चों पर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की है और मारपीट करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है आपको बता दे कि जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र के लोदीपुर उतरांवा गांव की रहने वाली गीता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके पति तथा घर के अन्य लोगों द्वारा आए दिन मारपीट की जा रही है जिसको लेकर मामले का शिकायती पत्र लालगंज थाने में दिया गया था लेकिन थाने की पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पति ने घर में घुसकर घर के अन्य सदस्यों के साथ गाली गलौज करते हुए बेरहमी से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी पीड़िता के मुताबिक डायल 112 पुलिस को भी सूचना दी गई लेकिन डायल 122 पुलिस ने भी कोई सुनवाई नहीं की स्थानीय पुलिस से सुनवाई न होने को लेकर पीड़िता ने एसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है और मारपीट करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

राम कथा के छठवें दिन भगवान राम की लीलाओं का संगीतमय वर्णन

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

दुःख हरण नाथ मंदिर परिसर में संगीतमय राम कथा के छठवें दिन भगवान राम की लीलाओं का विस्तृत वर्णन किया गया। राम कथा में मधुर मधुर नाम सीताराम सीताराम, अमल विमल नाम सीताराम सीताराम का मौजूद भक्तों ने संकीर्तन कर भाव विभोर हो गये।

संगीतमय रामकथा में सन्त सर्वेश जी महाराज ने संकटमोचन हनुमान जी की स्तुति के साथ कथा का आरम्भ किया गया। छठवे दिन के मुख्य यजमान ओम प्रकाश गुप्त व दीप प्रज्ज्वलन राम प्रताप वर्मा जिला पंचायत सदस्य ने किया। इस अवसर पर दीपक चौधरी, महेश गुप्त, रामकुमार, सरवन सोनी, प्रखर, विजय जायसवाल, सुधीर श्रीवास्तव, व मनोज कसेरा सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

शहीद ए आजम भगत सिंह को किया नमन

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यज।

कस्बे के कुटी मोहल्ला में स्थित उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रांगण में भारत की आजादी के महानायक एवं देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम के इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के साथ-साथ विद्यालय के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी ने शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कियाद्य इसी कड़ी में विद्यालय के संस्थापक श्री अवस्थी ने कहा कि प्राणों की शहादत से बढ़कर कुछ भी नहीं है, आज संपूर्ण राष्ट्र शहीदे आजम भगत सिंह जी की उस दीवानगी का कायल है जो देश के लिए मर मिटने की प्रेरणा देता है, वह सलाम के पात्र हैं। इसी कड़ी में उन्होंने यह भी कहा कि भारत माता के आंचल के स्नेहल छांव में भगत सिंह ने शहादत को आभूषण मानते हुए हंसते-हंसते अपने प्राणों का बलिदान दिया है, इसलिए हम सभी उनको बारंबार नमन करते हैं। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

पिकअप व ऑटो की टक्कर में एक की हालत गंभीर

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। महराजगंज बछरावां रोड पर आपस में टकराए ऑटो और पिकअप हुआ भीषण एक्सीडेंट। रमना तिराहा के पास पिकअप और ऑटो में टक्कर हो गई जिसमें हरि ओम पुत्र बाल गोविंद उम्र 25 साल निवासी पूरे लोकई मंज़रे मऊ रोखा पोस्ट डीह गोकरन पुत्र शिवराम उम्र 31 वर्ष पता पूरे लोकई मऊ रोखा रायबरेली जिसमें हरि ओम को अत्यधिक चोट लगने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है और गोकरन का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है।

मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए जागरूकता जरूरी : सीएमओ

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में मातृ एवं बाल मृत्यु की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा इकाइयों के प्रतिनिधियों के अलावा यूनिसेफ, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी.पी. सिंह, डॉ. अजय कुमार शुक्ला, डॉ. मीनाक्षी चौधरी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, साकेत शुक्ला और अविनाश विक्रम सिंह सहित अन्य विशेषज्ञों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान सीएमओ डॉ. रस्तोगी ने उपस्थित सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से मातृ एवं बाल मृत्यु दर से संबंधित आंकड़ों और जानकारी की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और मातृ एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए किस प्रकार सर्विलांस रिपोर्टिंग की जानी चाहिए, इस पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए जागरूकता बेहद महत्वपूर्ण है और इसके लिए सतत प्रयास आवश्यक हैं। सीएमओ ने बताया कि मातृ मृत्यु के कारणों की पहचान और उनकी समीक्षा एक निरंतर प्रक्रिया होनी चाहिए। इसके जरिए मौतों के कारणों का पता लगाने के बाद आवश्यक सुधार किए जा सकते हैं, जिससे भविष्य में मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन (ङ्ग।ह्र) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि प्रति वर्ष 2.7 करोड़ से अधिक नवजात बच्चों की मौत जन्म के पहले 7 दिनों के अंदर होती है, और 2.6 करोड़ से अधिक नवजात बच्चों की मौत जन्म के 28 दिनों के अंदर हो जाती है। बैठक के दौरान जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विनोद कुमार त्रिपाठी द्वारा एक प्रेजेंटेशन (पीपीटी) भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें मातृ मृत्यु दर को कम करने के उपायों और रिपोर्टिंग प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। सीएमओ ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए और जनसाधारण के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए।

एमएलके पीजी कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में शनिवार को आई क्यू ए सी एवं बीसीए विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने साइबर अपराध : भारत में मुद्दे, चुनौतियाँ और सुरक्षा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पुलिस के सलाहकार व साइबर एक्सपर्ट राहुल मिश्र, कार्यक्रम अध्यक्ष एस बी आई बैंक के मुख्य प्रबंधक अनूप रंजन, संरक्षक व संयुक्त सचिव प्रबंध समिति बी के सिंह,प्रभारी प्राचार्य प्रो0 पी के सिंह,मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह, आई क्यू ए सी के कोऑर्डिनेटर प्रो0 तबस्सुम फरखी, समन्वयक डॉ. सद्गुरु प्रकाश व आयोजन सचिव विभागाध्यक्ष बीसीए अभिषेक सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके बाद कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत सरस्वती वंदना व महाविद्यालय के कुलगीत से हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राहुल मिश्र ने कहा कि जागरूकता एवं जानकारी के अभाव में लोग साइबर क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यदि हम अपने को थोड़ा सजग रखें और किसी भी परिस्थिति में मन को शांत रखकर किसी भी चीज का सत्यापन करके ही किसी भी प्रकार का लेन देन करें तो साइबर क्राइम का शिकार होने से बचा जा सकता है।उन्होंने बताया कि किसी भी तकनीक का दुरुपयोग करना साइबर क्राइम है। अधिकांश साइबर अपराध साइबर अपराधियों या हैकर्स द्वारा किए जाते हैं जो पैसा कमाना चाहते हैं। हालाँकि, कभी-कभी साइबर अपराध का उद्देश्य लाभ के अलावा अन्य कारणों से कंप्यूटर या नेटवर्क को नुकसान पहुँचाना होता है। ये राजनीतिक या व्यक्तिगत हो सकते हैं। लालच और डर के कारण लोग अधिकतर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं। आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर प्रो0 तबस्सुम फरखी ने सभी का स्वागत करते हुए संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी का संचालन डॉ स्वदेश भट्ट ने किया। इस दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान भी किया गया।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2024

आगामी त्यौहारों के सीजन में रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्वघोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा:-

09013/09014 उधना-छपरा-उधना विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09013 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09014 आगमन	प्रस्थान
---	07:00	उधना	08:15	---
13:25	13:35	वाराणसी	03:30	03:40
19:30	---	छपरा	---	22:30

चलने के दिन: 09013 उधना से दिनांक 05.10.2024 से 30.11.2024 प्रत्येक शनिवार **एवं 09014 छपरा से** दिनांक 06.10.2024 से 01.12.2024 प्रत्येक रविवार को;
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: भरुच जं., वडोदरा जं., गोधरा जं., रतलाम जं., उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी एवं बलिया स्टेशन।

09027/09028 बान्द्रा(टर्मि.)-मालदा टाउन-बान्द्रा(टर्मि.) विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09027 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09028 आगमन	प्रस्थान
---	11:00	बान्द्रा (टर्मि.)	18:15	---
16:50	16:52	बाराबंकी	14:55	14:57
16:30	---	मालदा टाउन	---	17:30

चलने के दिन: 09027 बान्द्रा (टर्मि.) से दिनांक 02.10.2024 से 27.11.2024 प्रत्येक बुधवार **एवं 09028 मालदा टाउन से** दिनांक 05.10.2024 से 30.11.2024 प्रत्येक शनिवार को;
स्थान: 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: बोरीवली, वापी, सूरत, भरुच जं., वडोदरा जं., गोधरा जं., रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर जं., कहलगांव, साहिबगंज, बड़हरवा जं., एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन।

09031/09032 बान्द्रा(टर्मि.)-गोरखपुर-दहानू रोड विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09031 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09032 आगमन	प्रस्थान
---	12:15	बान्द्रा (टर्मि.)	---	---
14:04	14:06	दहानू रोड	12:25	---
15:35	15:40	लखनऊ	08:45	08:50
21:00	---	गोरखपुर	---	04:00

चलने के दिन: 09031 बान्द्रा (टर्मि.) से दिनांक 03.10.2024 से 28.11.2024 प्रत्येक बृहस्पतिवार **एवं 09032 गोरखपुर से** दिनांक 05.10.2024 से 30.11.2024 प्रत्येक शनिवार को;
स्थान: 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: बोरीवली, पालघर, दहानू रोड, वापी, वलसाड, उधना, भरुच जं., वडोदरा, गोधरा, रतलाम जं., उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी जं., गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

09421/09422 साबरमती-सीतामढ़ी जं.-साबरमती बीजी विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09421 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09422 आगमन	प्रस्थान
---	19:45	साबरमती	06:00	---
18:15	18:30	लखनऊ	06:15	06:25
08:30	---	सीतामढ़ी	---	16:00

चलने के दिन: 09421 साबरमती से दिनांक 05.10.2024 से 30.11.2024 प्रत्येक शनिवार **एवं 09422 सीतामढ़ी से** दिनांक 07.10.2024 से 02.12.2024 प्रत्येक सोमवार को; **स्थान:** 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: महेसाना जं., पालनपुर जं., आबूरोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर जं., किशनगढ़, जयपुर जं., बांदीकुई जं., भरतपुर जं., अहमदाबाद जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., लखनऊ, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., सिसवा बाजार, नरकटियागंज जं. एवं रक्सौल जं. स्टेशन

04006/04005 दिल्ली जं.-जयनगर-दिल्ली जं. आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) — 30 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04006 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04005 आगमन	प्रस्थान
---	23:05	दिल्ली जं.	01:30	---
23:45	---	जयनगर	---	01:30

चलने के दिन: 04006 दिल्ली जं. से दिनांक 08.10.2024 से 26.11.2024 प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार **एवं 04005 जयनगर से** दिनांक 10.10.2024 से 28.11.2024 प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को;
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

04048/04047 आनन्द विहार(टर्मि.)-कटिहार जं.-आनन्द विहार (टर्मि.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) — 30 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04048 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04047 आगमन	प्रस्थान
---	15:20	आनन्द विहार(टर्मि.)	17:50	---
15:00	---	कटिहार जं.	---	18:00

चलने के दिन: 04048 दिल्ली जं. से दिनांक 08.10.2024 से 26.11.2024 प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार **एवं 04047 कटिहार जं. से** दिनांक 09.10.2024 से 27.11.2024 प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को;
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन

खजाना मैंने खाली नहीं किया

मी लार्ड ! खजाना मैंने खाली नहीं किया। मैं तो खजाने के पास गया तक नहीं। मेरे पास तो खजाने की चाबी भी नहीं है। मैंने खजाना खोलकर भी नहीं देखा। मुझे तो सिर्फ इतना पता है कि मेरी जेब से पैसे कट कर खजाने में जाते रहे हैं। मैं बिजली, पानी का बिल देता हूं और बिल के पैसे खजाने में जाते हैं। मैं सड़क पर गाड़ी चलाते समय टोल टैक्स पर पर्ची कटवाता हूं और उसके पैसे भी खजाने में जाते हैं। मैं घर के लिए जो राशन खरीद कर लाता हूं, उस पर भी सरकार टैक्स वसूलती है और यह पैसा सरकार के खजाने में जाता है। जन्म प्रमाणपत्र से लेकर मृत्यु प्रमाणपत्र तक बनाने में सरकार हमसे पैसे लेती है और वह पैसे खजाने में जाते हैं। मी लार्ड! मैंने तो जब से जन्म लिया है, तब से मैं खजाने में पाई पाई डालता आया हूं। मुझ पर तो यह तोहमत भी नहीं लग सकती कि मैंने खजाना अपने मित्रों में बांट दिया है। हेलीकॉप्टर की सैर पर उड़ा दिया है। फाइव स्टार होटलों में ठहरने पर खर्च कर दिया है। मैं तो जो कुछ भी करता हूं, अपनी जेब से करता हूं। सरकारी खजाने को मैंने छेड़ा तक नहीं है। अब खजाना खाली कैसे हो गया, यह जांच का विषय है और मैं इस जांच में अपना पूरा सहयोग देने को तैयार हूं। लेकिन मैंने खजाना खाली नहीं किया है। मुझे तो महंगाई भत्ते की अभी तक किस्त नहीं मिली है। मुझे अभी तक एरियर नहीं मिला है। मेरे मेडिकल बिलों का अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। जब मुझे कुछ मिल ही नहीं रहा है, तो फिर मैंने खजाना खाली कैसे कर दिया। अकेला मैं ही नहीं। मेरे जैसे हजारों और सरकारी कर्मचारी व पेंशनर्स हैं। उन्होंने भी खजाना खाली नहीं किया। वह तो रूखी सूखी खाकर अपनी मांगों के समर्थन में धरना दे रहे हैं। धरने के एवज में उन्हें नोटिस तो मिल रहे हैं, लेकिन खजाने से पैसा नहीं मिल रहा। इसलिए उन्होंने भी खजाना खाली नहीं किया। मैंने कई कर्मचारियों को फोन लगा कर पूछा कि आपने तो नहीं खजाना खाली किया। उन्होंने भी साफ मना कर दिया। मैंने पब्लिक से पूछा। पब्लिक बोली, नेताओं से पूछो, हमसे क्यों पूछ रहे हो। ब्यूरोक्रेसी से पूछो। ब्यूरोक्रेसी को सब मालूम रहता है। उनके बीवी बच्चों के लिए सरकारी गाडियां इधर से उधर दौड़ती हैं। कभी बाजार से धनिया लाने के लिए। कभी बच्चों को स्कूल छोडने और ले जाने के लिए। कभी साहब की बीवी को किटी पार्टी तक पहुंचाने के लिए गाडियां दौड़ती रहती हैं। पेट्रोल का भुगतान सरकारी खजाने से होता है। हो सकता है कि पेट्रोल ही सरकारी खजाना पी गया हो। मैंने अपने शहर के एक-दो ठेकेदारों से पूछा कि सरकारी खजाना कहीं आपकी जेब में तो नहीं आ गया है। वे उल्टा अपना दुखड़ा बताने बैठ गए कि पिछले दो सालों से उनकी पेमेंट फंसी हुई है और उन्हें रोजी-रोटी के लाले पड़े हुए हैं।

केके मोहम्मद की बातों को गंभीरता से लेना होगा, यह हिंदू आस्था का विषय

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

वस्तुतः इतिहास साक्षी है कि दुनिया में इस्लाम का प्रसार तलवार के बल पर हुआ। लोगों को इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया गया। उनके पूजा-स्थलों को ध्वस्त कर उसके मलबे से मस्जिदों का निर्माण करने के अनेकों उदाहरण आज मौजूद हैं। इसीलिए ही भारत में सैकड़ों मस्जिदों की दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र या सनातन धर्म के अन्य प्रतीक चिह्न दिखाई देते हैं। मुस्लिम शासकों ने 60,000 हिंदू मंदिरों को तोड़ा था और उनमें से 3,000 मंदिरों की जगह मस्जिदें बनाई थीं, यह तथ्य सर्वविदित है। 1989 में अरुण शौरी ने एक प्रसिद्ध और प्रभावशाली व्यक्ति मौलाना हकीम सैयद अब्दुल हाई से चर्चा करते हुए बताया था कि उन्होंने कई किताबें लिखी हैं, जिनमें से एक किताब 'हिंदुस्तान की मस्जिदें' है, जिसमें 17 पन्नों का अध्याय था। उसमें मस्जिदों का संक्षिप्त विवरण मिलता है।

भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित भारतीय पुरातत्वविद् के.के. मोहम्मद साहब का काम पुरातत्व के क्षेत्र में इतना अधिक है कि उनका नाम आज विश्वविख्यात है। इन्हें इबादत खाना, प्रमुख बौद्ध स्तूपों और स्मारकों की खोज का श्रेय दिया जाता है। अपने करियर के दौरान, बटेश्वर परिसर के जीर्णोद्धार का काम किया, नक्सल विद्रोहियों और डकैतों को सहयोग करने के लिए सफलतापूर्वक राजी किया, साथ ही दंतेवाड़ा और भोजेश्वर मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। इन्होंने ही बाबरी की खुदाई कर राम जन्मभूमि मंदिर के बारे में महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले थे। बाबरी मस्जिद के पश्चिमी हिस्से में एक प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले थे, जो गुर्जर-प्रतिहार राजवंश द्वारा 10वीं और 11वीं शताब्दी के बीच बनाया गया था। इसके पूर्व के अवशेष भी इन्होंने खोज निकाले थे। आपने दिल्ली में प्रतिकृति संग्रहालय के निर्माण की अवधारणा को भी सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया, जिसमें भारतीय मूर्तियों और पत्थर पर नक्काशीदार मूर्तियों की प्रतिकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इसके अतिरिक्त भी पुरातत्व से जुड़े अन्य कई सफल प्रयास इनके खाते में दर्ज हैं।

ऐसे प्रसिद्ध आर्कियोलॉजिस्ट के.के.मोहम्मद साहब ने काशी और मथुरा मन्दिर क्षेत्र को लेकर चल रहे विवाद पर एक महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया है। उनका कहना है, मुसलमानों को बड़ा दिल दिखाते हुए काशी और मथुरा के स्थलों को हिंदुओं को सौंप देना चाहिए, क्योंकि इन स्थानों में हिंदुओं की गहरी आस्था है, यही इस मुद्दे का एकमात्र समाधान है। इसके साथ ही वे यह भी उल्लेखित करते हैं कि इन स्थानों से जुड़ी मस्जिदों को लेकर मुसलमानों का कोई भावनात्मक जुड़ाव नहीं है और मुसलमानों को ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने के लिए खुद आगे आना चाहिए।

के.के.मोहम्मद साहब इतना कह कर ही नहीं रुके, वे आगे अपनी बातों में यह भी जोड़ते हैं कि भारत आज सेक्युलर देश है तो हिन्दुओं की वजह से है, हिन्दू यहाँ बहुसंख्यक हैं इसलिए देश सेक्युलर है। मुसलमानों को इसका शुक्रगुजार होना चाहिए। यदि मुसलमान बहुसंख्यक होते तो भारत की धर्मनिरपेक्षता बनाए रखना मुश्किल होता। आजादी के बाद मुसलमानों के लिए पाकिस्तान बनाया गया था, जबकि हिंदुओं को भारत दिया गया, फिर भी हिन्दुओं ने इसे हिन्दू देश नहीं बनाया, सेक्युलर रखा और इसके लिए मुसलमानों को आभार व्यक्त करना चाहिए। वस्तुतः इतिहास साक्षी है कि दुनिया में इस्लाम का प्रसार तलवार के बल पर हुआ। लोगों को इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया गया। उनके पूजा-स्थलों को ध्वस्त कर उसके मलबे से मस्जिदों का निर्माण करने के अनेकों उदाहरण आज मौजूद हैं। इसीलिए ही भारत में सैकड़ों मस्जिदों की दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र या सनातन धर्म के अन्य प्रतीक चिह्न दिखाई देते हैं।

मुस्लिम शासकों ने 60,000 हिंदू मंदिरों को तोड़ा था और उनमें से 3,000 मंदिरों की जगह मस्जिदें बनाई थीं, यह तथ्य सर्वविदित है। 1989 में अरुण शौरी ने एक प्रसिद्ध और प्रभावशाली व्यक्ति मौलाना हकीम सैयद अब्दुल हाई से चर्चा करते हुए बताया था कि उन्होंने कई किताबें लिखी हैं, जिनमें से एक किताब 'हिंदुस्तान की मस्जिदें' है, जिसमें 17 पन्नों का अध्याय था। उसमें मस्जिदों का संक्षिप्त विवरण मिलता है, जो यह बताता है कि कैसे मस्जिदों के निर्माण के लिए हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया गया था। राजस्थान स्टेट आर्काइव्ज बीकानेर में मुगलों के सैकड़ों पत्र सुरक्षित रखे गए हैं जिसमें औरंगजेब समेत कई इस्लामिक बादशाहों के पत्र हैं, जिसमें इनके द्वारा समय-समय पर दिए गए मंदिरों को तोड़ने, हिन्दुओं को मुस्लिम बनाने पर इनाम की घोषणा, दिवाली पर पटाखे जलाने को प्रतिबंधित करने के आदेश जैसे कई हिन्दू विरोधी कृत्य हैं । वर्ष 1990 में इतिहासकार सीताराम गोयल, अरुण शौरी, हर्ष नारायण, जय दुबाशी और राम स्वरूप ने मिलकर 'हिंदू टेम्पल- व्हाट हैपन्ड टू देम' नामक दो खंडों की किताब प्रकाशित की थी। उसमें सीताराम गोयल ने 1800 से अधिक मुस्लिमों द्वारा बनाई गई इमारतों, मस्जिदों और विवादित ढाँचों का पता लगाया था। देश की राजधानी दिल्ली का उल्लेख करते हुए इस पुस्तक में बताया गया है कि यहाँ कुल 72 जगहों की पहचान की गई है, जहाँ पर मुस्लिम आक्रमणकारियों ने सात शहरों का निर्माण करने के लिए इंद्रप्रस्थ और ढिलिका को नष्ट कर दिया था। वस्तुत 1192 ई. तक दिल्ली हिंदू राजाओं के द्वारा शासित होती थी। तराइन की दूसरी लड़ाई में मोहम्मद गोरी ने पृथ्वीराज चौहान को हराकर दिल्ली की सत्ता हासिल कर ली। उन्हीं दिनों कुतुबुद्दीन ऐबक, जो मोहम्मद गोरी का सेनापति था, ने श्री विष्णु हरि मंदिर और अन्य 27 जैन और हिंदू मंदिरों को तोड़कर उन्हीं के मलबे से एक ढांचा खड़ा किया, जिसे 'कुव्वतुल इस्लाम मस्जिद' का नाम दिया गया। वहीं, मंदिर की सामग्री का उपयोग अन्य स्मारकों, मस्जिदों, मजारों और अन्य संरचनाओं में किया गया था। 1871 में कुतुब कॉम्प्लेक्स में किए गए सर्वेक्षण की रिपोर्ट में जेडी बेगलर ने बताया था कि इल्तुतमिश के मकबरे, कुवततुल इस्लाम मस्जिद में हिन्दू साक्ष्य साफ दिखाई देते हैं और ये स्थल इस्लामिक आक्रांताओं द्वारा जोड़-तोड़ का सबसे बड़ा निशान है। इसी तरह खिलजी के मदरसे पर एएसआई की 1926 की रिपोर्ट में इसके गुंबद को हिंदू मन्दिर की कलाकृति के तहत बना हुआ बताया। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक मंदिरों को निशाना बनाया गया और यहां पर इस्लामिक आंधी ने हिंदुओं की कला और संस्कृति पर जरा भी रहम नहीं किया 299 विशाल और भव्य मंदिरों का विध्वंस कर दिया गया। इस पुस्तक के सभी लेखकों ने 142 जगहों की पुष्टि तत्कालीन आंध्र प्रदेश में की है। पश्चिम बंगाल में 102 जगहों पर मस्जिदें, किले और दरगाह हैं, जिन्हें मुस्लिम शासकों ने मंदिरों को नष्ट करके बनाया था। कर्नाटक में कुल 192 स्थान हैं। मध्य प्रदेश के 151 स्थलों का उल्लेख है। किताब में गुजरात की 170 चि-?हित हैं, जहाँ मंदिर को तोड़ कर मस्जिद बनाई गई हैं। बिहार में कुल 77 जगहों पर मंदिर को नष्ट करके या फिर उसकी सामग्री का उपयोग करके मस्जिदों, मुस्लिम संरचनाओं को तैयार किया गया। इसी तरह से इतिहासकारों द्वारा हरियाणा में कुल 77 स्थलों का उल्लेख मिलता है। वस्तुत इस पुस्तक और इसके बाहर अन्य तमाम पुस्तकों में जो वर्णन आया है उससे यह साफ पता चलता है कि भारत के जिस भी कोने में यह इस्लामी आक्रांता गए, उन्होंने सिर्फ और सिर्फ भारत की सनातन संस्कृति-सभ्यता के ध्वजवाहक मंदिरों को नष्ट करने का ही कार्य किया।

विचार

केवल कानून से नहीं रुकेगा बाल यौन शोषण

डॉ. सत्यवान सौरभ

सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के कानूनों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाते हुए 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' का नाम बदलकर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री करने का सुझाव दिया। इस निर्णय में यह अनिवार्य किया गया है कि व्यक्तियों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के किसी भी मामले की रिपोर्ट करनी होगी, जिससे जवाबदेही केवल उन लोगों तक ही सीमित नहीं रह जाएगी जो सामग्री को शेयर या संग्रहीत करते हैं। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को ऑनलाइन देखना भी अपराध है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ कानूनों को मजबूत करते हुए ऐतिहासिक निर्णय दिया है। जिसके अनुसार ऐसी आपतिजनक सामग्री देखना, रखना यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय है, भले ही सामग्री शेयर न की गई हो। यह निर्णय बाल शोषण को संबोधित करने और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण में व्यक्तियों की जवाबदेही को व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम को दर्शाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने संसद को सुझाव दिया कि वह यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम में संशोधन करके चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द के स्थान पर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री का प्रयोग करे। बाल शोषण और शोषण की भयावह वास्तविकताओं से जूझ रहे समाज में यह फैसला न केवल मद्रास उच्च न्यायालय के विवादास्पद फैसले को पलटता है, बल्कि संभावित अपराधियों के लिए एक मज़बूत निवारक के रूप में भी काम करता है। बाल यौन शोषण एक व्यापक मुद्दा है जिसे शून्य सहनशीलता के साथ निपटाया जाना चाहिए। यह निर्णय ऐसी सामग्री के मात्र कब्जे को बाल शोषण की बड़ी समस्या के हिस्से के रूप में मान्यता देता है। बाल पोर्नोग्राफ़ी सिर्फ़ एक अलग, निजी अपराध नहीं है, बल्कि दुर्व्यवहार के एक वैश्विक नेटवर्क में योगदान देता है, जहाँ पीड़ितों- अक्सर कमज़ोर बच्चों- का शोषणकारी सामग्रियों के संचलन और उपभोग के माध्यम से बार-बार उल्लंघन किया जाता है।

उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने धारा 15 का विस्तार किया है, जो अब चाइल्ड पोर्नोग्राफ़ी को देखने या रखने पर भी सजा का प्रावधान करता है। पूर्व में यह केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी शेयर करने पर दंड का प्रावधान था। वर्ष 2019 के संशोधन में केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी को प्रसारित या प्रदर्शित करने के इरादे से संग्रहीत करने पर दंड की शुरुआत की गई। न्यायालय ने रचनात्मक आधिपत्य को शामिल करने के लिए आधिपत्य की परिभाषा को व्यापक बनाया, जिसमें व्यक्तियों को ऐसी सामग्री को डाउनलोड किए बिना केवल देखने के लिए भी उत्तरदायी ठहराया गया। कोई व्यक्ति बिना स्टोर किए ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफिक वीडियो देखता है, तो भी उसे अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि धारा 15 में छोटे अपराध भी शामिल हैं, जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी को संग्रहीत करने या देखने जैसी गतिविधियों को बड़े अपराध करने की प्रारंभिक अवस्था के रूप में माना जाता है। पोर्नोग्राफी देखने की सूचना न देना भी अब दंडनीय अपराध माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के कानूनों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाते हुए 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' का नाम बदलकर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री करने का सुझाव दिया। इस निर्णय में यह अनिवार्य किया गया है कि व्यक्तियों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के किसी भी मामले की रिपोर्ट करनी होगी, जिससे जवाबदेही केवल उन लोगों तक ही सीमित नहीं रह जाएगी जो सामग्री को शेयर या संग्रहीत करते हैं। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को ऑनलाइन देखना भी अपराध है, जिससे बाल शोषण के खिलाफ डिजिटल सुरक्षा उपायों को मजबूती मिली है। इस निर्णय में कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा (इरादे) की गहन जाँच करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक मामले की गंभीरता की पूरी तरह से जाँच की गई है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले जैसे न्यायिक हस्तक्षेप जवाबदेही को बढ़ाते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी के निष्क्रिय उपभोग को भी दंडित किया जाए। बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी परिभाषाओं को मानकीकृत करने में न्यायालय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे कि 'चाइल्ड पोर्नोग्राफ़ी' में बदलाव की सिफारिश करना। यह परिवर्तन सुनिश्चित करता है कि कानून, बाल यौन शोषण की गंभीरता को प्रतिबिंबित करता है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी की रिपोर्टिंग को अनिवार्य बनाकर, न्यायिक हस्तक्षेप बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाने की समाज की जिम्मेदारी को मजबूत करता है। न्यायिक हस्तक्षेप ,भारत के कानूनी ढाँचे को अंतरराष्ट्रीय मान वली में बदलाव की सिफारिशें वैश्विक बाल संरक्षण मानदंडों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

बाल यौन शोषण से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है-जिसमें न केवल सख्त कानूनी प्रावधान शामिल हों बल्कि सामाजिक जागरूकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी शामिल हो। जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ती है और इंटरनेट अधिक व्यापक होता जाता है, बाल शोषण सामग्री वितरित करने के रास्ते बढ़ते जाते हैं। इसलिए, भारत की कानूनी प्रणाली को ऐसे अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए इन विकासों के साथ तालमेल रखना चाहिए। न्यायिक निर्णय बच्चों की सुरक्षा में सामाजिक भूमिका पर जोर देते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि समाज को ऐसे कृत्यों पर कार्रवाई करने में विफल रहने के लिए जवाबदेह ठहराए जाएँ।

हिमालय का दर्द और सोनम वांगचुक की यात्रा

हिमालय बचा रहेगा तो पूरा देश बचा रहेगा। हिमालय के लोगों की विकास की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमें वैकल्पिक विकास मॉडल पर काम करना पड़ेगा। इसके लिए स्थानीय समाजों की समझ का उपयोग करना जरूरी है, जिसके लिए लद्दाख के लोगों की चुनी हुई सरकार की मांग तर्कसम्मत है, जिसे माना जाना चाहिए। इसी दृष्टि से लद्दाख को छठी अनुसूची में डालने की मांग है। इस अनुसूची में डाले जाने से प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने में स्थानीय समाजों की भूमिका सशक्त होगी और सरकार को भी संसाधनों के तर्कपूर्ण दोहन के लिए व्यवस्था बनाने में आसानी होगी।

चौबीस दिन पैदल चलते हुए भाई सोनम वांगचुक हाल ही में नालागढ़ पहुंचे, जहां उनका स्थानीय साथियों ने भावपूर्ण स्वागत किया। लद्दाख से लेकर जगह-जगह उनकी यात्रा का इसी तरह स्वागत हो रहा है। सोनम जी के नेतृत्व में 100 के लगभग यात्री टोली हिमालय के दर्द को बांटते हुए हिमालय के संरक्षण का संदेश लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन दिल्ली पहुंचेंगे। अनादिकाल से पदयात्रा भारतवर्ष में शुद्ध जनहित और आध्यात्मिक संदेश पहुंचाने और समाज को जगाने का सशक्त माध्यम रहा है। वांगचुक जी की यात्रा को मिलता समर्थन यह सिद्ध कर रहा है कि पदयात्रा आज भी शुद्ध जनहित और आध्यात्मिक संदेश फैलाने का सशक्त माध्यम है, जिसकी प्रासंगिकता असंदिग्ध है, बशर्ते यात्रा का लक्ष्य स्वार्थ-जनित नहीं होना चाहिए। एक बार मैं और मेरे साथी रतन चंद और रघुवीर सिंह पिरता हिमाचल और गढ़वाल की हिमालय बचाओ संपर्क वाहन यात्रा पर रेणुका जी पहुंचे।

वहां हम एक साधू आश्रम में ठहरे। रात में भोजन के उपरांत आश्रम प्रमुख से अपनी यात्रा का आशय बताया तो वह कहने लगे, 'अरे, हिमालय तुम्हें बचा रहा है, तुम हिमालय को बचाने वाले कौन होते हो? इफिर चर्चा शुरू हुई कि हिमालय की हमें बचाने की शक्ति हमारी गलत विकास की गतिविधियों के कारण और हमारे लालच के कारण अति दोहन के चलते नष्ट हो रही है। अत- हिमालय को बचाने का अर्थ है हिमालय की वायु को शुद्ध करने की शक्ति, जल संरक्षण की शक्ति, जलवायु नियंत्रण की शक्ति, जैव विविधता द्वारा देश की सेवा करने की शक्ति, थके हारे मानस को शांति प्रदान करने की शक्ति, सदानीरा नदी तन्त्र द्वारा सेवा करने की शक्ति को लालच के लिए नुकसान पहुंचाने से बचाना और नुकसान पहुंचाने वालों को रोकना ही हिमालय को बचाना है। बस इतना सुनते ही आश्रम प्रमुख गदगद हो गए और अपना पैड निकाल कर अपना संदेश भी लिख दिया और इसको भी जगह जगह दिखाने का हमें आदेश दिया। हिमालय के जो प्राकृतिक और सांस्कृतिक अवदान हैं, उनको बचाना। हिमालय सांस्कृतिक विविधता का भी भंडार है। किसी भी समाज के दीर्घकालिक हित के लिए सांस्कृतिक विविधता भी बहुत आवश्यक तत्व है। हिमालय में यदि बर्फ न रहे तो हिमालय का क्या अर्थ रह जाएगा? किसी भी पारिस्थितिकी तंत्र में वहां के समाजों का होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मनुष्य समाज और प्रकृति तन्त्र का संतुलित रिश्ता ही पारिस्थितिकीय संतुलन का आधार है। हमारे आज के विकास का मॉडल इस तत्व की अनदेखी कर रहा है। हम सोचने लगे हैं कि सभी समस्याओं के समाधान इंजीनियरिंग और तकनीकी समझ से मिल सकते हैं। किन्तु ऐसा है नहीं। हम पानी का एक कतरा, हवा का एक श्वास, मिट्टी का एक ढेला, प्रकृति के तत्वों का प्रयोग किए बिना, बना नहीं सकते। जिन्दा रहने के लिए हवा, पानी और भोजन ही सबसे बुनियादी जरूरतें हैं। हमारा विकास इन्हीं पर आघात कर रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं, जिससे नदियों के अस्तित्व पर खतरा आ गया है। वे मौसमी होकर रह जाएंगी। मिट्टी हमारी रासायनिक खेती पद्धति द्वारा जहरीली होती जा रही है। वही जहर हमारे खाद्य पदार्थों में पहुंच रहे हैं। हवा को सभ्यता का धुआं जहरीला कर रहा है, तो संकट जिन्दा रहने पर आने वाला है। हिमालय क्योंकि सबसे संवेदनशील परिस्थिति तन्त्र है, इसलिए यहां होने वाले दुष्प्रभाव अधिक घातक होंगे और पूरे देश को प्रभावित करेंगे।

राशिफल

मेष- मेष राशि वालों, आप साहसी और गतिशील होते हैं। मेष राशि, राशि चक्र का पहला चिन्ह है। इस राशि के तहत पैदा हुए व्यक्ति अपने साहस, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के लिए जाने जाते हैं।

वृषभ-वृषभ राशि वालों, आप ज़मीन से जुड़े व्यक्ति होते हैं, वृषभ का चिन्ह बैल होता है। इस राशि के तहत जन्म लेने वाले लोग अपनी व्यावहारिकता, दृढ़ संकल्प और जीवन में बेहतर चीजों के प्रति प्रेम के लिए जाने जाते हैं।

मिथुन- मिथुन राशि वालों, आप बहुमुखी और जिज्ञासु होते हैं। इस राशि के तहत पैदा हुए व्यक्ति अपनी अनुकूलन क्षमता और बुद्धि के लिए जानें जाते हैं।

कर्क-कर्क राशि वालों, आप दूसरों का ख्याल रखने और दूसरे के प्रति सहानुभूति रखने वाले होते हैं। कर्क राशि का राशि चिन्ह केकड़ा होता है।

सिंह- सिंह राशि वालों, आप आत्मविश्वासी और करिश्माई व्यक्तित्व वाले होते हैं। सिंह राशि का राशि चिन्ह शेर होता है। इस राशि के तहत पैदा हुए व्यक्ति स्वाभाविक रूप से नेता जैसे होते हैं, आपका व्यक्तित्व आकर्षक होता है।

कन्या-कन्या राशि वालों, आप व्यावहारिक और विश्लेषणात्मक होते हैं। इस चिन्ह के तहत जन्म लेने वाले लोग सावधानीपूर्वक और विस्तार-उन्मुख निर्णय लेने वाले होते हैं।

तुला- तुला राशि वालों, आप कूटनीतिक और सामंजस्यपूर्ण रिश्ता निभाने वाले होते हैं। तुला का राशि चिन्ह तराजू होता है। इस राशि के तहत पैदा हुए व्यक्ति सुंदरता के प्रति अपने प्रेम के लिए जाने जाते हैं।

वृश्चिक-वृश्चिक राशि वालों, आप तीव्र और भावुक भावनाओं वाले होते हैं। वृश्चिक राशि का राशि चिन्ह बिच्छू है। इस राशि के तहत जन्म लेने वाले लोग रहस्यमयी और जटिल प्रवृति वाले होते हैं।

धनु-धनु राशि वालों, आप साहसी और दार्शनिक प्रवृति के होते हैं। धनु राशि का राशि चिन्ह धनुर्धर है। आप अपने आशावाद, घूमने की लालसा और स्वतंत्रता के प्रति प्रेम के लिए जाने जाते हैं।

मकर- मकर राशि वालों, आप महत्वाकांक्षी और अनुशासित होते हैं। इस राशि के तहत जन्म लेने वाले लोग मेहनती और व्यावहारिक होते हैं।

कुंभ-कुंभ राशि वालों, आप प्रगतिशील और मानवतावादी नेचर वाले होते हैं। कुंभ राशि का प्रतीक चिन्ह जल वाहक होता है। इस राशि में पैदा हुए व्यक्ति अपनी स्वतंत्र भावना, बौद्धिक कौशल और अपरंपरागत सोच के लिए जाने जाते हैं।

मीन-मीन राशि वालों, आप दयालु और सहज होते हैं। मछली, मीन राशि का प्रतीक चिन्ह होता है। इस चिन्ह के तहत जन्म लेने वाले लोग गहराई से सहानुभूतिशील और कल्पनाशील होते हैं।

देश को सशक्त स्त्री विमर्श की जरूरत

हृदयनारायण दीक्षित

स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है और गृहस्थ धर्म की प्रशंसा। विवाहित होना सम्मानीय था। एक सुंदर मंत्र में अग्नि से प्रार्थना है कि वह सभी देवों को पत्नी सहित लाएं। पत्नी हीन पुरुष को यज्ञ करने के अधिकार से वंचित किया गया है। भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़ कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, ''युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था।'' ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिला कर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। दंपत्ति स्त्री-पुरुष दोनों से मिल कर बना है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में किसी न किसी रूप में स्त्री सम्मान का तत्व मौजूद है। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है।

देश स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित है। यह समाज और राज दोनों के लिए पीड़ादायी है। स्त्री उत्पीड़कों को दण्डित करने के लिए अनेक कानूनी प्रावधान हैं। कानून पालन कराने वाले शासकीय तंत्र द्वारा अपना काम किया जा रहा है। लेकिन समाज में ऐसी घटनाओं पर समुचित चिंतन नहीं हो रहा है। हम सहस्त्रों वर्ष प्राचीन राष्ट्र हैं। संस्कृति ही समाज की गतिशीलता तय करती है। संस्कृति ही राष्ट्रजीवन की संचालक है। स्त्री-पुरुष सम्बंधों पर वैदिक काल में काफी चिन्तन हुआ था।

संस्कृति की महत्ता का चिन्तन इसलिए और जरूरी है कि भारत का राष्ट्रजीवन संस्कृति और दर्शन के क्षेत्र में बहुप्रतिष्ठित था और समाज के नियमन का काम करता रहा है। स्त्री महत्ता और प्रतिष्ठा के अनेक सूक्त ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक विद्यमान हैं। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है और गृहस्थ धर्म की प्रशंसा। विवाहित होना सम्मानीय था। एक सुंदर मंत्र में अग्नि से प्रार्थना है कि वह सभी देवों को पत्नी सहित लाएं। पत्नी हीन पुरुष को यज्ञ करने के अधिकार से वंचित किया गया है। भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़ कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, ''युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था।'' ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिला कर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। दंपत्ति स्त्री-पुरुष दोनों से मिल कर बना है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में किसी न किसी रूप में स्त्री सम्मान का तत्व मौजूद है। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'-जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। सृष्टि के आदितत्व की खोज महत्वपूर्ण अभिलाषा है। लेकिन उसे स्त्रीलिंग में याद करना स्त्री का आदर है। ऐसा यूनान में भी नहीं रहा। ऐसे ही ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी अदिति हैं। वह अखण्ड अस्तित्व हैं। कहा गया है, ''इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।'' ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष उसके नीचे है, वह भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिन्धु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं। जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) इस तरह एक अद्वैत शक्ति की अनुभूति देवी के रूप में की गई है। यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान भाव और गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई भी देवी नहीं है।

विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। ऋग्वेद में अनेक मंत्रों में विवाह की प्रतिष्ठा है। विवाह सूक्त के एक सुंदर मंत्र में नववधु को आशीर्वाद दिया गया है और नववधु को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, ''यह नववधु दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।'' यह भारतीय संस्कृति का प्

डीएम की बैठक में गूंजा अन्ना पशुओं व सफाई का मुद्दा

बाजार में अन्ना पशु घूमते हुये मिले तो ईओ व अन्य अधिकारियों की खैर नहीं : जिलाधिकारी

▸ बैंकों को भी दी चेतावनी

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ संपन्न बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि बाजार में अन्ना पशु घूमते हुये मिले तो संबंधित ईओ व स्थानीय अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही की जाएगी।

पशुओं से रोजाना घटनाएं हो रही है इसे हर हाल में रोका जाये। डीएम ने कहा कि सफाई अभियान चलाया जाए तथा वहां पर एंटी लारवा व पायरेथ्रम का छिड़काव तथा फागिंग किया जाए ताकि डेंगू जैसे संक्रामक रोग न फैल सके। कहा कि जनपद में प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग किसी भी दशा में न किया जाए। पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए एइसमें व्यापार बन्धुओं द्वारा भी सहयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि बाजारों में शौचालयों रात्रि में प्रकाश की उचित की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्था होनी चाहिए।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग न रखा जाए एउनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तथा निवेश व निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैंकों द्वारा उद्योगों की स्थापना हेतु ऋण देने में टालमटोल ना किया जाए एन ही अनावश्यक रूप से ऋण आवेदन निरस्त किए जाए। जनपद में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएंए इससे जनपद में रोजगार तथा औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि उद्यमियों की हर संभव मदद की जाए, इस मौके पर एडीएम न्यायिक डॉ. नागेंद्र नाथ यादव एडीएम वित्त एवं राजस्व, पीडी साधना दीक्षित अधिशासी अभियंता विद्युत जीएमडीआईसी रवि वर्मा मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहायक आयुक्त वाणिज्य कर एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व्यापार मंडल के पदाधिकारी व उद्योग बन्धु के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत सचिव से परेशान 22 ग्राम प्रधानों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

महोबा, समृद्धि न्यूज। जिले के पनवाड़ी विकासखंड में ग्राम पंचायत सचिव ओमप्रकाश तिवारी को लेकर करीब 22 गांव के ग्राम प्रधान एक साथ आ खड़े हुए हैं। जिसको लेकर ब्लॉक के 22 गांव के ग्राम प्रधानों ने एकजुट होकर सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा सौंप दिया है। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि सचिव विकास कार्यों में कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते ग्राम प्रधानों को ग्रामीणों के बीच काफी अपमानित होना पड़ रहा है। इस बात की शिकायत ग्राम प्रधानों द्वारा जिले के आला अधिकारियों से भी की गई है। मगर उसे शिकायत का कोई भी नतीजा सामने नहीं आया है यही वजह है कि आज पनवाड़ी ब्लाक के करीब 22 ग्राम प्रधानों ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा डीपीआरओ को सौंप दिया है। ग्राम प्रधानों के सामुहिक इस्तीफे को लेकर डीपीआरओ ने दोनों को आपसी मतभेद भुलाकर मिलकर काम करने को लेकर बैठक का आयोजन किया था। मगर करीब 4 घण्टे तक चली बैठक में कोई नतीजा नही निकल पाया है।

जकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल ने नई प्रिंसिपल को चार्ज देने के दौरान किया हंगामा

महोबा, समृद्धि न्यूज।

▸ अधिकारियों की मौजूदगी में आशी सिंह को दिलाया चार्ज
▸ अपर शिक्षा निदेशक राजकीय के आदेशानुसार हटाई गई पूर्व प्रिंसपल खरे

मुख्यालय के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मैं प्रिंसिपल द्वारा नई प्रिंसिपल को चार्ज न देने को लेकर हंगामा शुरू हो गया। विद्यालय में तैनात प्रिंसिपल सरगम खरे ने रूम में ताला बंद हाई वॉल्टेज शुरू कर दिया।

जीजीआईसी में हाई वोल्टेज ड्रामा की खबर मिलते ही सदर एसडीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक ने मौके पर अपर शिक्षा निदेशक राजकीय के आदेशानुसार प्रिंसिपल सरगम खरे को हटाकर नई प्रिंसिपल आशी सिंह को विद्यालय का पदभार ग्रहण कराकर मामले को शांत कर दिया है।

महोबा मुख्यालय में स्थित राजकीय की बालिका इंटर कॉलेज में सरगम खरे बीते कई वर्षों से प्रिंसिपल के पद पर तैनात चली आ रही हैं। हाल ही के दिनों में अपर शिक्षा निदेशक राजकीय के आदेश पर सीनियर आशी सिंह को चार्ज देने के आदेश जारी किए गए थे। जिसको लेकर विद्यालय में तैनात प्रिंसिपल सरगम खरे ने नई प्रिंसिपल को चार्ज न देने के लिए कर प्रिंसिपल रूम का ताला डालकर हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया था।

इस मामले की गंभीरता को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारी लाल हुआ सदर एसडीएम जीतेन्द्र कुमार सिंह ने इंटर कॉलेज में पहुंचकर मामले को शांत कराकर सीनियर आशीष सिंह को प्रभारी प्रधानाचार्य का कार्यभार दे दिया है।

खबरें एक नजर में

तीन से सात अक्टूबर को तेलंगाना में आयोजित होगी नेशनल थ्रो बॉल चैम्पियनशिप

कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज। तेलंगाना के हैदराबाद शहर में आयोजित होने जा रही नेशनल थ्रो बॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली यूपी जूनियर गर्ल्स की टीम का विशेष प्रशिक्षण शिविर कुलपहाड़ के रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल में चल रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 30 सितम्बर तक चलेगा। इसके बाद गर्ल्स टीम हैदराबाद के लिए रवाना हो जाएगी। थ्रो बॉल जूनियर गर्ल्स के लिए यूपी की जो टीम चुनी गई है उसमें महोबा की लडकियों का बोलबाला है। टीम की कप्तान आराध्या राजपूत हैं इसके अलावा टीम में प्रीति, माही गुप्ता, निष्ठा अग्रवाल, पलक सोनी, शिवानी वर्मा, महक श्रीवास, आराध्या तिवारी, माही सोनी, वैष्णवी विश्वारी अनुष्का नामदेव, काव्या, ईशा शक्ति, राजनंदिनी शामिल हैं। टीम को कोच मो. अरशद की देखरेख में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गौरतलब है कि तेलंगाना के हैदराबाद शहर में 34 वीं नेशनल जूनियर थ्रो बॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 3 से 7 अक्टूबर तक होने जा रहा है। जूनियर बॉयस टीम का नेशनल कैम्प बांदा में चल रहा है। चयनित गर्ल्स व बॉयस दोनों टीमें 2 अक्टूबर को हैदराबाद के लिए रवाना होंगी।

पांच दिवसीय स्काउट शिविर आयोजित

महोबा, समृद्धि न्यूजद्ध स्काउट एण्ड गाईड संस्था महोबा द्वारा तृतीय सोपान पांच दिवसीय शिबिर का आयोजन किया गया। शिबिर में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से लगभग 100 स्काउट/गाईड प्रतिभाग कर रहे है। शिबिर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संस्था के उपाध्यक्ष विश्वनाथ त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारी लाल कोली द्वारा किया गया। मुख्यालय के मुकुन्दलाल इण्टर कालेज में स्काउट एण्ड गाईड संस्था महोबा द्वारा तृतीय सोपान में पांच दिवसीय शिबिर का आयोजन किया गया। यह शिबिर 28 सितम्बर 204 से 2 अक्टूबर 24 तक चलेगा। पांच दिवसीय शिबिर में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से लगभग 100 स्काउट/गाईड भाग लेगे। शिबिर का आयोजन जिला सचिव गयाप्रसाद तिवारी की देखरेख में किया गया। शिबिर में प्रशिक्षक के तौर पर डीटीसी शिवपाल, रामनरेश पाल डीओसी, अन्जू प्रजापति डीओसी गाईड, सपना अनुरागी डीटीसी गाईड, साधना, पिंकी आदि मौजूद रहे। शिबिर में रामकृपाल, केके दिनकर, संयोजक/जिला आयुक्त जीआईसी प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार का विशेष सहयोग रहा। काउन्सलर के रुप में हरेन्द्र का विशेष योगदान रहा।

पेड़ से लटकता मिला मजदूर का शव, हत्या की आशंका

सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। ग्राम इंगोहटा में शनिवार की सुबह एक मजदूर का शव गांव के बाहर पेड़ से लटकता जमीन में रक्खा हुआ मिला परिजनों ने हत्या करके शव पेड़ लटका दिए जाने की आशंका जताई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पाकर सीओ सदर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। इंगोहटा निवासी अनिल वर्मा 28 वर्ष पुत्र पुन्ना वर्मा मेहनत मजदूरी के साथ ठेके पर शटरिंग का काम करता था उसका शव शनिवार की सुबह गांव के बाहर बबूल के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका हुआ किंतु जमीन में रक्खा हुआ मिला सुबह लोग घूमने फिरने गांव के बाहर गए तो शव को देख हैरान रह गए आनन फानन में लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी तो कोहराम मच गया परिजनों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है पेड़ से लटका हुआ शव जमीन पर रक्खा होने से परिजनों द्वारा उसकी हत्या कर पेड़ में लटकाए जाने की बात कही जा रही है पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है यदि तहरीर मिलेगी तो मामले की गंभीरता के साथ जांच करके आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। घटना स्थल पर पहुंचकर सीओ सदर ने भी मौका मुआयना कियाए परिजनों के अनुसार मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था अविवाहित था ठेकेदारी के साथ साथ मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन कर रहा था किंतु शराब का लती था। शुक्रवार की रात वह शराब के नशे में था रात को घर से निकल गया था इसके बाद सुबह मरने की खबर मिली।

डीएम-एसपी व जिला जज ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर,जिला जज तरुण सक्सेना और पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला कारागार के अधिकारियों के साथ बंदियों से मुलाकात की और जेल में मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कारागार चिकित्सालय, बैरक, रसोई घर और सीसीटीवी कैमरों की संचालन व्यवस्था को देखा गया। उन्होंने कारागार चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का मूल्यांकन किय। जेल प्रशासन को निर्देश की भोजन सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। भोजन निर्धारित रोस्टर के अनुसार दिया जाए। इसके अलावा, पुलिस अधीक्षक ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि जेल में मोबाइल का प्रयोग किसी भी हाल में न होने पाए और बंदियों से मिलने आने वालों का रिकार्ड रखा जाए।

छह बर्षीय मासूम बेटी की इलाज के दौरान मौत

▸ मासूम बच्ची की मौत पर परिजनों ने जिला अस्पताल में काटा जमकर हंगामा

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 6 वर्षीय मासूम की पल में मौत,पल में जीवित होने की घटना पर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। मृतक मासूम के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाया है। तो वही जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधिकारी ने मामले को बेबुनियाद बताते हुए मासूम की मौत की पुष्टि की महोबा शहर कोतवाली इलाके के नारूपूरा मोहल्ले में रहने वाले महेंद्र कुमार कुशवाहा की 6 बर्षीय बेटी प्रज्ञा की हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार होते ही डॉक्टरों ने उसे वार्ड में भर्ती कर जांच शुरू कर दी थी। मगर कुछ देर बाद डॉक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। मासूम के परिजन बच्ची के शव को लेकर घर ही पहुंचे थे। कि वह जीवित हो गई। इस घटना को लेकर हम लोग जिला अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया है। जबकि मेरी बेटी सांस ले रही थी। परिजनों का आरोप है कि अगर डॉक्टर ने बेहतर इलाज किया होता तो हमारी बेटी की जान बच सकती थी।

महोबा जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके अग्रवाल ने बताया कि प्रज्ञा नाम की बच्ची का इलाज चल रहा था मगर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। परिजनों द्वारा बच्ची को घर ले जाया गया था जहां उन्हें आशंका है। कि उनकी बच्ची का शरीर गर्म होने के चलते वह जीवित हो उठी है। मगर ऐसा कतई नहीं है। पल में जीवित पल में मृत होने का आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है।

एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल द्वारा थाना खरेला व थाना चरखारी में उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गयी, इस दौरान एसडीएम चरखारी प्रदीप कुमार व सम्बन्धित राजस्व एवं पुलिस की मौजूदगी में फरियादियों से उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया जिसके क्रम में फरियादियों को आश्वस्त कर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किये जाने हेतु मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए ।

जनपद महोबा के सम्पूर्ण थानों में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस के अवसर पर कुल शिकातयें 25 प्राप्त हुई जिनमें से 19 राजस्व विभाग से सम्बन्धित थी व 06 शिकायतें पुलिस विभाग से सम्बन्धित थी, कुल प्राप्त शिकायतों में 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के सम्बन्ध में संबंधित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए गए हैं ।

जनपदीय पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

अग्निशमन टीम ने मां दुर्गा पण्डालों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को परखा

महोबा, समृद्धि न्यूज। आगामी नवरात्र पर्व के मद्देनजर अग्निशमन विभाग द्वारा जनपदवासियों को अग्निसुरक्षा के प्रति सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा महोबा मुख्यालय अवस्थित दुर्गा पण्डालों में अग्निसुरक्षा के दृष्टिगत निरीक्षण किया गया एवं मानक के अनुरुप पंडानों को लगाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिससे पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आग दुर्घटना की संभावना को खत्म किया जा सके। इसी क्रम में रोडवेज बस स्टैण्ड जाकर वहां मौजूद रोडवेज चालकों को एवं कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही रोडवेज बसों में लगे अग्निशमन उपकरण एवं कार्यालय परिसर में लगी अग्निशमन व्यवस्था चेक की गई। इस दौरान अग्निशमन कर्मचारियों द्वारा अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुकता पम्पलेट वितरित किये गये।

एसपी ने थाना खरेला व थाना चरखारी का किया औचक निरीक्षण

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा सर्किल चरखारी क्षेत्र के 02 थाने क्रमशः थाना खरेला एवं थाना चरखारी का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण अभिलेखों/रजिस्टर, बैरिक, मैस, मालखाना, हवालात, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, कंप्यूटर/ सीसीटीएनएस कक्ष, आईजीआरएस एवं अन्य लम्बित प्रकरण इत्यादि का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण अभिलेखों के उचित रख-रखाव के साथ अद्यावधिक किये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया है। साथ ही सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर निर्माणाधीन भवनों का अवलोकन करते हुए परिसर में साफ-सफाई का निरीक्षण किया इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा माल मुकदमाती/लवारिस वाहनों के नियमानुसार डिस्पोजल किये जाने तथा वर्षा ऋतु के दृष्टिगत उगी घास/जमा कीचड के लिए साफ-सफाई अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाहाजा के पुलिस कर्मियों से वार्ता कर उनके कार्यों की समीक्षा की गई साथ ही उनको बीट बुक अपडेट रखने व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरते जाने व अपराधियों का चिन्हाकन कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित थाना प्रभारी को महिला अपराधों के प्रति अधिक संवेदनशीलता बरते जाने व त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं ।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों के दौरान जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना खरेला महोबा व थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर के बॉर्डर क्षेत्र (इण्ट्री/एग्जिट प्वाइंट) को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से चेक किया गया है, जिसके क्रम में थानाध्यक्ष खरेला को थाना मुस्करा पुलिस से परस्पर समन्वय बनाये रखते हुए बार्डर पर दिन एवं रात्रि के समय आपराधिक तत्वों पर प्रभावी रोकथाम एवं सुदृढ़ पुलिसिंग के द्वारा नागरिकों के मध्य सुरक्षा का माहौल स्थापित करने हेतु सीमा क्षेत्र में औचक गस्त किये जाने व आपस में लाभप्रद सूचनाओं का आदान-प्रदान किए जाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष खरेला सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया, थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित थाना स्थानीय पर नियुक्त समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

सियार हुये हमलावर, डीएफओ ने कहा इस मौसम में सियार हो जाते हैं पागल

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

जिले में सियार की घटनाएं रोजाना बढती जा रही है लिहाजा किसानों ने खेत में काम पर जाना बंद कर रहे है। मौदहा क्षेत्र में लगातार सियार के काटने की दो घटनाएं सामने आयी है बताया जाता है कि धान की फसल में पानी लगा रहे एक अधेड पर सियार ने हमला कर घायल कर दिया परिजनो ने मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती जहां उपचार के उपरांत डाक्टरो ने हालत में सुधार बताया है। बताते चले कि क्षेत्र के सिसोलर गांव निवासी इन्द्रजीत उर्फ बत्तू लाल अधेड पुत्र अंगद सिंह शुक्रवार के दिन धान कि फसल पानी लगा रहा था तभी अचानक एक सियार ने हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया वहा खेतो में काम रहे मौजूद लोग दौड़ कर आये और शोर मचाने पर सियार वहा से भाग गया जहाँ आनन फानन मे परिजन घायल अवस्था में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरो ने हालत में बताया है।जिला प्रभागीय बनाधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस मौसम में सियार के पागल होने की घटनाएं होती है जिससे वे खेतो से गांव की तरफ आते है और लोगो पर हमला कर देते है जिससे लोग जख्मी हो जाते है। लोगो को सावधानी बरतनी चाहिये।बन विभाग के रेंजर इसे छोटी मोटी घटना बताकर ग्रामीणों का उपहास उडा रहे है जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। किसानों का कहना है कि बन विभाग को इस मामले में गंभीरता से बिचार करना चाहिये क्योकि यह किसानों के जीवन मृत्यु का मामला है।

उर्वरक न मिलने से मायूस किसान एनपीके खाद लेने को विवश

▸ किसानों ने दलहन व तिलहन की बोआई की शुरु की तैयारी

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

खाद के संकट से जूझ रहा है किसान खाद गोदाम व समितियों के चक्कर लगाकर बैरंग लौटने को मजबूर हो रहा है। वहीं वितरण केंद्र में एनपीके खाद की कुछ बोरियां शेष बची थी। जिसे किसान न चाहते हुए भी ले गए।

फिलहाल हल्की फुल्की बारिश के चलते जहां खेतों की जुताई का कार्य रुक चुका है। वहीं किसानों का मानना है कि जैसे ही बादल हटते हैं और धूप निकलती है। तभी खेतों में तिलहन दलहन की बुवाई का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए उन्हें समय पर खाद चाहिए। फिलहाल सरकार द्वारा खाद का उचित प्रबंध न होने से खाद वितरण केंदो के चक्कर लगा रहा किसाँन निराश लौट रहा है। खाद आए और वह कम से कम इस बोआई के लिए खाद पहले से ही रख ले। हालत यह है कि यहां खाद के सबसे बड़ा वितरण केंद्र जो नगद दामों पर होती है पीसीएस व क्रयविक्रय केंद्र हैं। जब कि सहकारी समितियों में खातेदारों को ही खाद दी जाती है।

सहायक विकास खंड अधिकारी सहकारिता बृजमोहन सिंह पटेल ने बताया कि डीएपी खाद की रैक लग गयी है और उसे आने में दो-तीन दिन का समय लगता है। खाद का सभी जगह उचित प्रबंध किया गया है।उन्होने विश्वास दिलाया के सभी किसानों को समय रहते खाद उपलब्ध कराई जाएगी। हालाकि किसानों का विश्वास केवल डीएपी व यूरिया में है एपीके खाद तो मजबूरीबश लेकर जा रहे है।

टैटू वाला कारखास बना गुटखा माफियाओं का खास

महोबा, समृद्धि न्यूज।

न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित जहरीले गुटखा का काला कारोबार जनपद के थानों में तैनात कारखासों के संरक्षण में बेरोकटोक संचालित हो रहा है। गुटखा माफिया न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित तम्बाकू मिश्रित जहरीले गुटखा का कारोबार कर लोगों को मौत के मुहाने तक भेजने का काम कर रहे हैं तो वहीं कारखासों की संलिप्तता के चलते लाखों के वारे न्यारे करते नजर आ रहे हैं।

मुख्यालय के लवकुश नगर रोड के एक गुटखा माफिया द्वारा प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित गुटखा फैक्ट्री का संचालन कर अवैध व्यापार को खुलेआम संचालित किया जा रहा है और शहर के अलग-अलग मोहल्लों में गुटखा सप्लाई कर खुलेआम जहर बेचने का काम किया जा रहा है। शहर में संचालित हो रही प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित गुटखा की अवैध फैक्ट्री सम्बंधित विभाग एवं स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। शहर के लवकुश नगर रोड में रहने वाला यह तथाकथित गुटखा माफिया सीमावर्ती छतरपुर जिले के चितहरी गांव में भी अवैध गुटखा फैक्ट्री संचालित कर जनपद ही नहीं बल्कि सीमावर्ती जनपदों में भी जहरीले गुटखा की खेप भेज कर लाखों रुपए के वारे न्यारे कर रहा है। और तंबाकू के शौकीनों को खुलेआम जहर बेचता नजर जा रहा है। पनवाड़ी और जैतपुर क्षेत्र में महोबकंठ और अजनर के रास्ते कारखासों की संलिप्तता के चलते गुटखा माफिया हरपालपुर और नौगांव से जहरीले गुटखा की तस्करी कर पिकअप वाहन से जैतपुर और पनवाड़ी लाकर जहरीले गुटखा की सप्लाई कर रहे हैं। दुकानदारों को खुलेआम सप्लाई करने के दौरान स्थानीय पुलिस तमाशबीन होकर यह सब देखती नजर आती है। लेकिन गुटखा माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने से कतराती है। गुटखा माफियाओं द्वारा न्यायालय के आदेश का उल्लंघन कर कारखासों की मिलीभगत से प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित जहरीले गुटखा के काले कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। जिसके चलते लोग असमय काल के गाल में समाते हुए नजर आ रहे हैं । संबंधित विभाग खानापूर्ति कर कागजों में सब कुछ ठीक होने का दावा करता नजर आता है, लेकिन समूचे जनपद में पैर पसार चुका तंबाकू मिश्रित जहरीले गुटखा का काला कारोबार संबंधित विभाग सहित जनपदीय स्वाट, सर्विलांस और स्थानीय थाना पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता नजर आ रहा है।

बिहार के लाल ने कानपुर का नाम किया रोशन

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।

उत्तर मध्य रेलवे के कानपुर जीएमसी डिपो में सीनियर सेक्शन इंजीनियर कैरिज एंड वैगन के पद पर कार्यरत विद्याभूषण साह ने अपनी कड़ी मेहनत और बुद्धिमत्ता से AME/ADME/AWM (gazetted officer) की भर्ती परीक्षा में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज जोन के तीनों मंडलों आगरा, झांसी2, प्रयागराज में प्रथम स्थान प्राप्त कर सीवान बिहार के साथ साथ कानपुर का नाम रौशन किया है। श्री विद्याभूषण जी ने 2013 में उत्तर मध्य रेलवे के चुनार में जूनियर इंजीनियर के पद पर चयन हुए थे जहां से उन्होंने इस सफर की शुरुआत की और आज एक गजेस्टेड रेलवे अधिकारी के पद पर चयनित होकर अपने परिवार का नाम रौशन किया है। इनके पिता नरसिंह साह गौड़ एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं इनका पैतृक निवास बिहार में सिवान जिले के कन्हौली गांव में हैं और आज परिवार सहित कन्हौली ग्रामवासी भी अपने इस मिट्टी के लाल पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने दम्पति के साथ की लूटपाट

पनवाड़ी/ महोबा, समृद्धि न्यूज।

महोबा जिले के पनवाड़ी कस्बे में पुलिस से बेख़ौफ बाइक सवार बदमाश दिनदहाड़े बाइक में सवार होकर ससुराल जा रहे दंपति से रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई छिनैती की वारदात से इलाके में हड़कम्प मच गया।

घटना को अंजाम देकर भाग रहे शातिर बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है दरअसल घटना पनवाड़ी थानाक्षेत्र के झाँसी-मिर्जापुर हाइवे स्थित छतेसर गाँव के पास की है जहाँ महोबा शहर के तिवारीपुरा मोहल्ले के रहने वाले रजनीश तिवारी पत्नी मंजू तिवारी के साथ बाइक में सवार होकर झाँसी जिले के गरौठा थाना क्षेत्र के रमपुरा गाँव जा रहे थे जैसे ही बाइक पनवाड़ी थानाक्षेत्र के छतेसर गाँव के पास पहुंची तभी बाइक सवार अज्ञात बदमाश छप्पटा मारकर बाइक सवार महिला से बैग छीनकर मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई वारदात से इलाके में हड़कम्प मच गया।

घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस पीड़ित की निशानदेही पर बदमाशों की तलाश में जुट गई है। बता दें कि शातिर बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद भागने के दौरान पास में सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। तो वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित रजनीश तिवारी ने बताया कि वह पत्नी मंजू तिवारी के साथ बाइक में सवार होकर झाँसी जिले के गरौठा थानाक्षेत्र के रमपुरा गाँव स्थित अपनी ससुराल जा रहा था जैसे ही छतेसर के पास पहुंचे तभी बाइक सवार दो बदमाश पत्नी के हाथ से बैग छीनकर फरार हो गए काफी पीछा करने के बाद दोनों बदमाश चकमा देकर फरार हो गए। बैग में करीब दस हजार की नगदी और पत्नी का मोबाइल था। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

न्यायिक कार्य से बिरत रहे आक्रोशित वकील

▸ अधिवक्ता के संग मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।

मूसानगर रोड पर न तो स्थित एक ढाबे पर खाना खाने गए अधिवक्ता के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की अधिवक्ता ने इस मामले को देकर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ कोतवाली मे मुकदमा दर्ज कराया है, घाटमपुर कस्बे के मोहल्ला पचखुरा (जैतीपुर रोड) निवासी अंकित सिंह परमार ने कोतवाली में तहरीर दी है कि गुरुवार की शाम मूसानगर रोड पर उक्त ढाबा में खाना खाने गया था खाना खाते समय इंद्रजीत, ऋषि शिवलाल कल्लू निवासी अयोध्या पुर व दो अज्ञात व्यक्ति आये और दबंगई पूर्वक अपने के खाने के पैसे देने को कहा और जब उसने बिरोध किया तो मेरे साथ मारपीट की, उधर जानकारी होने पर आज घाटमपुर बाढ़ संगठन की अगुवाई में वकीलों ने विरोध जताया तथा अदालती कामकाज से बिरत रहे और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप तिवारी, शिव सिंह परमार, राम प्रकाश, यदुनाथ सिंह, ऋषिराज सिंह आदि कोतवाली प्रभारी से मिल कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की माग की, कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच के आदेश दिए गये हैं।

नहीं मिला मानदेय, संविदा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

जैदपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।

पेट के लिये जान जोखिम मे डालकर रातों दिन मेहनत कर आम जनता के घरो तक उजाला फैलाने वाले उपकेंद्र जैदपुर में तैनात संविदा कर्मचारियों ने दो माह से मानदेय नही मिलने पर शुक्रवार व शनिवार को उपकेंद्र जैदपुर मे ध्यान आकर्षण हेतु विरोध किया गया।

ज्ञात हो कि अपने परिवार का पेट पालने हेतु संविदा बिजली कर्मियों के द्वारा अपनी जान की परवाह न कर कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति खराब होने पर सही करने की पूरी जिम्मेदारी निभाते है।लेकिन इन सभी कर्मचारियों को पिछले दो माह से मानदेय कार्यदायी संस्था द्वारा नही दिया गया है।जिसको लेकर शुक्रवार व शनिवार को सभी संविदा कर्मचारियो ने विद्युत वितरण उप केंद्र जैदपुर परिसर मे आधिकारियो का ध्यान आकर्षण हेतु विरोध कर इसी माह मानदेय दिए जाने की मांग करते नजर आये? संविदा कर्मियो के इस विरोध से बारिश के चलते होने वाले छोटे मोटे फाल्ट सही होने मे उपभोक्ताओ को भी काफी परेशानी हो रही है।पैसे पैसे से परेशान संविधा कर्मचारियों ने जल्द से जल्द मानदेय मिलने की मांग के लिए विरोध पर उतरे रोहित शुक्ला, सुरेंद्र सिंह,वसी अहमद,रूपेंद्र सिंह,इरशाद,अहमद, फुरकान,सरवन कुमार,आसिफ,नरेंद्र सिंह,संजय सिंह सहित के,के सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश मज़दूर संगठन,सरोज कुमार जिला उपाध्यक्ष संविदा कमेटी बाराबंकी, सुरेश कुमार उपाध्यक्ष जिला कमेटी,शेष राम कोषाध्यक्ष जिला कमेटी बाराबंकी भी मौजूद थे। इस मौके पर एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि इन कर्मचारियो के वेतन को लेकर आलाधिकारियो से वार्ता किया गया है और जल्द ही वेतन मिलेगा।मैंने इन लोगो को काम से बहिष्कार न करने की बात भी कही है।

जबकि जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन ने बताया मानदेय को लेकर दो दिन से कर्मचारियो द्वारा काम से बहिष्कार किया गया। जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई है और जल्द वेतन दिलाने का प्रयास हो रहा है। वही मज़दूर संगठन बिजली विभाग उपाध्यक्ष केके सिंह ने बताया कि बार बार ऐसा होता है।समय पर इन लोगो को वेतन न मिलने के साथ और भी काम करना पड़ता है।फिर भी ये व्यवहार किया जाना गलत है हमने विभागीय लोगो से बात की है।

हिस्सा बंटवारे को लेकर हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

जैदपुर बाराबंकी। हिस्सा बटवारे के लिये बुलाकर की मारपीट जान से मारने की धमकी देने पर जैदपुर थाना में पीड़ित ने की शिकायत पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। जानकारी के मुताबिक जैदपुर थाना क्षेत्र के मूर्लीगंज निवासी शिवकुमार पुत्र बृजमोहन ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दिनांक 27/9/2024/ को उसके परिवार के अशोक पुत्र बृजमोहन,प्रीत पुत्र पप्पू शत्रुघ्न, शेरू खान, ग्राम शहाबपुर थाना मसौली ने हिस्से बटवारे हेतु फैसले के लिए परसौला अहमदपुर चौकी बुलाया था। फैसले के दौरान चार बजे विपक्षीजन ने प्रार्थी की पत्नी व मां को गंदी गंदी गाली देते हुये लात घूसों से जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी है। जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

चोरी की दो भैंसों के साथ युवक गिरफ्तार

थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर की जा रही विधि कार्रवाई

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।

चोरी की दो भैंस एक पिकअप वाहन के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम हाता पुरवा निवासी कमलेश वर्मा के दरवाजे पर बंधी भैंस शुक्रवार की रात चोरों ने खोलकर गायब कर दिया। शनिवार को भोर पहर कमलेश भैंस गायब देखकर हक्का-बक्का रह गया। इसके बाद उसने शोर मचा कर अन्य ग्रामीणों के साथ भैंस की तलाश शुरू कर दिया। भैंस के पैरों के निशान के सहारे गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर सिरौलीगौसपुर के पास एक जगह भैंस बांधे जाने की निशानी मिलने के बाद उसका शक भैंस किन्तूर गांव पहुंचने का गहरा गया। अपने लोगों के साथ वह किन्तूर गांव पहुंचा और वहां अपने इष्ट मित्रों को भैंस चोरी होकर यहां आने की सूचना देकर तलाश शुरू कर दी। काफी देर बाद उसे पता चला की भैंस किन्तूर गांव निवासी कार मिस्त्री मोहम्मद तकी कुरैशी के दरवाजे पर पिकअप से उतारी जा रही है। सभी लोग दौड़े और इसकी सूचना बदोसराय पुलिस को दी।मौके पर पहुंचे ग्रामीण एवं पुलिस को देखकर आरोपी भैंस और पिकअप लेकर भागने लगा। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। इसके बाद उसके दरवाजे पर बंधी एक और भैंस दिखाई दी।

दोनों भैंसों के साथ आरोपी को पुलिस पकड़ कर कोतवाली ले आई। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधि कार्रवाई की जा रही।

अनुसूचित जाति-जनजाति समिति के सदस्य का हुआ स्वागत

ग्राम प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू की अगवाई में भाजपाइयों ने हुआ अभिनन्दन

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

10 फरवरी को विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उत्तर प्रदेश में वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच संबंधी समिति पंचायती राज समिति अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति एवं लोक लेखा समिति के सदस्यों का चयन किया गया है जिसमें अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधित संयुक्त समिति में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत को सदस्य बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

इस अवसर पर नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित लोक निर्माण विभाग के भवन में जनसुनवाई के लिए आए क्षेत्रीय विधायक का ग्राम प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू के नेतृत्व में क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहनाकर एवं मुंह मीठा करा कर सम्मान किया गया। सम्मान करने वालों में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया शेखर मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष विकास पांडे विक्की एडवोकेट प्रदीप बाजपेई महादेव पाठक लाला लक्ष्मी नारायण साहू मोहित मिश्रा ननकऊ साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल रहे।

स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। क्षेत्र के हाजी वारिस अली शाह मेमोरियल डिग्री कालेज पारिजात धाम बरोलिया मे ब्यावसायिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत प्रवन्धक परवेज अहमद की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए परवेज अहमद ने छात्र छात्राओं एंव अभिभावकों से कहा कि समाज में अधिकांश बीमारियां हमारे आस पास फैली गन्दगी के कारण होती हैं। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डाक्टर जमशेद अली ने छात्र छात्राओं अभिभावकों को प्राथमिक चिकित्सा से सम्बंधित जानकारी दी।इस मौके पर बलराम किशोर, प्रवक्ता रत्नेश कुमार पाण्डेय, मजाहिर हसन,मनोज कुमार यादव, इमरान अहमद, प्रिंसी सिंह, अनीस फातिमा, पुतान कुमार, जियाउद्दीन, मो0आशिफ आदि ने जागरुक किया।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देवा का डीएम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड देवा में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मुजीबपुर का जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में उपस्थित छात्राओं से सवाल जवाब किये।

छात्राओं से जिलाधिकारी ने पूछा कि पढ़ लिखकर क्या बनोगे! तो अधिकतर बच्चों ने डॉक्टर व इंजीनियर बनने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद स्मार्ट क्लास पहुँचकर बच्चों से डिजिटल पढ़ाई के बारे में जानकारी ली एवं एक छात्रा से कंप्यूटर ऑन करवाकर देखा। जिस पर जिलाधिकारी ने बच्चों को शाबाशी दी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता देखी। साथ ही आने वाले जाड़े के मौसम को देखते हुए छात्राओं को मिलने वाली रजाई, गद्दे, चादर, तकिया आदि को भी देखा। विद्यालय के वार्डेन को निर्देशित किया कि बच्चों की गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई से कोई समझौता न करें, इसके साथ ही साफ सफाई सम्बंधित अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी देवा, राम नारायण यादव सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

माता-पिता से अभद्रता पर दो पर हुई कार्रवाई

जालौन (उरई)। माता पिता के साथ गाली, गलौज व झगड़ा करने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। ,

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी गुड्डू ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा साहिल आए दिन घर में झगडा करता है। किसी न किसी बात को लेकर अपनी मां और उसके साथ गाली, गलौज व मारपीट कर देता है। समझाने के बाद भी उसमें कोई सुधार नहीं आ रहा है। उधर जगनेवा निवासी राधारानी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा रामकेश भी गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। समझाने के बाद भी मान नहीं रहा है। शराब के नशे के लिए रुपयों की मांग करता है। न देने पर पिता मातादीन व उनके साथ मारपीट कर देता है। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

खबरें एक नजर में

करंट से आरक्षी की मौत, दौड़ी शोक की लहर

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के हजरतपुर निवासी आरक्षी शिवम कनौजिया का निधन प्रतापगढ़ पुलिस लाइंस में करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर परिजनो मे कोहराम मच गया। परिजन प्रतापगढ़ के लिए रवाना हो गये। आपको बता दें कि कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के हजरतपुर निवासी शिवम कनौजिया पुत्र स्वर्गीय लल्ला प्रसाद कनौजिया प्रतापगढ़ पुलिस लाइन में आरक्षी के पद पर कार्यरत थे। परिजनो को सूचना मिली कि शिवम की करंट लगने से मौत हो गई है। मौत की सूचना गांव में पहुंचते ही चारों तरफ कोहराम मच गया। वहीं शिवम के परिजन प्रतापगढ़ के लिए निकल चुके हैं।

युवक पर कट्टे से फायर करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

जैदपुर, बाराबंकी। रात में नहर से खेत में पानी लगाने गये यूवक को जान से मारने हेतु की कटटे से फायरिंग। चोटिल यूवक के भाई ने जैदपुर पुलिस को तहरीर देते हुये गांव के लोगों पर आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र गोछौरा गांव का है। जहां के दिनेश पुत्र राजाराम ने जैदपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि प्रार्थी का भाई गनेश 23 सितंबर की रात में अपने खेत में पानी लगाने गया था। जैसे ही वो नहर में लगी गूंजी खोलने लगा गांव के अंकित पुत्र सियाराम टिंकी पुत्र राम लखन अन्य दो व्यक्तियों के साथ प्रार्थी को ललकारते हुये मार पीट कर लहुलुहान कर दिया। दूसरी ओर से दो मोटरसाइकिल आते देख भाग निकले। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

डिवाइडर से टकराई कार, दो लोग घायल

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। दिल्ली से बनारस के लिए जा रही एक कार डिवाइडर से टकरा गई। जिससे उसमें सवार दो युवक घायल हो गए।। सूचना पर घटनास्थल पहुंचे चौकी प्रभारी विपिन पाठक ने अविलंब 108 एंबुलेंस के माध्यम से दोनों घायलों को सी एच सी त्रिवेदीगंज भिजवाया,जहां पर 22 वर्षीय युवक को मृत घोषित कर दिया गया जबकि दूसरे युवक का उपचार चल रहा है। दुर्घटना में मृत एवं घायल युवक पुलिस कर्मियों के परिजन बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार जनपद आजमगढ़ के थाना जियनपुर अंतर्गत जमीन अररहन गांव निवासी अमरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ प्रियांशु पुत्र चंद्रिका सिंह 22 वर्ष अपने मित्र मऊ जनपद के पिंडोरा गांव निवासी आदित्य सागर पुत्र विद्यासागर 26 वर्ष के साथ दिल्ली से बनारस जा रहा था । रात्रि लगभग डेढ़ बजे जब कार हाईवे पर भिलवल चौराहे पर पहुंची तो असंतुलित होकर कार डिवाइडर से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए। सी एच सी पर पहुंचाये गए प्रियांशु सिंह को इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात आयुष चिकित्सक डॉक्टर विकास श्रीवास्तव द्वारा जहां मृतक घोषित कर दिया गया वहीं दूसरे घायल आदित्य सागर का उपचार शुरू कर दिया जहां पर उपचार चल रहा है।

पखवाड़े तक चलने वाली रामलीला कल से शुरू

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। लगातार एक पखवाड़े तक रामलीला कोठी मैदान एवं दशहरा मैदान में चलने वाला श्री रामलीला कार्यक्रम आगामी 30 सितंबर से होने जा रहा है। आगामी 30 सितंबर को श्री हनुमान जन्म एवं नारद मोह की लीला के साथ शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में 5 अक्टूबर दिन शनिवार को श्री राम विवाह का विशेष कार्यक्रम विशेष झांकियां के साथ नगर भ्रमण को निकाली जाएगी और समापन राज गद्दी भारत मिलाप की लीला एवं महा आरती के साथ समापन होगा। रामरक्षा अमृत सागर नाटक के माध्यम से होने वाली इस रामलीला में अयोध्या धाम से पधारे बजरंग विजय आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा।

शिविर में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाकर दिया जा रहा है जीवनदान : अपर्णा यादव

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

विश्व हिन्दू परिषद और अशोक सिंघल फाउण्डेशन के दूसरे दिन 55 जरूरतमंदों के कृत्रिम अंग तैयार किए गए और 70 से अधिक लोगों की आंखें व अन्य जांचें की गईं। खास बात यह रही कि आज राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव भी अयोध्या पहुंचीं। उन्होंने कारसेवक पुरम में चल रहे शिविर में कृत्रिम अंगों की निर्माण प्रक्रिया देखी और लाभार्थियों से भेंट की बाद में श्रीराम लला का दर्शन पूजन भी किया।

शिविर का भ्रमण करने आई प्रदेश महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि शिविर में दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग लगा कर उन्हें नया जीवनदान देने का काम किया जा रहा है उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि इस कार्य के लिए प्रशासन की व्यवस्था में दिव्यांगजन से आय प्रमाणपत्र मांगा जाता है जिससे जरुरतमंद लोगों के सामने कई तरह की समस्या खड़ी होती है।वे इस व्यवस्था के बदलाव के लिए मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगी।अपर्णा ने कहा कि देश में कई संस्थाए इस क्षेत्र में काम करती है,पर तुरंत कृत्रिम अंग बनाकर उन्हें लगाने की प्रक्रि या उन्होंने पहली बार देखी है। अपर्णा यादव के साथ उनके छोटे भाई अमन बिष्ट भी मौजूद थे। इसके अलावा मुख्यरूप से वीरेंद्र जी,उमेश पोरवाल, शरद शर्मा,शैलेन्द्र शुक्ला, मयंक चौहान,ह्रदय नारायण चतुर्वेदी सहित अशोक सिंघल फाउंडेशन के मनोज तिवारी व शिखर अग्रवाल मौजूद थे।

बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर दो ओवरलोड ट्रक पकड़े

जालौन (उरई)। एआरटीओ ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास से दो ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा है। जिन्हें कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

प्रशासन लगातार ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चला रहा है। इसके बाद भी ओवरलोड वाहनों का संचालन थम नहीं रहा है। एआरटीओ सुरेश वर्मा ने बंगरा मार्ग पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नजदीक ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया।

जिसमें दो ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा गया है। ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया है। एआरटीओ ने बताया कि दो ओवरलोड ट्रक पकड़े गए हैं। जिनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

स्वच्छता अभियान का झाड़ू लगाकर बीडीओ ने किया शुभारंभ

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड मुख्यालय पर शनिवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा झाड़ू लगाकर स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की गई इस अवसर पर सफाई बीडीओ द्वारा कर्मियों के बीच पीपीई किट का वितरण किया गया। स्वच्छता सेवा के तहत बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता के अलावा सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनंद कुमार सिंह ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी टिकरहुआ एवं अन्य अधिकारियों सफाई कर्मियों द्वारा विकास खंड परिसर मैं झाड़ू लगाकर साफ सफाई की गई।

गायों के लिये छाया के किए जायें बेहतरीन इंतजाम : एसडीएम

जिम्मेदारों को निर्देश दिये नियमित गौशाला की सफाई के निर्देश

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।

लगातार हो रही बरसात के मौसम में गायों की हकीकत परखने के लिये उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह तथा सीओ डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी ने कान्हा गौशाला कदौरा का औचक निरीक्षण। इस दौरान परिसर में कीचड़ देखकर सफाई करने के निर्देश दिए।

जिला प्रशासन के निर्देशन पर मंगलवार को एसडीएम तथा क्षेत्राधिकारी औचक ढंग से कदौरा के कान्हा गौशाला पहुंचे। जहां उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद गायों को अभिलेख से मिलान किया। हरे चारे की उपलब्धता की जानकारी ली गई।पानी तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। बारिश के मौसम को देखते हुए गायों के लिये छाया की बेहतरीन इंतजाम किए जायें। उन्होंने कहा कि जल्द ही गौशाला का पुनः निरीक्षण किया जाएगा अगर व्यवस्था में सुधार नही हुआ तो दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। औचक पहुंचे उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी को देखकर ड्यूटी में मौजूद कर्मचारी सकपका गए।

ग्राम विकास अधिकारी से दबंग ने की अभद्रता

कुठौंद (जालौन)। विकासखंड रामपुरा में तैनात ग्राम विकास अधिकारी उदय नारायण दोहरे के साथ ग्राम बहादुरपुर निवासी तेज प्रताप उर्फ निक्की पुत्र शंकर सिंह के द्वारा 27 सितंबर 2024 को खंड विकास अधिकारी द्वारा मीटिंग बुलाई गई मीटिंग में शामिल होने के लिये विकासखंड कार्यालय पर जैसे ही ग्राम विकास अधिकारी पहुंचकर अपना सरकारी कार्य कर रहे थे उसी समय लगभग दोपहर के 3 बजे उक्त व्यक्ति ने आकर परिसर में बीडीओ आवास के सामने मुझे बुलाया और कहने लगा कि यह सामुदायिक शौचालय की केयरटेकर भारती कुमारी का मानदेय निकाल दो उसके पश्चात ग्राम विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि केयरटेकर अपना कार्य समय के अनुकूल नहीं कर रही हैं।

युवक का फांसी पर लटकता मिला शव महिला ने भी लगायी फांसी

मृतक युवक घर से चौबीस घंटे से गायब था

माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज़।

माधौगढ़ थाना के मिहोनी गांव के मजरा वसोरे का पुरा में सत्यम उम्र 19 वर्ष पुत्र बलवीर 24 घंटे से घर से गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी न मिलने से परिजनों ने घटना की सूचना कोतवाली माधौगढ़ में दी। लेकिन सुबह गांव के बगीचे के युवक का शव पेड़ से लटकता मिला। ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों को दी तो घर में कोहराम मच गया। मौके पर परिजनों के अलावा पुलिस और फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया। वहीं रामपुरा थाना के मिर्जापुर जागीर गांव में काजल (19) पत्नी मोहित ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी आत्महत्या की वजह

माधौगढ़। युवक जिस तरह दोपहर में एक बजे घर से कपड़े पहनकर निकला है, तो बगीचे में उसके पास रस्सी कहां से आई या वह इतनी बड़ी रस्सी लेकर गया तो किसी ने देखा क्यों नहीं.? अगर उसने आत्महत्या का मन बना लिया था तो उसने घर से गायब होने के दूसरे दिन ऐसा क्यों किया? युवक का पिछला हिस्सा भी भींगने से संदिग्ध प्रतीत लग रहा है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सब स्पष्ट होगा।

कार अनियंत्रित हो सड़क से उतर खेत में पलटी

जगम्मनपुर (जालौन)। सड़क किनारे नमामि गंगे के मेटेरियल पर चढकर कार अनियंत्रित होकर सड़क से फिसलकर खंदक मे उतर खेत में जाकर पलट गई। कुठौंद थाना की कंझारी चौकी अंतर्गत ग्राम बहादुरपुर में पतराही रोड पर निर्माणाधीन पानी टंकी के पास टैक्सी परमिट कार एमपी 30 सी 7839 अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खंदक में गिरकर लुढ़कते-फुढ़कते बाजरा के खेत में उल्टी हो गई। बताया जाता है कि रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम धूता निवासी धीरू पांडे पुत्र गुड्डू पांडे अपनी टैक्सी परमिट कार नंबर एमपी 30 सी 7839 से आज अपराह्न करीब 3 बजे झांसी से अपने गांव धूता जा रहे थे इस समय बहादुरपुर के पास नमामि गंगे के मेटेरियल पर चढकर अनियंत्रित हो खेत में जाकर पलट गई।

डीपीएस आजाद नगर कानपुर ने डीपीएस एल्डिको लखनऊ को हराया

इटावा, समृद्धि न्यूज।

नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, इटावा ने महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम इटावा में चतुर्थ दिन का आयोजन उत्साह के साथ किया। आयोजन का आरम्भ गणमान्य अतिथियों मानवेन्द्र सिंह, श्री सुग्रीव बाबू, श्री देवेन्द्र जी स्पोर्ट इंचार्ज ऑफ इटावा स्टेडियम तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। तत्पश्चात गणमान्य अतिथियों ने मैदान में जाकर के सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाया एवं उन्हें शुभकामनायें दीं। फाइनल में पंहुचने के लिये खिलाड़ियों में एक दूसरे के प्रति मुकाबले की भावना अपने चरम पर पंहुचती हुई दिखाई पड़ी जिसके कारण टाई ब्रेकिंग जैसी स्थितियों का खिलाड़ियों को सामना करना पड़ा क्यांकि मुकाबले में सम्मिलित हर टीम अपने आपको अपने सामने वाली टीम से किसी भी परिस्थिति में कम नहीं आंकना चाह रही थी यही वजह रही कि अण्डर 19 की टीम डी.पी.एस. आज़ाद नगर कानपुर व डी.पी.एस. एल्डिको लखनऊ एवं जागरण पब्लिक स्कूल लखनऊ व जी.डी. गोइन्का स्कूल लखनऊ की टीमों के मध्य मुकाबला बराबरी पर खत्म हुआ तथा टाई ब्रेकिंग शोट में आखिरकार पिछले वर्ष की चैम्पियन टीम डी.पी.एस.आजाद नगर कानपुर ने अपना वर्चस्व बरकरार रखते हुये डी.पी.एस. एल्डिको लखनऊ की टीम को हरा कर अगले चरण के मैच में जगह बना ली एवं जी.डी. गोइन्का स्कूल लखनऊ ने भी अपनी प्रतियोगी टीम को हरा कर अगले चरण में जगह बना ली। यही रोमांचकारी परिस्थितियां दर्शकों को अण्डर 14 की टीमों एपेक्स इण्टरनेशनल स्कूल बेहराइच व विद्या ज्ञान स्कूल सीतापुर के मध्य हो रहे मुकाबले में देखने को मिली।

त्रियोदशी में शामिल होने निकले वृद्ध का शव नाले से बरामद

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।

शनिवार को 55 वर्षीय वृद्ध का शव मलंगा नाले के किनारे मिला। शव लगभग एक सप्ताह पुराना लग रहा है। परिजनों के अनुसार वृद्ध त्रयोदशी में शामिल होने के लिए आया था। इसी दौरान मलंगा नाले में डूबने से उनकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हथेरी के पास से मलंगा नाले के किनारे शुक्रवार की रात एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। खेतों काम करके लौट रहे किसानों को जब मलंगा नाले के पास से बदबू महसूस हुई तो वह मलंगा के किनारे पर पहुंचे। जहां उन्हें वृद्ध का शव पड़ा मिला। यह खबर जल्द ही पूरे गांव में फैल गई और वहां लोगों की भीड़ जुट गई। किसी ने वृद्ध के शव मिलने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जब शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया तो शव की पहचान हरीराम कुशवाहा उर्फ नंदलाल (55) पुत्र गंगाधर निवासी ग्राम धंजा थाना रेंढ़र के रूप में हुई। पुलिस ने इसी सूचना परिजनों को दी तो परिजन भी वहां आ गए और नंदलाल की पहचान उनके कपड़े आदि देखकर की। उनके पुत्र बलवान सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती 21 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्यामदी में उनके रिश्तेदार के यहां त्रयोदशी का कार्यक्रम था। उसी में शामिल होने के लिए पिता घर से कहकर आए थे।

बारिश से कच्चा मकान ढहा, गृहस्थी को नुकसान

राजेन्द्र यादव ने पड़ोसी के घर पर सामान रखकर लगाई प्रशासन से मदद की गुहार

सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।

सहजनवा तहसील अंतर्गत ग्राम कररिया में बारिश से हुआ भारी नुकसान रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच कच्चा मकान गिर गया। इसमें परिजन तो बाल-बाल बच गए, लेकिन गृहस्थी दबने से नुकसान हो गया। बचे सामान को परिवार ने पड़ोसी के घर पर रख दिया गया। कररिया गांव निवासी भूत पूर्व प्रधान राजेंद्र यादव मजदूरी कर परिवार का भरणपोषण कर रहे हैं। राजेन्द्र यादव अपनी पत्नी साथ कच्चे मकान में रहते हैं। दो दिन से हो रही बारिश में कच्चा मकान दरक गया। शनिवार सुबह मकान पूरा ढह गया। गनीमत रही कि उस समय पूरा परिवार बाहर था, इससे जनहानि से बच गए। लेकिन गृहस्थी का पूरा सामान दबने से परिवार का बड़ा नुकसान हुआ है। वही आपको बताते चलें कि राजेन्द्र यादव ने पड़ोसी के घर पर सामान रखकर प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। उन्होनें ये भी बताया कि सरकारी आवास योजना का भी लाभ नहीं मिला है।

उक्त संदर्भ में जब लेखपाल जीत कुमार कनौजिया से बात हुई तो उन्होंने बताया मौके पर जाकर नुकसान का आंकलन कर आपदा कोष से सहायता दिलाई जाएगी।

बंद पड़ा काऊ मिल्क प्लांट जल्द होगा शुरू: धर्मपाल सिंह

- दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने काऊ मिल्क प्लांट का किया निरीक्षण
- प्लांट बंद होने के लिए अफसरों को फटकारा
- अब समितियों के माध्यम से होगी दूध की खरीद

बंद पड़े काऊ मिल्क प्लांट का निरीक्षण करते दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

प्रदेश शासन के पशु पालन एवं दुग्ध विकास राज नैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह ने शनिवार को उमर्दा स्थित बंद पड़े काऊ मिल्क प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि किसी भी अफसर ने ईमानदारी से इस बंद पड़े प्लांट को चालू कराने का कोई प्रयास नहीं किया। जिस बजह से यह प्लांट कुछ बर्षो से बंद पड़ा है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित को देखते हुए जल्द ही इस बंद पड़े प्लांट को शुरू कराने जा रही है। पशु पालन एवं दुग्ध विकास मंत्री शनिवार की दोपहर को काऊ मिल्क प्लांट के एमडी आनन्द कुमार सिंह, जीएम अमित यादव, प्रभारी वित संजय भारती, प्रभारी ऑपरेशन कमल किशोर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.कर्णवीर सिंह के साथ बंद पड़े काऊ मिल्क प्लांट पर पहुंचे। यहां उन्होने प्रोडक्ट लैब टेस्टिंग, मिल्क पाउच पैंकिग प्लांट, कन्ट्रोल रूम, बटर सेक्शन, आरसीएम सेक्शन, यूएचटी पैंकिग, सीआईपी सेक्शन का निरीक्षण किया। मौजूद अफसरों से कहा कि प्लांट बंद होने के कारण करोड़ो की लागत से खरीदी गई मशीने खराब हो रही है। अभी तक किसी भी अफसर ने इस प्लांट को शुरू कराने के लिए गंभीरता से कोई प्रयास क्यों नहीं किया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होने कहा कि हर समस्या समाधान लेकर आती है। जल्द ही इसका भी समाधान हो जाएगा। प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए लगातार काम कर रही है। जल्द ही यह बंद प्लांट भी शुरू होगा। इसे समितियों के माध्यम से चलाया जाएगा। समितियों के माध्यम से ही दूध की खरीद भी होगी। उन्होने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता निराश्रित गौवंशो को संरक्षण देने की है। इसी बजह से सरकार ने गौशालाओं में मौजूद पशुओं के लिए प्रतिदिन 30 रूपए के स्थान पर 50 रूपए का भुगतान देने का ऐलान किया है।

पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने दिखाया हुनर

छात्रा को पुरस्कृत करते डॉ वरुण कटियार — समृद्धि न्यूज

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम ए डॉ वरूण सिंह कटियार के द्वारा क्षेत्र के शीतला देवी इंटर कालेज डिगसरा में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को नशावृत्ति संबंधी सलाह, चोट एवं हिंसा से बचाव, पोषण सलाह, मानसिक स्वास्थ्य सलाह जैसे विषयों पर पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। जिसमे 20 बच्चो ने प्रतिभाग किया। तीनों श्रेणी में प्रथम आए छात्र- छात्राओं को विशेष पुरुस्कार एवं समस्त प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। पोषण सलाह पर शालू, घरेलू हिंसा पर कल्पना और नशावृत्ति पर आंशी को प्रथम पुरुस्कार दिया गया। डॉ वरुण सिंह कटियार द्वारा सभी बच्चो को स्वास्थ्य, पोषण संबंधी सलाह दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम रही।

खबरें चलते-चलते

भगत सिंह को जयंती पर किया गया याद

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के मोहल्ला रामगंज फर्रूखाबाद रोड स्थित गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। प्रबंधक, शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प व माला अर्पित कर नमन किया। शनिवार को आयोजित गोष्ठी के दौरान प्रबंधक व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में सरदार भगत सिंह के अप्रतिम योगदान पर चर्चा करते हुए उन्होने छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। बताया कि व्यक्तित्व व कृतित्व से हम सभी को प्रेरणा लेकर देश व समाजहित में एकजुटता से कार्य करना चाहिए। तभी हमारा देश व समाज की एकता में अनेकता की माला मजबूत होगी। इस दौरान रामप्रकाश, सतीश चन्द्र, सुरेन्द्र नाथ मिश्र, अतुल मिश्र, श्रुति मिश्रा, गजेन्द्र सिंह यादव, शिव कुमार वर्मा, जबर सिंह, आर्यन अग्निहोत्री सहित शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

विश्व रैबीज दिवस पर कार्यशाला आयोजित, दी जानकारी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर उप पशु चिकित्सालय तिर्वा में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कारण वीर सिंह की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा सभी पैरावेटों एवं पशुपालन विभाग के कर्मचारियों को रैबीज के लक्षणों, बचाव के उपायों तथा टीकाकरण संबंधी बातों एवं सावधानियों से अवगत कराया गया एवं पूरे जनपद में इनका प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी तिर्वा एवं उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी कन्नौज भी उपस्थित रहे।

11 बर्ष पूर्व फरार हुए कैदी के मामले की मजिस्ट्रेटी जांच शुरू

- डीएम ने एसडीएम तिर्वा बनाया जांच अधिकारी

तिर्वा। राजकीय मेडिकल कॉलेज से करीब 11 बर्ष पूर्व जिला कारागार में निरूद्ध एक कैदी के फरार हो जाने के मामले में मजिस्ट्रेटी जांच शुरू कर दी गई है। इसके लिए एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ला ने जांच अधिकारी बनाया है। एसडीएम ने बताया कि फर्रूखाबाद जिले के थाना नबावगंज के भगौना गांव निवासी सत्यवीर पुत्र नत्थूलाल जिला कारागार अनौगी में निरूद्ध था। उसकी तबीयत खराब होने पर पुलिस अभिरक्षा में 09.10.2013 को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। यहां से वह इलाज के दौरान ही पुलिस को चकमा देकर 14.10.2013 को फरार हो गया था। उन्होने कहा कि इस मामले में किसी को भी कोई जानकारी हो, तो उनके कार्यालय में आकर अपने बयान दर्ज करा सकता है।

समाधान दिवस में सीओ व एसडीएम ने सुनी समस्याएं

कोतवाली में समस्या सुनते एसडीएम उमाकांत तिवारी — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

- पुलिस संबंधी एक शिकायत का हुआ निस्तारण

शासन के निर्देश पर स्थानीय कोतवाली में उप जिलाधिकारी छिबरामऊ व क्षेत्राधिकारी सिटी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 15 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखी। पुलिस संबंधी एक शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी छिबरामऊ उमाकांत तिवारी व सीओ सिटी कमलेश कुमार के समक्ष 12 राजस्व व 03 पुलिस संबंधी शिकायतें आई। इसमें से पुलिस संबंधित 01 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित राजस्व व पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं को समय रहते निर्धारित करने का कार्य करें। निस्तारण में फर्जीवाड़ा पाए जाने पर संबंधित राजस्व कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कोतवाल आलोक कुमार दुबे, कानूनगों कौशलेंद्र दुबे, द्वितीय कोतवाल शैलेंद्र कुमार, कस्बा प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह, देवी शरण साहू, बनियानी चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप, रामाश्रम चौकी प्रभारी हरीश कुमार, सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, नौरंगपुर चौकी प्रभारी प्रमोद तिवारी, लेखपाल यज्ञदत्त यादव, कौशल पांडेय, रोहित यादव, अतुल प्रताप सिंह, राहुल यादव आदि राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

भूमि पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम एक दिन की लीला के लिए भूमि पूजन रामलीला कमेटी द्वारा किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम कि दिन की लीला के लिए आज प्रथम दिन तालग्राम चौराहा से भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए गाजे बाजे के साथ रामलीला ग्राउंड पर भूमि पूजन के लिए विधि विधान से रामलीला कमेटी अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा महामंत्री वरुण प्रताप सिंह नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोज दुबे टीटू अग्निहोत्री शनि अग्निहोत्री सोनू अग्निहोत्री प्रेम मुरारी दुबे शाहिद सैकड़ो श्रद्धालु ने पूर्णावती में भाग दिया।

जिलाध्यक्ष ने किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन करने दी चेतावनी

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

भारतीय किसान यूनियन किसान के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने किसान सेवा सहकारी समिति पर पहुंचकर खाद के लिए किया प्रदर्शन। किसान सेवा सहकारी समिति छिबरामऊ पूर्वी पर पहुँच कर किसानों को डी ए पी, एन पी के, यूरिया की कमी होने की बजह से भटकना पड़ रहा है और दुकानों पर कालाबाजारी हो रही है समितियों पर किसानों को नकद खाद वितरण का न होना और सचिवों की मनमानी के कारण किसान अत्यधिक परेशान है भारतीय किसान यूनियन किसान के जिला अध्यक्ष राजा शुक्ला ने कहा कि समस्या का समाधान दो दिन में न हुआ तो भारतीय किसान यूनियन किसान डीएम का घेराव करेगी।

दुर्घटना में दो युवकों की मौत, रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। पुलिस भर्ती परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन के चालक ने हाइवे पर टक्कर मार दी थी। इससे दोनों की मौके पर मौत हो गई थी। मामले में मृतक के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना छिबरामऊ के ग्राम तुलसीपुर निवासी सरोज कुमार पुत्र बलबीर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पुत्र सुरजीत अपने साथी जिला व थाना मैनपुरी ग्राम ब्यूटीखुर्द निवासी राहुल पुत्र अनिल कुमार के साथ 24 अगस्त को कानपुर से पुलिस परीक्षा देकरघर लौट रहा था। तभी गुरसहायगंज की तरफ समधन हाईवे कट के पास रात लगभग 11 बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इससे घटना स्थल पर ही सुरजीत व राहुल की मौत हो गई थी। जिससे परिवार सदमे में आ गया था। कोतवाली पुलिस ने वाहन के अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सफाई कर्मी देते हमें स्वास्थ्य सुरक्षा, है वो वास्तविक मित्र

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष सफाई अभियान चल रहा है जिसमें प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मियों की टुकड़ी बनाकर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। एक टुकड़ी जब गांधी नगर वार्ड के मोहल्ला बनवारी नगर में पहुंची तो वहां संचालित उड़ान संस्कारशाला के बच्चों ने सफाई कर्मियों को चॉकलेट देकर गली मोहल्ले में सफाई रखने को लेकर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने कहा कि सफ़ाई मित्रों के योगदान को स्वीकार करने और सम्मानित करने के लिए भारत सरकार ने पाक्षिक स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान शुरू किया है उन्होंने कहा कि एक तरफ जब हजारों लोग सोये हुए होते है तो वही दूसरी तरफ बिना सर्दी और गर्मी की चिंता किये हुये सफाई कर्मी गली और मोहल्ले को साफ करते है, बरसात में ये जिम्मेदारी और बड़ जाती है। धूल, मलबा, सड़न, दुर्गंध से लड़कर तमाम संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने वाले सफाई कर्मी समाज के वास्तविक मित्र है। इसलिए सरकार ने अब सफाई कर्मियों को सफाई मित्र संबोधन दिया है। इस अवसर पर अभिजीत, आध्या, यश, नैतिक, पीयूष, अथर्व, आरव, आयुष, सूर्यांश, अभिनव, वरिष्ठ, नैना,, वाशु, युवराज, आर्यन, कुणाल, आशुतोष, दीपांशी, रिया, रिचा , गुड्डू, इत्यादि मौजूद रहे।

जर्जर तार व पोल को लेकर सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

एसडीओ को ज्ञापन सौंपते सभासद — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

- एसडीओ से की खतरनाक विद्युत पोल हटवाए जाने की मांग

नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के सभासदों ने विद्युत उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर झूलते तारों व जर्जर पोलों की समस्या के निस्तारण की मांग की। शनिवार को नगर के पावर हाउस पहुंचकर सभासदों ने विद्युत उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सभासदों ने बताया कि नगर के मोहल्ला राजीव नगर में सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय के पास एक विद्युत का पोल लगा हुआ है। जो कि नीचे से बिल्कुल जर्जर हो चुका है एवं बिजली के तार काफी नीचे झूलते रहते हैं। इससे कभी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। लगभग 02 वर्ष पूर्व भी इसी विद्युत पोल में करंट उतरने से मोहल्ले के दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जनहित में इस विद्युत पोल को हटाया जाना अति आवश्यक है। इस मौके पर सभासद जितेंद्र गुप्ता (जीतू), दीपक गुप्ता, संतोष गुप्ता, सिराज अहमद, शहंशाह, परमजीत, वीरेंद्र गुप्ता, शिव गुप्ता, भैयालाल दुबे, चरणजीत आदि मौजूद रहे।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण को लेकर डीएम ने की बैठक, दिए निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण, यूविन पोर्टल एवं आयुष्मान कार्ड के संबंध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि लोगो की सुरक्षा चक्र संबंधी सभी कार्य समय से करें। सभी चिकित्सा केन्द्रो में दवाओं एवं वैक्सीनेशन की उपलब्धता रहना चाहिये। जो वैक्सीनेशन का प्रोटोकाल है। उसी के हिसाब से वैक्सीनेशन किया जाये। कहा कि यूविन पोर्टल में सभी बच्चो का डाटा है। जिस गावं में वैक्सीनेशन हेतु टीम जाये, दो दिन पूर्व ही गांव में सूचना दे दी जाये। शत- प्रतिशत बच्चो का बीसीजी वैक्सीनेशन किया जाये। सभी क्षेत्र में वैक्सीनेशन का वेरीफिकेशन समय से किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग के तीसरे चरण में रोगो से ग्रस्त मरीजो की स्क्रीनिंग भी होगी। समय से संसाधन उपलब्ध हो जिसके लिये जिम्मेदार अधिकारी नामित किया जाये। संचारी रोग नियंत्रण हेतु विशेष ध्यान देकर स्वास्थ्य, पंचायती एवं नगरी निकाय द्वारा समन्वय स्थापित कर साफ-सफाई, फॉगिंग, जलभराव खत्म करने आदि उपायों पर जोर दिया जाये। उन्होनें कहा कि सीनियर सिटीजन के आयुष्मान कार्ड (ग्रामीण) 12143 लक्ष्य के सापेक्ष 1485 एवं शहरी में 14265 लक्ष्य के सापेक्ष 1554 बनाये गये हैं, इसी प्रकार पात्र ग्रहस्ती के आयुष्मान कार्ड (ग्रामीण) 164603 लक्ष्य के सापेक्ष 77378 एवं शहरी में 206035 लक्ष्य के सापेक्ष 89012 बनाये गये हैं। निर्देश दिये कि सीनियर सिटीजन एवं पात्र ग्रहस्ती के लाभार्थियो के तेजी लाकर आयुष्मान कार्ड बनाये जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विनोद कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समस्यायें सुनने के दौरान ऊंची आवाज में बात करने पर प्रधान पति पर बिफरे डीएम

- ग्राम प्रधान पति व प्रधान के खिलाफ जांच बैठाने को स्टोनो को दिये निर्देश
- निर्माणाधीन थाने के भवन का किया निरीक्षण, ठेकेदार को दिये दिशा-निर्देश
- मिट्टी खनन कर जा रहे डंपर को पकड़वाया, कार्रवाई करने की कही बात
- थाना समाधान दिवस में सुनीं समस्यायें, कई का किया मौके पर निस्तारण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

थाना समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। ग्राम प्रधान की कार्यशैली से नाराज जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को जमकर फटकार लगायी।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित थाना सभागार परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस के मौके पर जिला अधिकारी तथा पुलिस कप्तान ने पहुंचकर जनता की समस्यायें सुनीं तथा राजस्व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं शमशाबाद विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बघौना के प्रधान पति हरविंदर शाक्य उर्फ लहरे अपने गांव के एक ग्रामीण को रास्ता खुलवाने का प्रार्थना पत्र दिलवाले थाना समाधान दिवस पर आए थे। जहां ग्रामीण के द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी देख रहे थे और मौके पर लेखपाल दामिनी द्विवेदी को तलब किया। जिस पर जिलाधिकारी लेखपाल से बात करने लगे। वहीं ग्राम प्रधान तथा शिकायतकर्ता ऊंची आवाज में लेखपाल से बात करने लगे। जिस पर जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया और जिलाधिकारी ने प्रधान पति को जमकर हड़काया। वहीं उनके विरुद्ध अपने स्टेनो नीरज कुमार को जांच बैठाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस प्रधान के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से जांच बैठाई जाए और प्रधान पति के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं थानाध्यक्ष बलराज भाटी को बुलाया और बताया कि इस गांव के लोग ज्यादा बदमाश टाइप हैं। इन पर कार्रवाई की जाए। वहीं जब जिला अधिकारी थाना समाधान दिवस में जा रहे थे, तभी उनके सामने खनन कर डंपर गुजर रहा था। जिस पर जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया। उन्होंने अपने काफिले को रुकवा लिया तथा डंपर को पकड़वाकर पेट्रोल पंप पर खड़ा करवा दिया। वहीं थाना अध्यक्ष को बताया कि खनन इंस्पेक्टर को बुलाकर डंपर के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। वहीं सभी राजस्व निरीक्षकों तथा लेखपालों को निर्देश दिए कि खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस क्षेत्र में खनन होता पाया जाएगा उसे क्षेत्र के लेखपाल तथा राजस्व निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना पुलिस पर भी कार्रवाई की जाएगी। राजस्व निरीक्षकों को बताया कि यह खनन उनके रोके से नहीं रुक रहा है तो वह तत्काल सूचना थाना पुलिस को दें और यदि थाना पुलिस भी कार्रवाई नहीं करेगी तो सभी राजस्व तथा पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी, लेकिन खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

वहीं जिला अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित थाने के भवन के निर्माण की गुणवत्ता पर भी ठेकेदार से वार्ता कर अधिकारियों से अच्छी गुणवत्ता से भवन निर्माण करने की बात कही। वहीं थाना अध्यक्ष बलराज भाटी को निर्देशित करते हुए बताया कि वह लगातार ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे कार्य पर नजर रखें यदि कोई कार्य खराब होता है तो आलाधिकारियों को सूचना दें। इस मौके पर जिला अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, एसडीएम कायमगंज, थाना अध्यक्ष बलराज भाटी, दरोगा इंद्रजीत सिंह, संतोष कुमार, दीवान वीरेंद्र सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा तथा राजस्व निरीक्षक में लेखपाल भी मौजूद रहे।

थाना दिवस में समस्यायें सुनते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में 968 मरीजों को दी गयीं दवाइयां

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार लगातार सजक बनी हुई है। कोई गरीब लाचार बेबस या जरूरतमंद इलाज के अभाव में समस्या से ग्रसित ना हो इसके लिए लगातार योजनाएं चलाकर सरकार कैंप का आयोजन कर गरीब मरीजों तक दवाई पहुंचने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को अमृतपुर के ब्रह्मदत्त द्विवेदी विद्यालय के प्रांगण में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयुष सोसायटी के कार्यक्रम संचालन में आयुर्वेदिक, यूनानी, योग प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथिक चिकित्सा के कैंप का आयोजन किया गया। निःशुल्क सार्वजनिक मेडिसिन वितरण प्रणाली में इस कैंप में दूर-दूर तक के मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। नोडल अधिकारी डॉक्टर शिवम गुप्ता एवं मुख्य अतिथि विधायक सुशील कुमार की देखरेख में कार्यक्रम में 968 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं। आयुर्वेद के डॉक्टर गौरी शंकर व डॉक्टर शेफाली ने 381 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी। यूनानी डॉक्टर मोहम्मद अशफाक ने यूनानी पद्धति से 201 मरीजों को देखा। होम्योपैथिक के डॉक्टर सुरेंद्र ने 284 मरीजों को दवाइयां दी और 102 मरीजों को योग का माध्यम दिया। कुल मरीजों में वितरित की गई दवाइयो में अधिकतर मरीज बुखार, जुकाम, खांसी एवं उदर रोग से पीड़ित थे। अधिकतर मरीज चर्म रोग के भी पीड़ित पाए गए। इन मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी गई और मर्ज से बचने के उपाय भी बताए गए।

गंगा पार क्षेत्र इस समय बाढ़ की समस्याओं से ग्रसित चल रहा है। अब गंगा एवं रामगंगा में जलधाराएं अपने मुकाम पर वापस लौट रही हैं। जिससे सैलाब की स्थिति में बदलाव हुआ है, परंतु इसी सैलाब के चलते 2 महीने से अधिक जल भराव के कारण वातावरण दूषित हुआ और मरीजों में वायरल, टायफाइड, मलेरिया, सामान्य बुखार से लेकर चर्म रोग की समस्याएं पैदा हो गई। मरीजों में दवाइयां प्राप्त करने वाले मरीज राम भरोसे, गंगाराम, दीपक, राजेश, गोविंद, अंकित, जुबेर, लालाराम, राजेश, निवास और महिलाओं में रूपाली, रामरानी, राजरानी, सुनीता, देवकी, हार्दिक आदि शामिल थे। दूरदराज गांव परतापुर, दौलतियापुर, लीलापुर, हरसिंहपुर, अमृतपुर, बलीपट्टी, नगला हुसा, रमहुआ, कलेक्टर, तौफीक आदि गांव से मरीज ने कैंप में पहुंचकर निःशुल्क दवाइयां प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ उठाया।

कैंप में दवायें प्राप्त करते मरीज — समृद्धि न्यूज

अय्याश पति से पीड़ित महिला ने डीएम से लगायी गुहार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पति से परेशान महिला ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय दिलाने की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार खुशनुमा पत्नी इकरार निवासी मकान नंबर-330 मोहल्ला शीशमबाग थाना कोतवाली फतेहगढ़ ने जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रार्थिनी के पति जो जिलाधिकारी के कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात हैं। जो प्रार्थिनी को परेशान करने के साथ-साथ अन्य कई महिलाओं से सम्बन्ध हैं। मेरे पति रिश्तेदारों से करीब 20 लाख रुपये उधार लेकर महिलाओं पर खर्च कर चुके हैं। जबकि मुझे खर्चा पानी नहीं देते हैं और मारपीट कर भूखा प्यासा रखते हैं। कुछ दिन पहले इकरार ने अपने मोबाइल की सिम मेरे मोबाइल में डाली, तभी मुझे मो0नं0 9807016489 जो किसी लड़की का था उसने मेरे नंबर पर फोन किया और कहा कि हम और इकरार आपस में प्रेम करते हैं, लेकिन मेरी शादी रुक गयी है। अब हम इकरार का साथ छोड़ देंगे। जब प्रार्थिनी द्वार उपरोक्त महिला से उसका नाम, पता पूछा गया, तो उक्त महिला ने अपना नाम नम्रता बताया। तब से कई बार उक्त नम्रता प्रार्थिनी को गाली-गलौज कर धमकी देती है, क्योंकि इकरार अय्याश किस्म का व्यक्ति है। उसने कहीं का मुझे नहीं छोड़ा है। उसने कई लोगों से लाखों रुपया उधार ले रखा है। आज सुबह नम्रता ने मेरे पास फोन किया कि आज तुझे किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे तथा तेरे ही पति से तेरी हत्या करवा देंगे, नहीं तो तू अपने पति को छोड़कर चली जा। आज कोतवाली के बाहर नम्रता अपने साथ 10-12 महिलाओं को लेकर आयी और मुझे जानमाल की धमकी दी।

जन आरोग्य मेले में ग्रामीणों ने कराया अपना स्वास्थ्य परीक्षण

जन आरोग्य मेले में दवायें लेते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शासनादेश के अनुसार हर चौथे शनिवार को जन आरोग्य मेला लगाया गया। इस दौरान एंटी रैबीज दिवस भी मनाया गया। जिसमें सैकड़ों लाभार्थियों ने अपने चेकअप कराए। स्वास्थ्य चेकअप के बाद लोगों ने दवाइयां लीं। इस मौके पर डॉक्टर वशिष्ठ कटियार, फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव, अजय कुमार, राजीव कुमार, अजीत कुमार, मिथिला देवी, अखिलेश पांडे, सुनील शुक्ला, दिलीप सिंह, अंगूरी देवी, हरनाम सिंह यादव आदि समस्त स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा रैबीज-डे पर लोगों को जागरुक किया।

नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सभासदों ने तीन महीने का आय व्यय का मांगा ब्यौरा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 शरद गंगवार ने बोर्ड की बैठक बुलाई। जिसमें सभासदों ने नगर पालिका में जून, जुलाई व अगस्त के माहीने में हुए आय व्यय के ब्योरो की प्रतिलिपि मांगी। इस दौरान सभासदों ने समस्त वार्डो मे स्थित संपत्तियों के होने वाले जीआईएस सर्वे का विरोध किया। उनका कहना है कि होने वाले सर्वे की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाए। इससे उन्हें जानकारी प्राप्त हो सके। बाबू राम भुवन ने बताया कि तीन माह के आय व्यय पर सहमति हो गई, जबकि सर्वे के मुद्दे पर सहमति न होने पर उसे अगली तारीख तक स्थागित किया गया। बैठक में अवनीश, गौरव, उत्तम, शाहिद, रविन्द्र, सौम्या गुप्ता, गीता देवी, पूनम, किरन शाक्य, पूजा शुक्ला सहित तेरह सभासदों ने विरोध किया।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत छात्र-छात्रों को दिलायी गयी शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

आबकारी आयुक्त एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 सचिन त्रिपाठी व क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे द्वारा मय स्टाफ जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़, राष्ट्रीय जनता इंटर कॉलेज फतेहगढ़ तथा कायमगंज क्षेत्र के इंटर कॉलेजो में दिनांक 25.09.2024 से 02.10.2024 तक चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशे के विरुद्ध शिक्षकों एवम छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी गयी एवं नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में सभी को अवगत कराते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही कहा गया कि नशा एक गम्भीर सामाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशीले पदार्थो के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। नशा किसी प्रकार का भी हो व्यक्तित्व के विनाश, निर्धनता की वृद्धि और मृत्यु के द्वार खोलता है। इस के कारण परिवार तक टूट रहे हैं। आज का युवा शराब और हेरोइन जैसे मादक पदार्थों का नशा ही नहीं बल्कि कुछ दवाओं का भी इस्तेमाल नशे के रूप में कर रहा है। इस आसुरी प्रवृत्ति को समाप्त करना परमावश्यक है।

बच्चों को शपथ दिलाते जिला आबकारी अधिकारी व अन्य

खबरें चलते-चलते

पूर्व चेयरमैन की भतीजी का बर्मिंघम विश्वविद्यालय लंदन में छात्रा के रूप में चयन

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज। शमशाबाद निवासिनी सारा अफजाल पुत्री अफजाल अहमद फारूकी का प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय बर्मिंघम लंदन लोक एवं पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान में परास्नातक हेतु चयन हुआ है। सारा अफजाल को 30 सितम्बर को विश्वविद्यालय में ज्वाइन करना है। इसलिए वे रवाना हो गई है। सारा अफजाल नदीम अहमद फारूकी की भतीजी हैं। सारा अफजाल की प्रारंभिक शिक्षा शमसाबाद में हुई। इसके उपरांत कक्षा 6 में अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय वूमेन्स कॉलेज में प्रवेश हुआ। तत्पश्चात् भू विज्ञान में स्नातक किया। सारा अफजाल ने गंगा, यमुना व काली नदी में एंटीबायोटिक के कारण जैव प्रतिरोध का अन्वेषण किया था। जिसके कारण केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की प्रतिष्ठित नेशनल थिसिस चैम्पियनशिप अनुदान मिला था और सारा अफजाल के इस उच्च स्तरीय कार्य के लिए मंत्रालय द्वारा प्रशंसा की गयी। जिससे बर्मिंघम विश्वविद्यालय में विश्व स्तरीय कोर्स में चयन में सहायता मिली। सारा अफजाल के उत्कृष्ट योगदान और उच्च शिक्षा हेतु प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में चयनित होने पर क्षेत्रवासियों में प्रसन्नता भी व्यक्त की। ज्ञात हो नदीम अहमद फारूकी के छोटे भाई डा0 दाऊद सलीम ने लंदन स्थित प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय ऑक्सफोर्ड से मनोविज्ञान में डॉक्ट्रेट की है।

नौकरी लगवाने के नाम पर 1 लाख 80 हजार ठगे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नौकरी के नाम पर युवक से लाखो रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने फतेहगढ़ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार शिवेंद्र सिंह पुत्र स्व0 उदयवीर सिंह निवासी बिजाधरपुर ने कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके अशोक कुमार पाल पुत्र नन्हें लाल पाल निवासी म0नं0 1/386 मोहल्ला हाथीखाना थाना कोतवाली फतेहगढ़ से अच्छे संबंध थे। मैंने अशोक कुमार पाल व उनके पुत्र अचलेश पाल और अमनपाल के कहने पर 1 लाख 80 हजार रुपये यह कहते हुए ले लिये कि मैं तुम्हारी नौकरी बिजली विभाग में जेई के पद पर लगवा दूंगा। रुपये लेने के बाद उन्होंने नौकरी नहीं लगवायी। जब मैंने पैसा मांगा, तो पैसा देने में भी आनाकानी करने लगे। ज्यादा कहने पर एक चेक संख्या-188806 दिनांक 03.05.2024 को दी। जब मैं उक्त चेक बैंक में लगायी, तो खाते में पैसा न होने की वजह से वापस कर दी गयी। ऐसे करते करीब तीन माह गुजर गये। जब मैंने पुलिस से शिकायत करने की धमकी दी, तो कहा कि मेरी नौकरी चली गयी। जिस पर पुनः चेक संख्या 188815 दिनांक 02.082024 को दो। जब मैंने उक्त चेक को अपने खाते में लगाया, तो पुनः चेक बाउंस हो गयी। जब मैंने अशोक कुमार पाल से कहा, तो वह धमकी देने लगे। जिस पर दिनांक 26.09.2024 को सुलह समझौता केंद्र में वाद दायर किया। जिसका नोटिस उनके घर गया, तो उनके बड़े लगे अमनपाल का मेरे मेरे मोबाइल पर फोन आया और धमकी दी कि अगर तू पैसे मांगेगा, तो तुझे जान से मार दूंगा। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

सड़क के किनारे पड़ा मिला डीसीएम चालक का शव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सड़क किनारे शराबी डीसीएम चालक का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट क्षेत्र के ग्राम पपियापुर के निकट सड़क के किनारे कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम मदनपुर निवासी 45 वर्षीय जेलर यादव का शव पड़ा मिला। उसके मुंह से खून की उल्टी हुई। घटना के समय जेलर यादव का चचेरा भाई संजीव यादव भी साथ में था। जेलर के पास खुद की डीसीएम है। जिसे वह स्वयं चलाता था। वह शराब पीने का भी आदी था। थानाध्यक्ष अमोद कुमार सिंह व आईटीआई चौकी प्रभारी दीपक सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक डीसीएम मालिक के पुत्र दीपक का रो-रोकर बुरा हाल है। आईटीआई चौकी प्रभारी दीपक भाटी ने बताया की मृतक टीबी की बीमारी से ग्रसित था तथा शराब पीने का आदी था।

बाइक की टक्कर से महिला की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला गम्भीर रुप से घायल हो गयी। परिजन उसे लोहिया अस्पताल लेकर आये। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मुन्नी देवी पत्नी महेश उम्र 55 साल निवासी मोहम्मदपुर गुलरिया थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर शनिवार को परचून की दुकान से सामान लेने जा रहा थी, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे महिला गम्भीर रुप से घायल हो गयी। परिजन उसे सीएचसी जरियनपुर लेकर गये। जहां डाक्टर ने हालत गम्भीर देखकर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका मुन्नी देवी अपने पीछे छह बच्चों को छोड़ गयी है। जिसमें मालती, कृष्ण, उपासना, नन्हीं, अंकित, सुधा है।

दो किलो गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। थाना मऊदरवाजा पुलिस ने शातिर अभियुक्त को दो किलोग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बीते दिन उप निरीक्षक उदय सिंह, उप निरीक्षक स्वदेश कुमार मय हमराह कांस्टेबिल सौरभ व रोहित के साथ क्षेत्र में तलाश वांछित व जुर्म जरायम रोकने में मामूर थे, तभी अर्रापहाड़पुर तिराहा से रेशनाबाद रोड पर अपनी-अपनी मोटर साइकिल से जा रहे थे, तभी पुरानी ईदगाह के पास रोड के किनारे हाथ में थैला लिये एक व्यक्ति खड़ा मिला। जो कि पुलिस को देखकर सकपकाकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे दौड़कर पकड़ लिया। नाम पूछने पर उसने अपना नाम इरफान उर्फ छोटू पुत्र सुलेमान निवासी मोहल्ला अस्तबल तराई थाना मऊदरवाजा बताया। उपरोक्त आरोपी एक शातिर अपराधी है। जिस पर थाना मऊदरवाजा में कई मुकदमे पंजीकृत हैं। तलाशी लेने पर उसके पास से थैली में दो किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मु0अ0स0 210/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

गांव उखरा में गजरा बुलडोजर, दर्जनों आशियाने किये गये जमींदोज

- बिजली प्लांट लगवाने के लिए खाली करवायी जा रही जगह
- कल ही न्यायालय ने जमीन खाली करवाने का किया था आदेश

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

बिजली प्लांट बनाने के लिए शासनादेश के तहत दर्जनों घरों पर बुलडोजर चला। जिससे गांव में हाहाकार मच गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस व प्रशासन मौजूद रहा। न्यायालय का आदेश बता रहे थे सभी।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उखरा में सरकार के द्वारा 400 बीघा में बिजली प्लांट लगाया जाना है। जिसके लिए जमीन खाली करायी जा रही है। इस दौरान दर्जनों ग्रामीणों के मकान जमींदोज कर दिये गये। कोई बबाल न हो, इसके लिए भारी पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम सदर तथा तहसीलदार सदर श्रद्धा पाण्डेय मौजूद रहीं। सर्वप्रथम रामप्रकाश यादव के घर पर बुलडोजर चला। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। बच्चे तथा महिलायें चीखने चिल्लाने लगे। आसपास के कई गांवों के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों को तत्काल प्रभाव से अपने-अपने घरों से सामान निकालने के निर्देश दिए गये, जिस पर कुछ महिलाओं ने विरोध किया, तो उन्हें महिला पुलिस ने चुप करा दिया। रामप्रकाश यादव के बाद अभिषेक एडवोकेट का घर पर बुलडोजर चलने लगा। देखते ही देखते विजयपाल के घर पर बुलडोजर चलने लगा। वहीं पड़ोस में रह रही अनीता देवी पत्नी अनु के घर पर बुलडोजर चला। जिस पर अनीता देवी चीखने चिल्लाने लगी और गहरा विरोध जताया, तभी पुलिस व प्रशासनिक हमला उन पर हावी होने लग और थाने ले जाने की बात कही। किसी को कोई मौका बोलने का नहीं दिया जा रहा था। लगातार अधिकारी ग्रामीण पर अपना दबाव बना रहे थे और बुलडोजर कार्रवाई जारी थी। वहीं नंदराम यादव के घर का लेंटर गिर जाने से उनका गृहस्थी का सामान दब गया। वहीं ब्रह्मानंद बृज किशोर के घरों पर भी बुलडोजर गरजने लगा।

पहले तो लोग बता रहे थे की बिजली प्लांट के लिए घर गिराये जा रहे हैं, लेकिन बाद में विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि गांव में हरिजन बिरादरी के जमीनों पर पट्टे भी बताए गए हैं। जिनका मामला न्यायालय में चल रहा था। पट्टे की जमीन खाली करने के लिए भी कल ही न्यायालय ने निर्देश किया था। सूत्रों के मुताबिक रघुवीर, बबलू, जयवीर, दीपक पुत्र रामकिशन, रामवीर पुत्र राम सिंह, आरती पत्नी स्वर्गीय रामनाथ, सुरेश कुमार, रमेश सिंह आदि कई ग्रामीणों के वहां पर पट्टे भी बताए गए हैं। इस दौरान ग्रामीणों से अधिकारियों की नोकझोक भी हुई। खबर लिखे जाने तक गांव में बुलडोजर की कार्रवाई चल रही थी। वहीं आला अधिकारियों में एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे, सीओ सिटी आरके वर्मा तथा जनपद के समस्त थानों का पुलिस फोर्स, क्षेत्रीय लेखपाल, क्षेत्रीय कानूनगो के अलावा दर्जनों राजस्व कर्मी लगातार कार्रवाई कर रहे थे। वहीं ग्रामीण अपने घरों में गेहूं, अनाज, भूसा, जानवर आदि बचाने में जुटे हुए थे और अधिकारियों से लगातार गुहार लगा रहे थे कि हमको एक-दो दिन का टाइम दे दिया जाए। जिससे कि वह अपना सारा सामान निकाल सके, लेकिन अधिकारी कोई भी बात सुनने को राजी नहीं थे। इस दौरान रामऔतार सिंह यादव, रामवीर सिंह यादव, रामकिशोर सिंह यादव, अनिल कुमार यादव, रामकुमार यादव, कृष्ण कुमार यादव, बबलू यादव, संजू यादव, अभिषेक यादव, अन्नू यादव, समर यादव, हेमराज यादव, गोविंद यादव, हाकिम सिंह यादव, गंगा सिंह यादव, ब्रह्मानंद सिंह यादव, ब्रह्म किशोर यादव, सनोज यादव, राजीव यादव, राम किशन यादव, रामनिवास यादव, नाहर सिंह यादव, वीरपाल सिंह यादव, ओमपाल सिंह यादव, अवनीश यादव के मकान शामिल हैं।

विरोध करती वृद्ध को समझाती महिला पुलिसकर्मी — समृद्धि न्यूज

मकान की बाउंड्रीबाल ध्वस्त करती जेसीबी मशीन — समृद्धि न्यूज

तेरहवीं संस्कार में हुए विवाद में दबंगों ने किया हमला

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

बीती रात तेरहवीं संस्कार कार्यक्रम में हुई कहासुनी के बाद युवक को मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया। परिजनों ने थाना समाधान दिवस में शिकायत की। नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगला नया मौजा सितवनपुर निवासी विशाल कुमार पुत्र रामदास ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात उसके गांव में एक तेरहवीं का कार्यक्रम चल रहा था। जिस पर गांव के ही आरोपीगणों से किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। जिस पर पीड़ित के पिता रामदास के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गये। पीड़ित सुबह घायल पिता को लेकर थाना समाधान दिवस में पहुंचा और पुलिस कप्तान से गुहार लगायी। पुलिस कप्तान ने थाना अध्यक्ष बलराज भाटी को घायल व्यक्ति को तुरंत चिकित्सीय परीक्षण कराकर आरोपी बलवीर सिंह के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

क्षेत्रीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

क्षेत्रीय माध्यमिक विद्यालयी एथलेटिक्स जोन प्रतियोगिता का फतेहगढ़ पुलिस ग्राउंड में शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार व जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। एनएकेपी इंटर कालेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि एएसपी व संयोजक प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा, सह संयोजक संतोष त्रिपाठी ने मार्च पास्ट में भाग लिया। अतिथियों को बैच लगाकर स्वागत किया गया। संयोजक प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने प्रतियोगिता के निर्णायकों में केशव गंगवार, अर्जुन प्रताप सिंह, राहुल यादव, देवेन्द्र कुमार, सुब्रत शाक्य, सुनील पाल, शुभम मौर्या,

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

इंजाज अहमद, कुलदीप सिंह, जयदीप सिंह, रंजीत सिंह ने कैप लगाकर स्वागत किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लेखा विभाग में अमिताभ शंखवार, डा0 बृजमोहन, अखिलेश कुमार पाण्डेय, पुष्पेन्द्र शर्मा, अंकुर त्रिपाठी, देवाशीश पाठक रहे। मुख्य अतिथि के समक्ष 800 मीटर सीनियर बालक वर्ग दौड़ सम्पन्न हुई। प्रथम स्थान पर विक्रम, द्वितीय स्थान पर साकेत, तृतीय स्थान पर प्रशांत रहे। 800 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में मोनी प्रथम, दामिनी द्वितीय, शिवांगिकी तृतीय रही। गोला फेंक सीनियर वर्ग बालिका वर्ग में गीता

अपर पुलिस अधीक्षक को सम्मानित करते प्रधानाचार्य दिनेश वर्मा व संतोष त्रिपाठी

राजपूत प्रथम, कोमल द्वितीय, राखी तृतीय स्थान पर रही। चक्का फेंक सीनियर बालिका वर्ग में गीता राजपूत प्रथम, राखी द्वितीय, रुखसार तृतीय स्थान पर रही। लम्बी कूद जूनियर बालिका वर्ग में वैष्णवी ने प्रथम स्थान पाया। बबली द्वितीय स्थान पर रही। तृतीय स्थान पर रुखसार रही। गोला फेंक सब जूनियर बालिका वर्ग में रागिनी प्रथम, तनिष्का पाल द्वितीय, सृष्टि राजपूत तृतीय रही। गोला फेंक जूनियर बालिका वर्ग में रैनिश प्रथम, रागिनी द्वितीय, आयशा ने तृतीय स्थान पाया। लम्बी कूद सब जूनियर बालिका वर्ग में कोयल प्रथम स्थान, सेजल द्वितीय स्थान, सृष्टि राजपूत ने तृतीय स्थान पाया। 1500 मीटर सीनियर बालक वर्ग दौड़ में अमित कुमार ने बाजी मारी। पुष्पेन्द्र द्वितीय स्थान पर रहे। अविकांत तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर जूनियर बालक वर्ग में शांतनु प्रथम, निखिल द्वितीय, सौरव कुशवाहा तृतीय स्थान पर रहे। 600 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में शुभ प्रथम, अंकुर द्वितीय, आयुष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। चक्का फेंक जूनियर बालिका वर्ग में रैनिश प्रथम, रागिनी द्वितीय, अनुष्का श्रीवास्तव तृतीय रही। इस मौके पर राजेश निराला, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य, मण्डलीय अध्यक्ष महिपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, प्रमोद गंगवार, करुणेन्द्र सिंह, विनित चौहान, रामलड़ैते, आशीष सिंह, शिवओम द्विवेदी, हरिप्रकाश मिश्रा, रामविलास, सुनील कुमार, अनिल सिंह, नवाब सिंह, राकेश गुप्ता, रजिन्द्र कुशवाहा, शिव कुमार, डा0 राजवीर यादव, देवेन्द्र पाठक, निशांत यादव, मनोज कुमार, डा0 समरेन्द्र शुक्ला, नितिन यादव, राजवीर राठौर, जयवीर सिंह, सरिता शर्मा, नेमा देवी, दिलीप सिंह, संजय कुमार गिरी, करन पाल सिंह, अनिल कुमार प्रशांत कुमार, सुधेश झा, सूर्यप्रकाश शुक्ल, अजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

डीएम ने जिला स्तरीय उद्योग बंधु की ली बैठक

बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

जानबूझकर पात्रों को ऋण न देने वाले बैंकों पर एफआईआर के निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। एक्सिस बैंक के प्रतिनिधि की उदासीनता पर डीएम ने उनके उच्चाधिकारियों को लिखित रुप से सूचित करने के निर्देश दिये। एक्सिस बैंक द्वारा सरकारी परियोजनाओं में सहयोग नहीं किया जाता है। सेन्ट्रल बैंक द्वारा ई-रिक्शा की 18 एप्लीकेशन अस्वीकृत की गई। ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त को अपना डाटा दुरुस्त करने के निर्देश दिये। इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति करने पर रुचि न लेने पर डीएम ने उच्चाधिकारियों को लिखने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि बैंक आमजन को रोजगार उपलब्ध कराने में सक्रिय हो। अन्यथा असहयोग का दोषी मानते हुए उनको जनपद से निष्कासित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। एमएसएमई में 25 लाख का लोन मिल सकता है। एमएसएमई व मुद्रा लोन हेतु बैंक रुचि ले, ताकि जनपद में रोजगार का ग्राफ बढ़े। रोजगार संबंधी अधिकारी एलडीएम के साथ मिलकर बैंकों का सहयोग प्राप्त करें। यदि न मिले तो मुझे बताकर उच्चाधिकारियों को सूचित करें। जो बैंक जानबूझकर पात्रों को ऋण नहीं देते है उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाये। एफआईआर नाम सहित दोषी के विरुद्ध लिखायी जायेगी। उन्होंने आदेश दिया कि ऐसे बैंक जनपद छोड़ दे। डीएम ने एलडीएम को सप्ताहिक बैठक करने के निर्देश दिये। असहयोगी बैंकों में सरकारी जमा बंद कर दे। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

जनपद न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर का किया निरीक्षण

निरीक्षण करते न्यायाधीश — समृद्धि न्यूज

7 अक्टूबर को जनपद में रहेगें प्रशासनिक न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद

बार एसो. के सुंदरीकरण का कार्य देखकर गदगद हुए न्यायाधीश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद न्यायाधीश विनय कुमार ने न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राणा द्वारा बार एसोसिएशन में चल रहे सुंदरीकरण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। बार एसोसिएशन के सुंदरीकरण का कार्य देखकर जनपद न्यायाधीश गदगद हो गए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने जनपद न्यायाधीश एवं उपस्थित अन्य न्यायाधीशों को बताया कि बार एसोसिएशन फतेहगढ़ की सुंदरीकरण का कार्य समाजसेवी मिथिलेश अग्रवाल के सौजन्य से कराया जा रहा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राणा ने मिथिलेश अग्रवाल की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। प्रशासनिक न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद का 7 अक्टूबर दौरे के परिप्रेक्ष्य में न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अन्य न्यायाधीश सचान, एसीजीएम, सचिव नरेश सिंह यादव व कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बने रामलड़ैते राजपूत

रामलड़ैते राजपूत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग उद्योग व्यापार मंडल ने पिछड़ा वर्ग समुदाय के प्रति समर्पण और सक्रियता को देखते हुए रामलड़ैते राजपूत को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्हें 30 दिनों में जिला कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिये गये है। जसमई रोड गढ़ी अशरफ अली निवासी रामलड़ैते राजपूत के जिलाध्यक्ष बनने पर उनके शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर कर मुंह मीठा कराया। वह व्यापारियों की समस्याओं को प्रति महीने उद्योग बंधु की मीटिंग में उठाकर निस्तारण करायेंगे।

छात्राओं से छेड़छाड़ पर पहुंची पुलिस अराजकतत्वों की बाइक ली कब्जे में

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। स्कूल की छात्राओं से छेड़छाड़ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अराजकतत्वों की खोजबीन की। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बघौना इंटर कॉलेज में पढ़ने आने वाली छात्राओं के साथ अराजकतत्व ने रास्ते में छेड़छाड़ की। जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने तत्काल थाना पुलिस को मौके पर भेजा। जिस पर इंचार्ज दरोगा गिरीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अराजकतत्व भाग चुके थे। मौके पर पड़ी बाइक को थाना पुलिस ने अपने कब्जे में लिया और आरोपीगणों तलाश की, लेकिन आरोपी हत्थे नहीं चढ़े। थाना पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान उनकी बाइक से हो गई है। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि वह भविष्य में किसी भी छात्रा के साथ छेड़छाड़ ना कर सकें।

बाइकों की भिड़ंत में पांच घायल

कायमगंज,समृद्धि न्यूज। जनपद कासगंज थाना पटियाली क्षेत्र के गाँव खैजीत निवासी ग्रीश चन्द्र उम्र 48 वर्ष अपनी पत्नी बेबी व बच्चे योग्यता उम्र 5 वर्ष, दक्ष 3 वर्ष बाइक द्वारा अपनी ससुराल दूंदेमई सलेमपुर थाना कायमगंज में साले अतुल के यहाँ आया था। वापस घर लौटते समय रिटौल नहर के पास पहुँचते ही सामने से आ रहे बाइक सवार अंकित उम्र 24 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश निवासी इजौर थाना कायमगंज से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइकों पर सवार पॉच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आस पास के लोगों की मदद से घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

कवि प्रीमियर लीग में हीरो ऑफ द मैच बने फर्रुखाबाद के प्रियांशु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

ललित फाउंडेशन के द्वारा आयोजित अभिव्यंजना 3.0 व कवि प्रीमियर लीग का शुभारंभ डा0 कुमार विश्वास, अमित शर्मा, कुशल कुशवाहा, अनिल अग्रवंशी, सुदीप भोला, गौरव चौहान, प्रवीण शुक्ल सहित तमाम वरिष्ठ कवियों ने नोएडा के गौर सरोवर के ग्राउंड में किया गया। भारत के विभिन्न राज्यों के कवियों व उनकी टीमों ने हिस्सा लिया। कवि प्रीमियर लीग में फर्रुखाबाद के प्रियांशु पाण्डेय ने कबीर किंग्स टीम से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कवि प्रीमियर लीग के इस मैच में प्रियांशु पाण्डेय को हीरो ऑफ द मैच का अवार्ड दिया

खिताब प्राप्त करते प्रियांशु पाण्डेय — समृद्धि न्यूज

गया। फर्रुखाबाद के साहित्यिक व खेल जगत से जुड़े लोगों में काफी खुशी का माहौल है। इस मौके पर विशाल श्रीवास्तव, दिलीप कश्यप कलमकार, वैभव सोमवंशी, गीता भारद्वाज, राममोहन शुक्ल, वासू पाण्डेय सहित युवा साहित्यकारों ने बधाई दी हैं।

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मनायी भगत सिंह की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने शहीद-ए आजम भगत सिंह की जयंती कार्यालय पर मनायी। 117वां जन्मदिवस के अवसर पर उनके चित्र पर सभी ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये और उनके संस्मरणों पर प्रकाश डाला। शिवाजी कटियार ने कहा कि देश में जो आज भ्रष्टाचार का बोलबाला है, बंदर बांट की राजनीति है। ऐसे में शहीदों के सपनों को लोग धूमिल कर रहे है। अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। नौजवानों को शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिससे भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बन सकें। इस मौके पर कन्हैया लाल श्रीवास्तव, कुलभूषण, रामनारायन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

सामान्य ज्ञान परीक्षा का पुरुस्कार वितरण आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा सामान्य ज्ञान परीक्षा का पुरुस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह 29 सितम्बर रविवार प्रातः 11 बजे बद्री विशाल महाविद्यालय में होगा। यह जानकारी निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने दी है।

हवन पूजन के साथ फतेहगढ़ रामलीला का हुआ शुभारम्भ

हवन में आहूतियां देते पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। श्रीरामलीला कमेटी फतेहगढ़ के तत्वाधान में श्री राम निवास सब्जी मंडी फतेहगढ़ में शनिवार सुबह आचार्य दिनेश चंद तिवारी ने हवन पूजन के साथ पात्रो का पूजन कराया। संरक्षक मुन्नालाल, अध्यक्ष रवीश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष चमन टंडन, महामंत्री पंकज अग्रवाल, संगठन मंत्री अतुल मिश्रा ने हवन में आहुतियां दी एवं पत्रों का पूजन किया। इस दौरान रविंद्र कुमार, संजय रस्तोगी, राजू मिश्रा, शशांक मिश्रा, छोटे दीक्षित, अतुल गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, श्रवण कुमार चक, अमरीश चौरसिया, अमन यादव, दीपक दुबे, गिरीश बाबू बाथम, रविंद्र अग्निहोत्री आदि लोग उपस्थित रहे।

एसएस पब्लिक स्कूल में मनायी गई भगत सिंह की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

शनिवार को एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में सरदार भगत सिंह की जयंती धूम धाम से मनाई गई। चेयरमैन सुरेश चंद्र अवस्थी, मैनेजर अनुपम अवस्थी तथा डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी ने सरदार भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मैनेजर अनुपम अवस्थी ने सरदार भगत सिंह के बचपन से ही निर्भीक स्वभाव का वर्णन करते हुए उनके द्वारा खेत में बंदूके बोने का वृतांत सुनाया। संस्था के प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी ने असेंबली में बंब फेकने और साइमन कमीशन के विरोध और काकोरी काण्ड के बारे में बच्चों को बताते हुए उनके वीरता और निडरता

जयंती मनाते देवेश नारायण अवस्थी — समृद्धि न्यूज

के गुणों से प्रेरणा लेने की बात कही। कोआर्डिनेटर राहुल मिश्रा, राजेश तिवारी, प्रतिभा सिंह, पूजा, आयुषी, कशिश, सोनू सिंह आदि शिक्षकों ने सरदार भगत सिंह के स्वतंत्रता आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न प्रसंग प्रस्तुत किए। इस अवसर गौरव, हर्षित, प्रिया, वैष्णवी, आरिश, पीयूष, अविरल, श्याम, रिवांश, अक्षिता, कार्तिक, आरव, सोनल, प्रयांशी, रिशव, अनुष्का आदि अनेक बच्चे उपस्थित रहे।

नगर में धूमधाम से निकाली गई खाटू श्याम निशान यात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

श्री खाटू श्याम शोभायात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई। श्याम नगर व सातनपुर के निवासियों ने लोहाई रोड स्थित खाटू श्याम की पूजा अर्चना कर निशान यात्रा निकाली। निशान यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान खाटू श्याम के जयकारे लगाते हुए भाग लिया। डीजे की धुन पर खाटू श्याम के गीतों पर थिरकते हुए भक्तगण आगे-आगे चल रहे थे। भगवान खाटू श्याम का रथ फूलों से सजाया गया और जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया। लोहाई रोड से शुरु हुई खाटू श्याम यात्रा चौक, घुमना,

यात्रा में शामिल भक्तगण — समृद्धि न्यूज

आईटीआई से होते हुए सातनपुर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही। भक्तों ने जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर आरती उतारी। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

विधायिका डा. सुरभि ने शिवानी की भरी गोद, राजा को खिलाई खीर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से आयोजित पोषण माह के तहत नवावगंज ब्लॉक के ग्राम सिलसंडा में चौपाल लगाकर गर्भवती महिला शिवानी की गोद भराई कराई गई और छह माह के राजा और सीता को खीर खिलाकर अन्नप्रासन किया गया। कार्यक्रम में पोषक आहार वितरण के साथ बेहतर पोषण और प्रसवपूर्व जांच की जानकारी दी गई। कायमगंज विधायिका डा0 सुरभि ने कहा कि अगर मां स्वस्थ होगी तो बच्चा भी स्वस्थ होगा। इसलिए गर्भवस्था के दौरान गर्भवती महिला का विशेष ध्यान रखें, जिससे शिशु स्वस्थ पैदा हो। नवाबगंज ब्लॉक की मुख्य सेविका सुनीता उपाध्याय ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद में पोषण माह चल रहा है जो 30 सितंबर तक चलेगा। इसमें बच्चों के वजन से लेकर गर्भवती महिलाओं के गोद भराई वह किशोरियों को कैल्शियम की गोली वितरण करने समेत अन्य कार्यक्रम शामिल है। उन्होंने कहा कि गोदभराई दिवस मनाने को लेकर विभाग का उद्देश्य महिलाओं में पोषण को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। गर्भावस्था में खान-पान का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। गोद भराई के दौरान गर्भवती

महिला की गोद भराई करती डा. सुरभि

महिलाओं को पोषण पोटली दी गई। जिसमें गुड़, चना, सहजन, हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, आयरन की गोलियां आदि थीं। उन्होंने बताया कि मौसमी फलों व सब्जियों के सेवन से होने वाले पोषण लाभ के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं के परिजनों को घरों में पोषण वाटिका का निर्माण कराने की सलाह दी गई। इस दौरान एडीओ किशन पाल, सचिव कुलदीप राजपूत, बीएमएम संजीव, समूह अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित गर्भवती और धात्री महिलाएं मौजूद रहीं।

ब्लाक बढ़पुर की अनुदेशक कमेटी के अध्यक्ष बने नितिन यादव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। ब्लाक बढ़पुर की अनुदेशक कार्यकारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व मंत्री पद का चुनाव हुआ। सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कनौजिया, जिला महामंत्री अजीत कुमार, जिला कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर, जिला उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्रा, महिला जिला उपाध्यक्ष रिचा कटियार, जिला मीडिया प्रभारी अमित पाठक, जिला मंत्री सुरेन्द्र कुमार, विनय कुमार, अभिषेक शाक्य की मौजूदगी में चुनाव सम्पन्न हुआ। ब्लाक अध्यक्ष नितिन यादव, उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, मंत्री कामोद

नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण करते कमेटी के लोग

राजपूत को चुना गया। कार्यकारिणी की बैठक में अनुदेशक सुरजीत वर्मा, विजेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, नितेश शाक्य, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार, नीलांक्षली, केशरानी मौजूद रही।

मण्डलों में संतोषजक सदस्यता अभियान नहीं हो रहा: शिवमहेश दुबे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

शनिवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने संगठन पर्व के अंतर्गत जनपद में चल रहे सदस्यता अभियान की दो सत्रों के माध्यम से बैठक ली। पहले सत्र में उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों एवं दूसरे सत्र में उन्होंने जिला पदाधिकारियों, मंडल प्रवासियों एवं मंडल प्रभारियों के साथ बैठक कर पहले चरण की सदस्यता अभियान की समीक्षा की एवं दूसरे चरण के सदस्यता अभियान के लिए निर्देशित किया। शिव महेश दुबे ने बताया जनपद को सदस्यता अभियान के लिए जो लक्ष्य दिया गया था वह

कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते शिवमहेश दुबे — समृद्धि न्यूज

अपेक्षाकृत बहुत ही कम है। बहुत से मंडलों में संतोषजनक कार्य नहीं दिखाई दिया है। संगठन पर्व के माध्यम से पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चल रहा है। जनपद में भी प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। संगठन में पदाधिकारी बनने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी, तभी वह सक्रिय भूमिका संगठन में निभा पाएगा। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा पार्टी के इस महत्वपूर्ण अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी आवश्यक है। संगठन के विस्तार के लिए सक्रिय कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिलेगी। इसके लिए सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य है जो कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य होगा, वही संगठन में दायित्वों पर कार्य करेगा। इसलिए पार्टी ने 29 सितंबर को विशेष सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। संचालन डीएस राठौर ने किया। इस अवसर पर डॉ0 वीके गंगवार, हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, फतेहचंद वर्मा, संजीव गुप्ता, बबीता पाठक, मयंक सिंह बुंदेला, जय गंगवार, अशनील दिवाकर, प्रदीप सिंह, लालाराम, कुलदीप दुबे, अजीत महाजन, विकास पांडे, हिना दवे, मनोज गंगवार, राजकुमार वर्मा, अनुराग सिंह, शिवम दुबे, रश्मि दुबे, ममता सक्सेना, हसनैन खान, शिवांग रस्तोगी, कृष्ण मुरारी राजपूत, वीरेंद्र कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

डिजिटल क्रांति ने पूर्वोत्तर में आमजन के जीवन को सरल बनाया : बिरला

एजेंसी

आईजोल। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 21वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) जोन-3 सम्मेलन का कल उद्घाटन किया था। तीन दिवसीय अपने प्रवास में ओम बिरला शनिवार को आईजोल के बड़ा बाजार पहुंचे, यहां उन्होंने स्थानीय दुकानदारों और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वरोजगार करने वाली महिलाओं से बातचीत की। इस दौरान स्पीकर बिरला ने बैम्बू से बनी हैट, आर्गेनिक फल और कुछ कलाकृति खरीदी।

स्पीकर बिरला ने क्यूआर कोड को स्कैन कर यूपीआई के जरिए भुगतान किया। बिरला ने कहा देश मे डिजिटल क्रांति ने सुदूर पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी आमजन के जीवन को सरल बनाया है। स्थानीय दुकानदारों ने उन्हें बताया कि उनके व्यवसाय का 80 प्रतिशत से अधिक भुगतान डिजिटल माध्यम से ही आता है।

डिजिटल भुगतान माध्यमों के आने से व्यापार में भी इजाफा हुआ है।फालकुन गांव में कुछ सफाई कार्यकर्ताओं ने स्पीकर बिरला के पूछने पर बताया कि वे गांधी जयंती पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के तहत अभियान चला रहे हैं । बिरला ने जब सफाई करते देखा तो वह भी स्वच्छता हेतु श्रमदान दिया । बिरला ने कहा स्वच्छता आज पूरे देश में संकल्प बन चुका है।

स्वच्छता के प्रति यहां लोगों में विशेष जागरूकता है, इससे सभी को प्रेरणा लेना चाहिए। स्पीकर बिरला तीन दिवसीय अपने प्रवास के आखिरी दिन फालकोन गांव में पंचायत प्रतिनिधियों से बातचीत किए। ग्रामीणों ने उन्हें पहाड़ी जीवन और संस्कृति के बारे में भी बताया । बिरला ने कहा कि अनेकों चुनौतियों के बावजूद यहां के लोग खुशहाल जीवन जीते है। विकास के प्रति जनप्रतिनिधियों के सकारात्मक दृष्टिकोण की बिरला ने तारीफ की। इस दौरान उन्होंने सभी को संसद भवन भ्रमण कर देश मे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझने के लिए आग्रह किया ।

इजराइल के हमले में हिजबुल्लाह सरगना हसन नसरल्लाह मारा गया

बेरूत। लेबनान पर इजराइल के अब तक के सबसे भीषण हवाई हमले में ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह का सरगना हसन नसरल्लाह मारा गया। चीन के समाचार पत्र बीजिंग डेली ने इजराइली रक्षा बलों के हवाले से एक्स हैंडल पर लिखा है- 28 सितंबर को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इजराइल के हवाई हमलों में लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह का नेता हसन नसरल्लाह मारा गया। इस हवाई हमले में हिजबुल्लाह का मुख्यालय ढेर हो गया है। इजराइल के सुरक्षाबलों ने मुख्यालय के तहखाने में छुपे समूह के सरगना हसन नसरल्लाह को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक कर आसपास के इलाके को आग के गोले में बदल दिया। इससे पहले आईडीएफ ने दावा किया था कि हसन नसरल्लाह का बचकर बाहर आना कल्पना से परे है। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार इजराइली वायुसेना ने शुक्रवार शाम लेबनान की राजधानी बेरूत में बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए।

उत्तर बिहार में बाढ़ का खतरा, गंडक बराज से छोड़ा गया 3 लाख 39 हजार क्यूसेक पानी

एजेंसी



पटना। बिहार में बीते दो दिन से अधिकतर जिलों में भारी से मध्यम दर्जे की बारिश लगातार हो रही है। इस वजह से बिहार से सटे नेपाल और उत्तर बिहार में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। शुक्रवार 12 बजे मध्यरात्रि को गंडक बराज वाल्मीकि नगर से 3 लाख 39 हजार 200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

संभावित बाढ़ को लेकर गंडक के निचले इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया है। साथ ही आज दोपहर 12 बजे कोसी बराज से 6.81 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज करने को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसकी वजह से कोशी क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ की आशंका तेज हो गई है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने अगले 24 घंटों के दौरान पांच जिलों पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, अररिया, किशनगंज और गोपालगंज में अत्यंत भारी वर्षा को लेकर रेड अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। शनिवार को आठ जिलों, दरभंगा, मधुबनी, कटिहार, भोजपुर, बक्सर, सहरसा, और समस्तीपुर जिले में भारी वर्षा को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। वर्षा के कारण नदियों में जलस्तर में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश के आसपास एक चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बना हुआ है। ट्रफ लाइन उत्तर महाराष्ट्र, उत्तर पश्चिम बिहार से होते हुए बंगाल की खाड़ी की ओर गुजर रही है। इनके प्रभाव से खासतौर पर दक्षिणी भागों की तुलना में उत्तरी भागों में अत्यंत भारी वर्षा व दक्षिणी भागों में भारी वर्षा की चेतावनी है। पटना व आसपास इलाकों में शुक्रवार को बूंदाबांदी की स्थिति बनी रही। बीते 24 घंटों में अररिया के फारबिसगंज में सर्वाधिक वर्षा 340.0 मिलीमीटर (मिमी) और राजधानी में 7.8 मिमीलीटर वर्षा दर्ज की गई। अररिया के जोकिहाट में 306.4 मिमी, किशनगंज के चरघरिया में 285.0 मिमी, अररिया के पलासी में 280.8 मिमी, अररिया के रानीगंज में 269.2 मिमी, अररिया के सिकटी में 268.4 मिमी, पूर्णिया के श्रीनगर में 246.6 मिमी, अररिया में 2.4.4 मिमी, सुपौल के राघोपुर में 203.0 मिमी, पूर्णिया के जलालगढ़ में 200.4 मिमी और पूर्णिया के ढेंगराघाट में 193.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

काशी विश्वनाथ धाम में पहली बार रामलीला मंचन

समृद्धि न्यूज

वाराणसी। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम वाराणसी के परिसर में इस वर्ष शरदीय नवरात्रि में रामलीला का दो दिवसीय मंचन होने जा रहा है। काशी रंगमंच कला परिषद, सिधौना, गाजीपुर की टीम चार अक्टूबर को धनुषयज्ञ और पांच अक्टूबर को रावण बध का लीला मंचन करेगी।

▸ काशी धाम में पहली बार रावण का अट्टहास सुनने व प्रभु श्रीराम को पिनाक पर प्रत्यंचा चढ़ाने को देखने के लिए काशी क्षेत्र के संत समाज लालायित

रंगमंच कला परिषद के रामलीला मंचन का संवाद अलग अलग भाषाओं के सात रामायण ग्रंथों से लिये गए है। अवधी और हिंदी भाषा में सभी संवाद पद्य एवं गद्य शैली में बोले जाते है। संवादों में चौपाई, सोरठा, छंद, कवित्त और सवैया का प्रयोग किया जाता है। अपने जीवंत अभिनय और भव्य मंचन, दिव्य संयोजन के लिए पूरे पूर्वांचल में ख्यातिप्राप्त रंगमंच कला परिषद सिधौना की टीम मेकअप के तौर पर पूर्ण रूप से पारंपरिक एवं पौराणिक स्वरूप में किया जाता है। इस परिषद के सभी कलाकार एवं सहयोगी सदस्य निःस्वार्थ एवं निःशुल्क रूप से लीला में सहयोग करते है। काशी रंगमंच कला परिषद सिधौना के अध्यक्ष कृष्णानंद सिंह ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम के प्रांगण में लीला मंचन करना सौभाग्य की बात है। कला परिषद की टीम देश के कई शहरों में रामचरित मानस का मंचन व संयुक्त परिवार की अवधारणा संग मानवीय मूल्यों का प्रचार-प्रसार करती है। इस लीला मंचन में उत्तरप्रदेश के कई राज्यमंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। काशी विश्वनाथ धाम परिसर में पहली बार रावण का अट्टहास सुनने और प्रभु श्रीराम को पिनाक पर प्रत्यंचा चढ़ाने को देखने के लिए काशी क्षेत्र के संत समाज एवं लीलाप्रेमी उत्सुक एवं लालायित है। उत्तरप्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा, औषधीय प्रशासन एवं आयुष राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्रा के संरक्षण में टीम ने राम लीला का मंचन किया।

भारत के हिंदुओं पर किसी कीमत पर अत्याचार नहीं होने देंगे : धीरेंद्र शास्त्री

पटना। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि कब तक हम दूसरों के भरोसे रहेंगे और दूसरों की दृष्टि से देखेंगे। भारत के हिंदुओं पर किसी भी कीमत पर अत्याचार नहीं होने देंगे। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तीन दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि 21 नवंबर से 29 नवंबर तक सम्पूर्ण भारत को एकजुट करने, ऊंच-नीच, छुआछूत मिटाने के लिए, सनातनी को एकजुट करने के लिए प्रण लिया है। घर-घर बागेश्वर बाबा बनाएंगे। 160 किलोमीटर पदयात्रा करेंगे। वह शुकवार रात बिहार के गया पहुंचे। पितृपक्ष मेला के दौरान वह अगले तीन दिनों तक प्रवास करेंगे। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि भारत में सबसे ज्यादा जहर है जात-पात, ऊंच-नीच और छुआछूत का है। भारत में शांति और क्रांति की आवश्यकता है। हम पद यात्रा करके सनातनी लोगों को एकजुट करके धर्म विरोधियों के मुंह पर तमाचा मारेंगे।

मोदी सरकार की नीतियों ने बर्बाद कर दिया युवाओं का भविष्य : खड़गे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवा विरोधी हैं और उनकी नीतियों ने युवाओं के लिए रोजगार के कोई अवसर पैदा नहीं किए हैं, जिससे देश का युवा बर्बाद हो गया है। श्री खड़गे ने आज यहां कहा, बेरोज़गारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी जी का सबसे बड़ा योगदान है। अभी आए पीएलएफएस के आँकड़ों को अगर बारीक़ी से देखें तो लाख कोशिशों के बावजूद ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है।

उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया और कहा, श्री नरेन्द्र मोदी जी को बताना चाहिए – क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी 10.2 प्रतिशत के भयावह स्तर पर नहीं है। रंग-बिरंगे नारे देने और फ़ोटोबाज़ी करने के बजाय मोदी ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए क्या किया। क्या ये सच नहीं है कि जिन महिलाओं के पास रेगुलर आय की नौकरी है उनकी संख्या अब सात वर्षों में सबसे कम होकर मात्र 15.9 प्रतिशत रह गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, क्या गाँव-देहात में अनपेड नौकरी करने वाली महिलाओं की संख्या 2017-18 के 51.9 प्रतिशत से बढ़कर अब 67.4 प्रतिशत नहीं हुई है, जो ग्रामीण बेरोज़गारी को दर्शाता है। विनिर्माण क्षेत्र पर रोज़ाना ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार ने इसमें पिछले सात वर्षों में रोज़गार में बढ़ोतरी क्यों नहीं की है।

खबरें एक नजर में

व्हाइटओक कैपिटल ने एसआईपी के बारे में दी जानकारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। व्हाइटओक कैपिटल एएमसी की पहले की एसआईपी रिपोर्ट, जिसका शीर्षक था 'एसआ ईपी, मार्केट साइकिल के टॉप पर शुरू करना बेहतर है या बॉटम पर' के तहत कंपनी ने एसआईपी टॉप पर या बॉटम पर? पर और भी जानकारियां प्रस्तुत की हैं। यह रिपोर्ट बीएसई सेंसेक्स टीआरआई के पिछले 27+ वर्षों के डेटा का विस्तृत विश्लेषण पर आधारित है और उन सभी अवधियों पर विचार करती है जब इक्विटी बाजार अपने टॉप से 20 प्रतिशत से अधिक गिरा हुआ है। यह जानना दिलचस्प है कि जबकि मार्केट साइकिल के निचले स्तर पर शुरू की गई एसआईपी के लिए प्रतिशत रिटर्न मामूली रूप से अधिक है, टॉप पर शुरू की गई एसआयपी के लिए रुपये के टर्म में वास्तविक लाभ (वेल्थ क्रिएशन) कहीं अधिक होता है एसआईपी को देर से शुरू करने की कॉस्ट ऑफ डिले लंबी अवधि में बहुत अधिक हो सकती है।

जितना अधिक समय बाजार को निचले स्तर तक पहुंचने में लगता है, उतनी ही अधिक कॉस्ट ऑफ डिले होती है, जब तक अन्य सभी चीजें समान रहती हैं लंबी अवधि में प्रतिशत रिटर्न का मामूली अंतर भी समाप्त हो जाता है, चाहे आपने टॉप पर एसआयपी शुरू की हो या बॉटम पर (पहले 6 मार्केट साइकिल्स के लिए एसआयपी के रिटर्न के अंतर को देखें, यानी लंबी अवधि में)। निवेशकों को यह ध्यान देना चाहिए कि सेंसेक्स के लिए औसत रिटर्न (01/06/13 से 30/05/23 के बीच 10 साल के रोलिंग रिटर्न का औसत लेकर गणना की गई) 12.64 प्रतिशत है और निफ्टी 50 के लिए 12.93 प्रतिशत है (स्रोत- एएमएफआई)। पिछले प्रदर्शन को भविष्य में बरकरार रखा जा सकता है या नहीं, और यह किसी भी भविष्य के रिटर्न की गारंटी नहीं है। इंडेक्स का प्रदर्शन किसी योजना के प्रदर्शन को इंगित नहीं करता।

प्रधानमंत्री ने लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर याद किया

नई दिल्ली, 28 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महान गायिका लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर याद किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया- फ्लता दीदी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। अपने भावपूर्ण गीतों के कारण वे हमेशा लोगों के दिलोदिमाग में जीवित रहेंगी। लता दीदी और मेरे बीच एक विशेष रिश्ता था। मुझे उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिवंगत गायिका के साथ अपने संबंधों को याद करते हुए एक लेख भी साझा किया।

प्रधानमंत्री ने भगत सिंह को उनकी जयंती पर याद किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को शहीद भगत सिंह को उनकी 117वी जयंती पर याद करते हुए कहा कि वे साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति थे। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक वीडियो क्लिप पोस्ट कर लिखा, मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले अमर शहीद भगत सिंह को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। प्रधानमंत्री ने वीडियो क्लिप में कहा कि वह समस्त देशवासियों की ओर से साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति शहीद भगत सिंह को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन की चिंता किये बगैर भगत सिंह और उनके क्रांतिवीर साथियों ने ऐसे साहसिक कार्यों को अंजाम दिया, जिनका देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान रहा।

घूसखोरी में कोलियरी के प्रबंधक व मजदूर गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने श्यामपुर बी कोलियरी के प्रबंधक (स्केल ई-5) और एक सामान्य मजदूर सहित दो आरोपितों को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी।सीबीआई ने श्यामपुर बी कोलियरी मुग्मा एरिया, निरसा, धनबाद के एक सामान्य मजदूर की शिकायत पर आरोपित प्रबंधक प्रवीण कुमार मिश्रा और एक मजदूर गौर रवानी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोपित प्रबंधक ने शिकायतकर्ता को उसके वर्तमान पदस्थापन स्थान मैगजीन रूम में बनाए रखने के लिए 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। आरोपित ने शिकायतकर्ता को उसी कोलियरी में एक अन्य सामान्य मजदूर को 20 हजार रुपये की रिश्वत राशि सौंपने का निर्देश दिया। सीबीआई की टीम ने रिश्वत की इस राशि को लेते हुए एक मजदूर को रंगे हाथों पकड़ लिया। बाद में सीबीआई ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के ठिकानों पर तलाशी भी ली गई।

दीपावली के पहले घट सकती है पेट्रोल व डीजल की कीमत

नई दिल्ली। इस साल दीपावली के पहले ही देश में पेट्रोल और डीजल का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) से मूल्य में कटौती का तोहफा मिल सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट और सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियां के मुनाफे में हुई बढ़ोतरी को देखते हुए यह फैसला लिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 12 सितंबर को पेट्रोलियम सचिव पंकज जैन ने भी कहा था कि अगर वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत कुछ और समय तक निचले स्तर पर स्थिर बनी रही, तो भारत में ऑयल मार्केटिंग कंपनियां पेट्रोल और डीजल की कीमत को कम करने पर विचार कर सकती हैं। दरअसल भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार से खरीदता है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑयल इंपोर्टर और ऑयल कंज्यूमर है?। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव से भारत का खजाना भी काफी हद तक प्रभावित होता है।

युवा कानूनी पेशेवर बनें परिवर्तन के वाहक : राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि एक गरीब व्यक्ति को न्याय तक उतनी ही पहुंच नहीं मिलती जितनी एक अमीर व्यक्ति को मिलती है। इस अनुचित स्थिति को बदलना होगा। उन्होंने युवा कानूनी पेशेवरों से परिवर्तन का वाहक बनने का आग्रह किया। राष्ट्रपति शनिवार को हैदराबाद में नालसार विधि विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि संविधान में हमारे स्वतंत्रता संग्राम के आदर्श जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व समाहित हैं। प्रस्तावना और मौलिक अधिकारों में निहित समानता का आदर्श न्याय प्रदान करने से संबंधित राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों में भी अभिव्यक्त होता है। निर्देशक सिद्धांतों में समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने का प्रयास किया गया है। यह राज्य को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार बनाता है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय प्राप्त करने के अवसरों से वंचित न किया जाए। राष्ट्रपति ने छात्रों से कहा कि अधिवक्ताओं के रूप में उनका कर्तव्य होगा कि वे अपने मुवक्किलों के हितों का ख्याल रखने के अलावा न्याय देने में न्यायालय की सहायता करें। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशेवर के रूप में वे जो भी भूमिका चुनें, उन्हें हमेशा ईमानदारी और साहस के मूल्यों पर टिके रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्ता के सामने सच बोलना उन्हें और अधिक शक्तिशाली बनाता है।

कानपुर टेस्ट : बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल रद्द, एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी

समृद्धि न्यूज

कानपुर। भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में चल रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। दूसरे दिन शनिवार को एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। सुबह से ही मैदान कवर्स से ढके थे। शुरुआती दिन का खेल भी बारिश से प्रभावित रहा था, जिस कारण पहले दिन केवल 35 ओवर ही फेंके जा सके।

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 107 रन बना लिये थे। मोमिनुल हक 40 और मुश्फिकुर रहीम 6 रन बनाकर खेल रहे थे। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने दो विकेट लिये। उन्होंने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (0) और शादमान इस्लाम (24) को आउट किया, जिससे बांग्लादेश का स्कोर 29 रन पर 2 विकेट हो गया। इसके बाद कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो और मोमिनुल हक के बीच 51 रन की साझेदारी हुई, जिसे रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा।

अनुभवी ऑफ स्पिनर ने शान्तो को 31 रन पर आउट किया। इसके बाद मोमिनुल और मुश्फिकुर रहीम ने बांग्लादेश की पारी को 100 के स्कोर पर पहुंचाया। 35वें ओवर के बाद खराब रोशनी के कारण खेल को रोका गया और फिर बारिश आ गई। इसके बाद पहले दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। चेन्नई में पहला टेस्ट 280 रनों से जीतने के बाद मेजबान टीम दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रही है। भारतीय टीम वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर है। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के बाद न्यूजीलैंड तीन टेस्ट मैचों के दौरे के लिए भारत आएगा।

मैक्स अस्पताल ने जागरुकता के लिए हार्ट हेल्थ फेयर का किया आयोजन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने वर्ल्ड हार्ट डे का जश्न दिल को छू लेने वाले और मनोरंजक हार्ट हेल्थ फेयर के आयोजन के साथ मनाया। इस फेयर में दिल की बीमारियों से जुड़ी कई गतिविधियां आयोजित की गईं। खासतौर पर, हॉस्पिटल ने कोरोनरी आर्टरी डिजीज के बारे में जागरूकता फैलाने और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम में एक जुम्बा सेशन का आयोजन हुआ, जिसमें लोग काफी उत्साह और जोश के साथ शामिल हुए। इसके अलावा, जीवन-रक्षक तकनीकों को सिखाने के लिए एक इंटरएक्टिव सीपीआर प्रशिक्षण बूथ भी स्थापित किया गया था। हेल्थ स्टॉल्स पर स्वस्थ हृदय के पोषण के लिए जानकारी देने के लिए विशेषज्ञ मौजूद थे। इस हार्ट हेल्थ फेयर में जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नकुल सिन्हा, डॉ. विजयंत देवनराज (कार्डियक सर्जन) और डॉ. अंबुकेश्वर सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने हृदय रोगों की बढ़ती समस्या के बारे में अपने विचार साझा किए। डॉ. नकुल सिन्हा, चेयरमैन, कार्डियोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने कहा, अब तक यही माना जाता था कि दिल की बीमारियाँ, खासकर कोरोनरी आर्टरी रोग, केवल बुजुर्गों को होती हैं। लेकिन अब यह धारणा बदल चुकी है। डायग्नोसिस के क्षेत्र में हुई तकनीकी उन्नति से पता चल रहा है कि दिल की ये बीमारियां अब छोटी उम्र के लोगों, यहाँ तक कि बच्चों और जवानों को भी हो रही हैं। ये बीमारियां अब आम हो गई हैं और तेजी से बड़ी आबादी को अपनी जकड़ में ले रही हैं।

बौद्ध सर्किट के लिए चलेगी विशेष पर्यटक ट्रेन

कुशीनगर-बोधगया-लुंबनी-सारनाथ समेत बौद्ध तीर्थ स्थलों का कराएगी दर्शन

एजेंसी

कुशीनगर। भारतीय बौद्ध सर्किट के पर्यटन सीजन के दौरान भारतीय रेलवे खानपान व पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी)ने विशेष पर्यटक ट्रेन चलाएगा। यह ट्रेन दिल्ली से चलकर बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर व लुंबनी सहित कई प्रमुख स्थलों की परिक्रमा करेगी। लक्जरी सुविधाओं से युक्त यह ट्रेन 19 अक्टूबर से लेकर अगले वर्ष 22 मार्च तक सात फेरे लगाएगी।

क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी गोरखपुर रविंद्र कुमार ने बताया कि पर्यटन विभाग स्पेशल ट्रेन के यात्रियों का स्वागत करने को तैयार है। उन्होंने बताया कि देसी व विदेशी पर्यटकों के लिए आईआरसीटीसी ने भारतीय बौद्ध सर्किट के लिए बुकिंग खोल दी है। बौद्ध सर्किट का पर्यटन सीजन के दौरान यह ट्रेन अक्टूबर 2024 से शुरू होकर 31 मार्च 25 को सात चक्कर लगाएगी। इस ट्रेन से यात्री कुशीनगर के अलावा बुद्ध के जन्मस्थल लुंबनी (नेपाल), ज्ञान प्राप्त स्थल बोधगया, प्रथम उपदेश स्थल सारनाथ के अलावा वाराणसी, कपिलवस्तु, श्रावस्ती आदि बौद्ध तीर्थस्थलों पर स्थित पुरावशेषों, स्तूप, धरोहर आदि का दर्शन कर सकेंगे।

यात्रा के अंतिम दिन पर्यटक ताजमहल के लिए प्रसिद्ध आगरा भी घूम सकेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार अक्टूबर में यह ट्रेन 19 तारीख को, नवंबर में 16, दिसंबर में 21, जनवरी में 18, फरवरी में 1, मार्च माह में 1 व 22 तारीख को दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से प्रस्थान करेगी। आठ दिवसीय यात्रा का पहला पड़ाव बोधगया, दूसरा नालंदा राजगीर, तीसरा वाराणसी सारनाथ, चौथा लुंबनी, पांचवा कुशीनगर, छठा श्रावस्ती, सातवा पड़ाव आगरा होगा। आगरा से पर्यटक दिल्ली आकर पुनः अपने गंतव्य को प्रस्थान कर जायेंगे। बौद्ध स्थलों के दर्शन के दौरान पर्यटकों के भाषा संबंधी दिक्कतों के लिए आईआरसीटीसी दक्ष एस्कार्ट व गाइड तैनात करेगी। उल्लेखनीय है कि यह स्पेशल ट्रेन बौद्ध देशों के पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। जापान, थाइलैंड, सिंगापुर, ताइवान आदि बौद्ध देशों के साथ यूरोपीय देशों के पर्यटक भी इस ट्रेन से बौद्ध सर्किट में घूमना काफी पसंद करते हैं। भारत व नेपाल में दूर-दूर तक फैले महत्वपूर्ण बौद्ध स्थलों तक एकल रूप से पहुंच पाना कठिन काम है। इस बौद्ध सर्किट स्पेशल ट्रेन से पर्यटक एक ही साथ यात्रा कर सकते हैं। बौद्ध तीर्थ यात्रियों के लिए प्रदेश सरकार सभी स्थलों पर काफी सुविधाएं दे रही है।

कम बजट के यात्रियों के लिए भी चले ट्रेन

कुशीनगर के प्रमुख बौद्ध भिक्षु अशोक ने आईआरसीटीसी स्पेशल ट्रेन चलाने की सराहना की है। उन्होंने कहा कि मध्यम बजट के पर्यटकों के लिए भी अलग से इस रूट पर ट्रेन चलाना चाहिए। उन्होंने बताया कि दर्शनों के लिए आने वाले देसी विदेशी पर्यटकों में अधिक संख्या लो बजट वालों की है। सरकार को इनकी सुविधाओं का भी ध्यान रखना चाहिए।

नारी सशक्तिकरण महिला पुलिस सम्मान से सम्मानित हुईं 78 पुलिस मातृशक्ति

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। सामाजिक संस्था नीशू वेलफेयर फाउंडेशन एवं मां गायत्री जन सेवा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से मिशन शक्ति के अंतर्गत आजादी के 78 वर्ष पूर्ण होने पर नारी सशक्तिकरण महिला पुलिस सम्मान समारोह 2024 का आयोजन संगोष्ठी भवन सभागार, रिजर्व पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित किया गया।

आयोजन में लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की 78 महिला पुलिस मातृशक्ति को उनके सामाजिक कार्यों के लिए संस्था के मंच से प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद वा पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, मुख्य वक्ता एमएलसी व चेयरमैन एस आर ग्रुप पवन सिंह चौहान, कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग एवं अति विशिष्ट अतिथि में संस्था के मुख्य संरक्षक पूर्व आई जी आर के चतुर्वेदी,एमएलसी मुकेश शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, निवर्तमान महापौर संयुक्ता भाटिया, पुलिस उपायुक्त मध्य रवीना त्यागी, पुलिस उपायुक्त महिला अपराध एवं सुरक्षा अपर्णा गुप्ता, पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त मनीषा सिंह,डायरेक्टर नीलांश ग्रुप संतोष श्रीवास्तव, लखनऊ बार एसोसिएशन महामंत्री बृजभान सिंह भानु, वाइस चेयरमैन एस आर ग्रुप पीयूष सिंह चौहान, वन स्टाफ केंद्र प्रभारी अर्चना सिंह समेत कई विशिष्ट जनों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्पेशल गेस्ट के रूप में रॉयल कैफे के डायरेक्टर संदीप अहूजा, अंशुल निगम, ठाकुर राम सिंह, समीर शेख, विशाल श्रीवास्तव, डॉ तेजस्विनी सिंह, योगेंद्र पाल सिंह भल्ला, सूरज जैसवानी, डॉ योगेश विमल,डॉ निशा सिद्दीकी, इमरान खान, डॉ सत्या सिंह आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हेतु इस प्रकार महिला पुलिस सम्मान होना गर्व की बात है।